राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 360 लखनऊ, रविवार 24 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जलभराव व बाढ़ प्रभावित जिलों में जलस्तर कम होने के साथ चलाया जाए स्वच्छता अभियान 03

ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश 09


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,01,770/ |
| 22 कैरेट | = 93,300/ |
| 18 कैरेट | = 76,340/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,20,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप भारत ने बांग्लादेश को हराया

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, फ़बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

### रांची में दो करोड़ के जाली नोट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रांची। रांची की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो करोड़ के नकली नोट बरामद किए गए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रांची चन्दन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुखदेवनगर इलाके में छापेमारी कर जाली नोट बरामद किए गए हैं। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि बिहार से एक बस में जाली नोटों के रांची लाने की सूचना डीआईजी सह एसएसपी रांची को मिली थी। जानकारी मिलने पर रातू रोड बस स्टैंड के पास बिहार से आने वाली चंद्रलोक बस की रेकी शुरू की गई।

### गडकरी और यादव ने किया नए फ्लाईओवर का उद्घाटन

जबलपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निर्मित राज्य के सबसे बड़े फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव और श्री गडकरी ने जबलपुर में चार हजार 250 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित 174 किलोमीटर लंबाई की कुल नौ सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री गडकरी ने प्रदेशवासियों के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के नवीन सड़क निर्माण कार्यों की घोषणा की। सभी कार्य 6 महीने में प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह फ्लाईओवर विकास की नई पहचान बनेगा।

### पुरी जगन्नाथ मंदिर में 15 से लागू होगी ढाड़ी दर्शन व्यवस्था

पुरी। ओडिशा के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने हेतु 15 सितंबर से ढाड़ी दर्शन (कतारबद्ध दर्शन प्रणाली) शुरू की जाएगी। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने बताया कि यह नई व्यवस्था 15 सितंबर से प्रभावी होगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मंदिर प्रबंधन समिति का गठन सितंबर के पहले सप्ताह में होने की संभावना है, जो इस संबंध में अंतिम निर्णय लेगी। कुछ श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर के मुख्य शिखर पर चढ़ने की कोशिश की घटनाओं के बाद मंदिर की सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने चेतावनी जारी की है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

### भारत-पाक सीमा पर दो तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन-ड्रोन बरामद

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर अभियान चलाकर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान एक ड्रोन और दो किलो हेरोइन भी बरामद की गयी है। सीमा सुरक्षा बल की ओर से शनिवार को बताया गया कि अमृतसर और फाजिल्का क्षेत्र में यह अभियान चलाया। फाजिल्का में बीएसएफ जवानों ने ढाणी मांग सिंह वाला के पास खेतों से 529 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी। बीएसएफ के अनुसार अमृतसर में भी सीमा पर एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रोरनवाला खुर्द में 1.160 किलोग्राम हेरोइन ले जा रहे एक डीजेआई माविक 4 प्रो ड्रोन को जब्त किया है।

---

सीएम योगी ने दो कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा

# अब हावी नहीं हो सकती माफिया प्रवृत्ति

▸ व्यापारियों, बहन व बेटियों के लिए खतरा नहीं बन सकते गुंडे : योगी

समृद्धि न्यूज



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष पूर्व तक कोई सोच भी नहीं सकता था कि उत्तर प्रदेश दंगामुक्त और माफियामुक्त होगा। पर, आज दंगामुक्त, माफियामुक्त उत्तर प्रदेश हकीकत है। अब यूपी में माफिया प्रवृत्ति हावी नहीं हो सकती। माफिया प्रवृत्ति को जड़मूल से उखाड़ दिया गया है। अब गुंडे यहां बहन, बेटियों और व्यापारियों के लिए खतरा नहीं बन सकते। अब यूपी का आमजन परेशान नहीं होता और न ही यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए भटकना पड़ता है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर में दो कल्याण मंडपम (मानबेला व राप्तीनगर विस्तार योजना) का लोकार्पण करने के बाद मानबेला में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। दोनों कल्याण मंडपम का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा क्रमशः 2 करोड़ 65 लाख तथा 85 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। मानबेला में बने कल्याण मंडपम के लिए मुख्यमंत्री ने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है। कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह में सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव इसलिए आया है कि 2017 से जनता ने अच्छी सरकार चुनी। अच्छी सरकारें अच्छे के लिए सोचती हैं।

उत्तर प्रदेश में निवेश, फोरलेन कनेक्टिविटी, बंद खाद कारखाने को दोबारा चलाने, नए उद्योग लगवाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। पर, आज देश में सबसे ज्यादा निवेश यूपी में हो रहा है। बड़े-बड़े उद्योग लग रहे हैं। हर तरफ फोरलेन सड़कों की कनेक्टिविटी हो रही है। गोरखपुर का बंद खाद कारखाना दोबारा चालू हो गया है। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकार में सरकारी अस्पतालों की बदहाली, इलाज के लिए योजनाओं के अभाव की चर्चा करते हुए कहा कि अब इलाज के लिए किसी को कोई दिक्कत नहीं है।

#### इंसेफेलाइटिस के दौर को याद कर भावुक हुए सीएम

मानबेला में इंसेफेलाइटिस के दौर को याद कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। कहा कि आठ वर्ष पहले इंसेफेलाइटिस का समाधान सोचना भी मुश्किल लगता था लेकिन आज इसका समाधान डबल इंजन सरकार द्वारा तय लक्ष्य से पहले हो गया है। सीएम ने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस सीजन में हर मां के चेहरे पर दहशत होती थी कि न जाने कौन सा बच्चा इंसेफेलाइटिस की चपेट में आ जाएगा। इंसेफेलाइटिस पर नकेल से अब बच्चों का भविष्य सुरक्षित है। मेडिकल कॉलेज में इंसेफेलाइटिस के इलाज की व्यवस्था नहीं थी। एक बेड पर चार बच्चे भर्ती रहते थे। आज मेडिकल कॉलेज का इंसेफेलाइटिस वार्ड एयर कंडिशन्ड हो गया है। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकार के समय आमजन की पीड़ा को याद करते हुए कहा कि तबकी सरकार ने गरीब को उसके हाल पर छोड़ दिया था।

#### 2047 तक विकसित गोरखपुर हो सबका संकल्प

मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को याद दिलाते हुए नागरिकों से अपील की कि वे 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गोरखपुर का संकल्प लें। इसके लिए अपने अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आठ साल में आए बदलाव से विकसित गोरखपुर के संकल्प को पूरा करने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी। कारण, इन आठ सालों में गोरखपुर के सामने से पहचान का संकट दूर हो गया है। दस वर्ष पूर्व यहां के लोगों को अपनी पहचान छुपानी पड़ती थी। अब यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर है।

#### हर गरीब को आवास उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने मंच से राप्तीनगर विस्तार योजना के तहत स्पोर्ट्स सिटी आवासीय क्षेत्र में एलआईजी और ईडब्लूएस लाभार्थियों को आवंटन प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर गरीब को आवास उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। बताया कि आठ साल में यूपी में पीएम आवास योजना और प्राधिकरणों की स्कीम के तहत जरूरतमंदों को 57 लाख आवास उपलब्ध कराए गए। शासन-प्रशासन के सहयोग से जरूरमंद लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है। शासन का सहयोग उनके लिए यादगार बन रहा है।

#### स्वास्थ्य सेवाओं का हुआ कायाकल्प

मुख्यमंत्री योगी ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की चर्चा करने के साथ ही करोड़ों रुपये खर्च कर प्रदेश के, खासकर पूर्वी उत्तर में स्वास्थ्य सेवाओं के कायाकल्प का विवरण भी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि की 2017 के पहले तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में इलाज का एकमात्र बड़ा केंद्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज खुद बीमार था। उनकी सरकार आने के बाद अब वह स्वस्थ होकर मरीजों की बेहतरीन सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब तो गोरखपुर में एम्स भी खुल चुका है।

---

# कार व टेंपो की भिड़ंत में मासूम समेत पांच की मौत, छह घायल

▸ पीलीभीत के जहानाबाद स्थित विशेन गांव के पास हाइवे पर हुआ हादसा

समृद्धि न्यूज



पीलीभीत। शनिवार दोपहर जहानाबाद थाना क्षेत्र में हरिद्वार नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बिसेन गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार और टेंपो की आमने-सामने की भिड़ंत में मासूम बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो पीलीभीत की ओर से आ रहा था, जिसमें करीब दस लोग सवार थे। इसी दौरान अमरिया की ओर से आ रही कार ने टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी जहानाबाद भेजा। जहां चिकित्सकों ने मासूम समेत पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया,जबकि एक गंभीर घायल को बरेली भेजा गया है।

राजदा (45 वर्ष) पत्नी अल्ताफ, निवासी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया, हमजा (2 वर्ष) पुत्री सुल्तान (मृतका राजदा की नातिन), फरीदा, जानिसार पुत्र जागीर शाह, निवासी पश्चिम बंगाल और खमड़िया दलेलगंज निवासी टेंपो चालक विजय (30 वर्ष) पुत्र लीलाधर। मृतक मासूम की मां मुस्कान, फरजंद अली, सहरीना, फैजुल सहित कई लोग घायल हुए हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे में मासूम बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हुई है, जबकि अन्य घायल हैं। सभी का समुचित उपचार कराया जा रहा है।

---

## संसद भवन के पास फिर पकड़ा गया संदिग्ध युवक दो दिन में दूसरी वारदात

नयी दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने शनिवार को संसद भवन परिसर के पास से 20 वर्षीय एक 'संदिग्ध' युवक को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीआईएसएफ के जवानों ने मामले की जांच के लिए संदिग्ध को पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि युवक के पास से कोई भी 'आपत्तिजनक' वस्तु बरामद नहीं हुई। एक दिन पहले ही एक व्यक्ति को संसद दीवार फांदने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था, जिसके बाद यह घटना सामने आई है। सीआईएसएफके जवानों ने 20 वर्षीय युवक को शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे रेल भवन और संसद भवन के बीच रायसीना रोड से पकड़ा।

## भाजपा, चुनाव आयोग व अफसर की तिकड़ी डाल रही है वोटों की डकैती

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों पर निशाना साधा है। भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी मिलकर 'वोट-डकैती कर रहे हैं।

यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी मिलकर 'वोट-डकैती कर रही है। दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हर दिन वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं।उपचुनाव में भी वोटों की डकैती हुई है। भाजपा गरीबों का वोट कटवा रही है। समाजवादी पार्टी ने 2022 में गलत तरीके से काटे गए वोटों को लेकर आवाज उठायी तो चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया था। समाजवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी। लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## ईडी ने कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र पप्पी को अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम-2002 के प्रावधानों के तहत सिक्किम के गंगटोक से शनिवार को गिरफ्तार किया। ईडी ने एक बयान में बताया कि गिरफ्तारी के बाद केसी वीरेंद्र को गंगटोक के न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर उसे बेंगलुरु में न्यायालय में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया है। ईडी के मुताबकि शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद , 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए।

## उत्तराखंड के थराली में बादल फटा, एक की मौत

▸ 80 घरों में दो फीट तक भरा मलबा, रेस्क्यू के लिए पहुंची आर्मी

समृद्धि न्यूज



देहरादून। उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ।

चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक लड़की दब गई थी। कुछ घंटो बाद उसका शव बरामद कर लिया गया। दोनों गांवों में मिलाकर कुल 70-80 घरों में करीब 2 फीट तक मलबा घुस गया। थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम नेशनल हाईवे मिंग गधेरा के पास मलबा आने के कारण बंद हो गया है। उत्तराखंड में पिछले 18 दिनों में बादल फटने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 5 अगस्त को धराली में बादल फटा था, जिसमें 5 की मौत हुई और 100 से ज्यादा लापता हुए। उधर मौसम विभाग ने शनिवार को 19 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया। उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड में मध्यम बारिश होने की संभावना है। हिमाचल में 23 से 26 अगस्त तक भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। बारिश और लैंडस्लाइड की वजह से नेशनल हाईवे-305 समेत 347 सड़कें अभी भी बंद हैं। 20 जून से मानसून शुरू होने के बाद से अब तक 295 मौतें हो चुकी हैं।

## वर्ष 2040 में भारतीय चंद्रमा की सतह पर रखेंगे कदम विकसित भारत 2047 की करेंगे घोषणा : डॉ जितेन्द्र

▸ विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

एजेंसी




नई दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2040 में कोई भारतीय चंद्रमा की सतह से विकसित भारत 2047 की घोषणा करेगा। वो घोषणा पूरे ब्रह्मांड में भारत की विश्व पटल पर मजबूती की पुष्टि करेगा।

भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल रॉकेट और उपग्रहों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोगों को सशक्त बनाने, जीवन को बेहतर बनाने और एक उज्ज्वल भविष्य गढ़ने का माध्यम भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस इस बात की याद दिलाता है कि अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियां बहुत विशाल है। विज्ञान, नवाचार और जनकल्याण मिलकर राष्ट्र का भविष्य निर्मित कर कर रहे हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गगनयान मिशन की तैयारियों का उल्लेख करते हुए बताया कि चार वायुसेना अधिकारी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रसन्नथ बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप इस ऐतिहासिक मिशन के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में शासन में स्पेस टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग का आह्वान किया था और 2015 में इसके लिए स्पष्ट दृष्टि तैयार की गई थी। दस वर्षों बाद, सरकारी संस्थानों और निजी क्षेत्र दोनों की क्षमताओं में व्यापक वृद्धि हुई है।

## पीएम के बिहार दौरे को लेकर पोस्ट करने पर तेजस्वी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। यह प्राथमिकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी दो नेताओं द्वारा कराई गई है। उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने सदर बाजार थाने में तेजस्वी यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि राजद के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट जारी किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था।

## अनिल अंबानी के ठिकानों पर छापा 2,000 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।


इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई आरकॉम और उसके प्रवर्तक निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी कर रही है। सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की। एसबीआई ने 13 जून को भारतीय रिजर्व बैंक और एसबीआई की नीतियों के अनुसार इन संस्थाओं को धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद सीबीआई से संपर्क किया था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था, 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी की सूचना दी थी।

## भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाक विमानों पर लगी पाबंदी 24 सितंबर तक बढ़ाई

नई दिल्ली। भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगी पाबंदी एक बार फिर 24 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है। पड़ोसी देश ने भी अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय विमानों पर पाबंदी की अवधि को बढ़ा कर 24 सितंबर कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी दोनों देशों ने हवाई क्षेत्र को बंद करने की अवधि बढ़ाने के लिए अलग-अलग नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी किए हैं। भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और पाकिस्तानी एयरलाइनों/संचालकों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं।

## अमेरिका से वार्ता जारी, लेकिन 'रेड लाइन' भी : एस जयशंकर

एजेंसी



नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा है कि अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता अब भी जारी है और हमारी कुट्टी नहीं हुई है। हालांकि कुछ सीमा रेखा हैं जिन्हें पार नहीं किया जाना चाहिए। भारत के अपने राष्ट्रीय हित हैं जिनके आधार पर हम निर्णय लेते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने मोदी सरकार की स्पष्ट नीति का उल्लेख किया।


उन्होंने कहा कि किसानों के हित, रणनीतिक स्वायत्तता और पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर किसी भी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करना वे 'रेड लाइन' हैं जिसे पार नहीं किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने शनिवार को एक समाचार पत्र से जुड़े कार्यक्रम में अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर भारत के स्पष्ट रूख को रखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका की परंपरागत नीतियों के इतर गैर-व्यापारिक मुद्दों पर भी व्यापार को बीच में ला रहे हैं। यह अटपटा है। वहीं सार्वजनिक तौर पर उनकी ओर से आ रहे बयान असलियत से अलग हैं।

---

संदेश — पीएम मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर युवाओं व वैज्ञानिकों को दी बधाई

# कम समय में भारत ने की अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बेहद कम समय में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और अब नए कीर्तिमान स्थापित करना भारतीय वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संदेश में उन्होंने अंतरिक्ष यात्रियों के पूल सहित अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़ी कई भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एक समय भविष्य के अंतरिक्ष क्षेत्र को अनेक पाबंदियों में बांध दिया गया था। हमने इन बेड़ियों को खोलने का कम किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देश के युवाओं वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप को बधाई दी। उन्होंने इस वर्ष के अंतरिक्ष दिवस के थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक को आत्मविश्वास और भविष्य के संकल्प का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह दिवस अब युवाओं में उत्साह और आकर्षण का केंद्र बन चुका है और भारत के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने उल्लेख किया कि दो वर्ष पूर्व भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना था। साथ ही, शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय को गर्व से भर दिया। प्रधानमंत्री ने इसे अविस्मरणीय क्षण बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज अंतरिक्ष क्षेत्र में बदलाव लाने वाली तकनीकों पर कार्य कर रहा है। इनमें सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी प्रगतियां शामिल हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निकट भविष्य में भारत का गगनयान मिशन उड़ान भरेगा और देश का अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित होगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड ऑन एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स का भी उल्लेख किया, जिसमें 60 से अधिक देशों के 300 युवाओं ने भाग लिया।

#### 2035 तक अंतरिक्ष में होगा भारत का अपना स्टेशन



नई दिल्ली। राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और दृष्टिकोण के आधार पर हम चंद्रयान-4 मिशन करने जा रहे हैं। हम एक शुक्र ग्रह ऑर्बिटर मिशन करने जा रहे हैं। हम साल 2035 तक एक स्पेस स्टेशन बनाने जा रहे हैं, जिसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन कहा जाएगा और इसका पहला मॉड्यूल साल 2028 तक प्रक्षेपित किया जाएगा। नेशनल स्पेस डे के मौके पर भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वी नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक एनजीएल (नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर) को भी मंजूरी दी है।

# लखीमपुर खीरी में एंटी करप्शन का बड़ा छापा

- पीसीएफ के दो कर्मचारी 90 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार
- ठेकेदार के 40 लाख के बिल पास कराने का मामला





**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रादेशिक सहकारी खाद्य भंडारण निगम (पीसीएफ) कार्यालय में शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एंटी करप्शन टीम ने छापा मारकर दो कर्मचारियों को रिश्वत की रकम लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। यह कार्रवाई जिलेभर में चर्चा का विषय बन गई है। गिरफ्तार कर्मचारियों में पटल सहायक अनिल वर्मा और गोदाम कीपर हिमांशु शेखर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, लखीमपुर के ठेकेदार आनंद सिंह का खाद ढुलाई का करीब 40 लाख रुपये का बिल प्रमाणित होना था। आरोप है कि बिल पास कराने के लिए पीसीएफ कार्यालय के पटल सहायक अनिल वर्मा ने 70 हजार रुपये और गोदाम कीपर हिमांशु शेखर ने 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क कर मामला दर्ज कराया, जिसके बाद ट्रैप की योजना बनाई गई। भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ मंडल के निरीक्षक अरुणेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने शनिवार दोपहर पीसीएफ कार्यालय में जाल बिछाया। जैसे ही दोनों कर्मचारी रिश्वत की रकम ले रहे थे, उसी वक्त टीम ने उन्हें पकड़ लिया। मौके से कुल 90 हजार रुपये की रकम बरामद कर गिनती व सत्यापन के बाद सील कर दी गई। गिरफ्तारी के तुरंत बाद दोनों को सदर कोतवाली ले जाया गया। वहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एंटी करप्शन संगठन ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है और मामले में अन्य जिम्मेदार लोगों की भूमिका भी खंगाली जाएगी। इस कार्रवाई की खबर फैलते ही पीसीएफ कार्यालय में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों में खलबली मच गई और जिलेभर में यह मामला चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी दफ्तरों में छोटे-बड़े काम के लिए सुविधा शुल्क मांगना अब आम हो गया है, लेकिन एंटी करप्शन की इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि रिश्वतखोरी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## निघासन कोतवाली में प्रशिक्षु सीओ अभिमन्यु त्रिपाठी ने संभाला कार्यभार



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन कोतवाली में प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिमन्यु त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह 2023 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। मूल रूप से बांदा जनपद के निवासी अभिमन्यु त्रिपाठी ने तीसरे प्रयास में पीपीएस परीक्षा उत्तीर्ण की थी। परीक्षा में उन्होंने 18वीं रैंक हासिल कर सफलता दर्ज की। कार्यभार ग्रहण करने के बाद सीओ ने कहा कि कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखना और आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना और अपराध पर अंकुश लगाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। स्थानीय लोगों ने नए सीओ से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई है।

# चोरी की योजना बना रहे चार आरोपित रंगे हाथ गिरफ्तार, औजार बरामद

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना गोला क्षेत्र में पुलिस टीम ने शिवलाल बाबा मंदिर चौकी क्षेत्र अंतर्गत चोरी की योजना बना रहे चार आरोपितों को मौके से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 23 अगस्त 2025 की रात्रि लगभग 12:30 बजे, जब पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिवलाल बाबा मंदिर चौकी अलीगंज क्षेत्र से चार व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया। जिसमे रामलखन पासी, पुत्र छडीराम (उम्र लगभग 25 वर्ष), वृजलाल, पुत्र पूरन पासी (उम्र लगभग 52 वर्ष), अमित, पुत्र छोटे रैदास (उम्र लगभग 25 वर्ष), छोटे रैदास, पुत्र मज्जा (उम्र लगभग 54 वर्ष), चारों आरोपित ग्राम सहसपुर, थाना गोला, जनपद खीरी के निवासी हैं। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 01 अदद बेल्चा, 02 अदद प्लास, 02 अदद हथौड़ी, 03 अदद पेंचकस, 04 अदद रॉड बरामद की। कारवाई के दौरान पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पाठक, हेड कांस्टेबल संजय कुमार मिश्र, कांस्टेबल उर्वेश सिंह, कांस्टेबल आशीष कनौजिया शामिल रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गोला में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### थाना समाधान दिवस सम्पन्न



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन मितौली तहसीलदार दिनेश कुमार तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आयोजन में कुल सात प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष छह प्रार्थना पत्रों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित राजस्व एवं पुलिस टीमों को मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर आरआई रामकिशन, जितेन्द्र कुमार चंदेल, लेखपाल राजकुमार, सुनील राठौर, सुनील कुमार, अरुण चौधरी, कृष्ण कुमार उपस्थित रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मैगलगंज, खीरी, समृद्धि न्यूज।** भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के सौजन्य से आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और मरीजों को फ्री दवाएं उपलब्ध कराई गई। कुशल मंगल स्वास्थ्य, सेहत एवं कामयाबी की सौगात मुहिम की शुरुआत भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के माध्यम से की गई है। इसी क्रम में क्षेत्र के युवा व्यवसायी एवं भाजपा नेता अंकुर यादव के सहयोग से मैगलगंज में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। अंकुर यादव ने बताया कि इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों को समय पर परामर्श व दवाएं देना ही इस कैंप की सबसे बड़ी उपलब्धि है। शिविर के दौरान डॉ.अमरेंद्र प्रताप, डॉ. सिराज, मैनेजर हिमांशु वर्मा सहित चिकित्सा टीम ने मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इसका लाभ उठाया।

### सिंगाही रोड पर दिखा आठ फीट का अजगर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन के सिंगाही रोड पर कल रात को अचानक एक विशालकाय अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। खेत में अजगर को देख लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। मामला लुधौरी वन क्षेत्र अंतर्गत पर्यटक सुविधा केंद्र के समीप का है। ग्रामीणों ने खेत में अजगर देख तत्काल इसकी जानकारी रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह को दी। सूचना पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और लगभग आठ फीट लंबे अजगर को सुरक्षित पकड़ा। इसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया। रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि अजगर पूरी तरह सुरक्षित है। ग्रामीणों को भी अपील की गई है कि किसी भी वन्यजीव को देखकर घबराएं नहीं और तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं ने रखीं प्रमुख मांगें

- जलालाबाद का नाम बदलकर परशुराम पुरी करने और मैगलगंज में स्ट्रीट लाइटों को जलवाने का दिया आश्वासन

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को चपरतला स्थित नेशनल हाईवे टोल टैक्स पर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। जैसे ही केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का काफिला वहां पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। माहौल ÷भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद÷ और ÷जितिन प्रसाद अमर रहें÷ के नारों से गूंज उठा।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने जनपद शाहजहांपुर के कस्बा जलालाबाद का नाम बदलकर परशुराम पुरी करने की मांग दोहराई। उनका कहना था कि यह कस्बा ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका नाम भगवान परशुराम के नाम पर किया जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इससे क्षेत्र की पहचान और गौरव में वृद्धि होगी।

साथ ही कार्यकर्ताओं ने मैगलगंज कस्बे में लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें न जलने की समस्या केंद्रीय मंत्री के सामने रखी। लोगों ने कहा कि रात में अंधेरा रहने से आए दिन दुर्घटनाओं और आपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस पर मंत्री जितिन प्रसाद ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सभी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर जलवाया जाएगा। जितिन प्रसाद ने कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनती और उनका समाधान करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ताकत से ही भाजपा इतनी मजबूत हुई है और विकास के हर वादे को पूरा करने के लिए सरकार तत्पर है। इस स्वागत कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, ज्ञानेंद्र शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, अंकित त्रिवेदी, मनोज मिश्र, अम्रतेष अवस्थी, अमित राठौर समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने मंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला। लोगों ने कहा कि केंद्रीय मंत्री का क्षेत्र में आगमन उनके लिए गौरव की बात है और उनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा।

## मटकी फोड़ो प्रतियोगिता आयोजित



**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।** 23 अगस्त 2025 को आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम राजापुर में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में धूमधाम से ५मटकी फोड़ो५ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट मुख्य अतिथि तथा वरिष्ठ समाजसेवी अनिल वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, अंग्रेजी माध्यम के कोऑर्डिनेटर आशीष सिंह, हिंदी माध्यम की कोऑर्डिनेटर कामिनी, कार्यालय प्रमुख बालकराम, सुनीत तिवारी और आदित्य वर्मा शामिल रहे। प्रतियोगिता पाँच चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें नॉकआउट राउंड के बाद दो टीमें फाइनल में पहुँचीं। अंतिम राउंड में विजेता टीम का चयन किया गया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पठन-पाठन सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण राधे-कृष्णा के जयकारों से गूंज उठा और माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय में नक्षत्रशाला का कराया निर्माण



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय सराय खास में बच्चों को विज्ञान और अंतरिक्ष से जोड़ने के उद्देश्य से लगभग 3 लाख की लागत से नक्षत्रशाला का निर्माण कराया गया है। इस नक्षत्रशाला का निर्माण वर्ष 2025 में ग्राम पंचायत और शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया है। विद्यालय में अध्ययनरत पीएस के 234 और यूपीएस के 131 छात्र-छात्राएं दूरबीन के माध्यम से मंगल, बुध, बृहस्पति, शनि जैसे ग्रहों के साथ-साथ सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण का अवलोकन कर वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। नक्षत्रशाला में विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और भूगोल की गहराई से जानकारी दी जा रही है। यहां थ्री-डी चश्मों और कृत्रिम कंकाल की मदद से बच्चों को शरीर के अंगों की संरचना भी समझाई जा रही है। यह शिक्षा क्षेत्र की एकमात्र नक्षत्रशाला है, जो सराय खास में स्थित है। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रकाश मिश्रा ने बताया कि यहां के चार बच्चों का चयन राष्ट्रीय आय आधारित प्रतियोगिता परीक्षा में हो चुका है, जो इस नक्षत्रशाला के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। विज्ञान शिक्षक मुकेश वर्मा, अमित त्रिपाठी और भूगोल शिक्षक मुकेश कुमार प्रतिदिन बच्चों को पढ़ाकर ज्ञानवर्धन कर रहे हैं। इसके अलावा शिक्षिका बिंदू मौर्या, प्रतिभा पाठक और शिक्षक सुशील त्रिपाठी का योगदान भी सराहनीय बताया गया है।

## ग्रामीण ने लगाया सर्वे करने वाली टीम पर पक्षपात का आरोप

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** उचौलिया थाना अंतर्गत एक ग्रामीण ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे पर अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया है जिसकी शिकायत उसने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की है। नितिन ने सचिन तिवारी एडीओ कापरेटिव पर आरोप लगाते हुए बताया है कि शनिवार को सचिन तिवारी गांव में सर्वे करने आए थे जिसमें उन्होंने अपने भाई का कच्चे मकान का सर्वे कराया भाई के मकान के आसपास काफी जल भराव की स्थिति है। इसलिए उनकी भाभी इस समय मेरे मकान में रही है।आरोप है कि इसी पर एडीओ सचिन तिवारी बिफर पड़े और भाभी को उल्टा सीधा बोलने लगे। जिसकी शिकायत उसने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की है। नितिन ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली की जा रही है।अधिकारी और ग्राम प्रधान मिलकर अपात्र लोगों से पैसे लेकर उनको आवास योजना में पात्रता की श्रेणी में शामिल कर रहे हैं।

# दिव्यांगजनों को मुद्रा ऋण दिलाने की उठी मांग

- बैंक अधिकारियों ने सिविल स्कोर को बताया मुख्य शर्त

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



तहसील परिसर में शनिवार को भारतीय दिव्यांग यूनियन की मांग पर एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें दिव्यांगजनों ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा प्रदान करने की पुरज़ोर मांग की। बैठक में उपजिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन, बैंक अधिकारियों और दिव्यांग यूनियन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में योजना की शर्तों और समस्याओं पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के इस विशेष वर्ग को स्वरोजगार की दिशा में बढ़ाने के लिए मुद्रा योजना बेहद उपयोगी सिद्ध हो सकती है, किंतु बैंक स्तर पर उन्हें ऋण प्राप्त करने में तमाम अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि दिव्यांगजनों की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बैंक अधिकारियों को लचीला रवैया अपनाना चाहिए।

इस पर बैंक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुद्रा ऋण योजना के तहत केवल उन्हीं आवेदकों को ऋण दिया जा सकता है जिनका सिविल स्कोर जीरो यानी ऋण लेने का पूर्व इतिहास शून्य हो। अधिकारियों ने कहा कि यह शर्त आरबीआई के दिशा-निर्देशों के तहत तय की गई है, जिसे बदला नहीं जा सकता। यूनियन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद जावेद, राजेश मौर्य, सर्वेश कुमार, रियाजुद्दीन और सभासद मनीराम सहित उपस्थित दिव्यांगजनों ने कहा कि अधिकांश दिव्यांगजन पहले कभी किसी बैंक से ऋण नहीं ले पाए हैं, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर रही है। अब जब केंद्र सरकार की योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दे रही है, तब बैंकों को उन्हें अधिक संख्या में योजना से जोड़ना चाहिए। बैठक में तहसीलदार भीम चंद, लेखपाल गोला सहित अनेक विभागीय अधिकारी और यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंगल दलों को खेल किट वितरित

- ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए 306 मंगल दलों को प्रदान किया गया खेल किट

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को बढ़ावा दिए जाने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु संचालित योजना के तहत मंगल दलों को खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम एवं विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ल उपस्थित रहें कार्यक्रम में विधायकगण द्वारा 306 मंगल दलों को खेल किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने युवा खिलाड़ियों के हित में अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के खेल मैदान एवं स्टेडियम का निर्माण के माध्यम तथा खेल किट प्रदान कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा मंगल दलों के खिलाड़ियों से संवाद किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी विकासखंड से चयनित 306 मंगल दलों को खेल किट का वितरण किया गया है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# 'शिक्षा चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास व समाज सेवा का साधन'

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के तहत अभियान चलाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का साझा संकल्प तैयार किया है। यह संकल्प महासंघ प्रतिनिधि मंडल छात्रों एवं शिक्षकों के बीच सामंजस स्थापित करते हुए अनुशासित हरित एवं प्रेरणास्पद जानकारी से रूबरू कराएगी। अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से महासंघ वरिष्ठ पत्रकार अविनाश पाण्डेय का सहयोग लेकर संकल्पो को साझा करेगा।

संघ जिलाध्यक्ष विकास कांत पांडेय ने सदर तहसील स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक करते हुए हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के संकल्प को साझा किया है। उन्होंने बैठक में कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यार्थी एवं शिक्षक के बीच अनुशासन को कायम करेगा। इसके तहत महासंघ ने 5 बिंदुओं का संकल्प तैयार किया है जो विद्यालय में जाकर शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच साझा करेंगे। यह अभियान 1 सितंबर से विद्यालयों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ चलाएगा।

हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प की सफलता के लिए महासंघ ने वरिष्ठ पत्रकार डॉ अविनाश पाण्डेय के सहयोग लेने के लिए संकल्प पत्र से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई की पहल विद्यार्थी एवं गुरु के बीच के रिश्तों को मजबूत करेगा संस्कारवान शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण आप विकास एवं समाज





सेवा में कारगर साबित होगा।इस अभियान के तहत मुख्य रूप से विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित हरित एवं प्रेरणास्पद स्थान बनाने का संकल्प, विद्यालय की संपत्ति समय एवं संसाधनों को राष्ट्रगान मानते हुए उनका संरक्षण का संकल्प एवं उसका विवेक पूर्ण उपयोग, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं बल्कि चरित्र निर्माण आत्म विकास एवं समाज सेवा का साधन बनाने काउद्देश्य, विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाने का संकल्प जहां कोई भेदभाव नहीं होगा सभी समान भाव से सीखने एवं सीखने के पद पर अग्रसर होंगे, विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं बल्कि संस्कार सेवा एवं समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प शामिलहै। बैठक में अन्य मुद्दे पर भी विस्तार से रणनीति बनाई गई है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधा मोहन पांडे संजय त्रिपाठी कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र नाथ तिवारी सहसंयोजक हरिकेश शुक्ला अरविंद शेखर मिश्रा ममता त्रिवेदी पीयूष मिश्रा जिला महामंत्री अंकुर प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह संगठन मंत्री रवि ज्योति मिश्रा जिला मंत्री सुशील सिंह विनोद तिवारी विवेक सिंह वैभव ओझा जीवन ज्योति यादव अभ्युदय सिंह अखिलेश वर्मा प्रभा सिंह आदि शिक्षक एवं राष्ट्रीय शैक्षिक भाषण पदाधिकारी शामिल रहे हैं।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, अव्यवस्थाएं देख जताई नाराजगी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय भवन एवं परिसर में गंदगी और अव्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

सीएमओ ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था पर गंभीर आपत्ति जताते हुए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।

निरीक्षण के समय अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार डॉ. संदीप कुमार स्वयं अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुपस्थिति के कारण की जानकारी मांगी और स्पष्ट किया कि बिना अनुमति अनुपस्थित रहना सेवा नियमों के विपरीत है। निरीक्षण में अशोक कुमार चपरासी, राजाराम वर्मा सफाई कर्मी, रोहित सिंह वार्ड ब्वॉय, संजीरा यादव स्टाफ नर्स, शैलेन्द्र यादव बीपीएम , डॉ नरेंद्रनाथ पाण्डेय चिकित्सा अधिकारी , संदीप कुमार आयुष्मान मित्र, डॉ रविकांत चिकित्सा अधिकारी, डॉ के डी गौतम चिकित्सा अधिकारी, डॉ उर्मिला चिकित्सा अधिकारी, निशा वर्मा ए एन एम, सूरज प्रताप सिंह लैब टेक्नीशियन, गिरजेश त्रिपाठी लैब टेक्नीशियन, चिकित्सा अधिकारी डॉ जाकिर हुसैन अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने सम्बन्धी आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जारी किया।

### अस्पताल वह स्थान है जहां मरीज इलाज व राहत की उम्मीद से आत : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा, अस्पताल वह स्थान है जहाँ मरीज इलाज और राहत की उम्मीद से आते हैं। यदि यहाँ पर गंदगी और अव्यवस्था होगी तो यह गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। संबंधित अधिकारियों को सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, रोगी पंजीकरण और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए। सीएमओ ने साफ-सफाई और अनुशासन को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से सीधा जुड़ा हुआ बताया। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क से पांच फीट ऊपर लटक रहे बिजली के तार

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

हादसे की आशंका से दहशत में लोग



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला बाजार से मुंसिफ कोर्ट को जाने वाले मार्ग पर बिजली के तार ढीले होकर सड़क से मात्र पांच फिट ऊपर लटक रहे हैं। बिजली के तार ढीले होकर इतना अधिक नीचे लटक रहे हैं कि लोगों के घरों के गेट और दरवाजों पर आ गए हैं। इससे बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। लेकिन बिजली विभाग खामोश है। डॉ अकील खान व अब्दुल्ला चक्की के पास बिजली का एलटी तार इतना नीचे लटक रहा कि है लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। आस पास के लोग मौत के साए मे जीने को मजबूर है। इस रास्ते से गुजरने वालों के हाथ तार छू से जातें है। बाइक स्वरों का सर व गर्दन भी लटकते तारों के संपर्क में आ जाते हैं। इस कारण रोजाना हादसे का भय बना रहता है। डॉ अकील खान ने बताया कि फोन के माध्यम से कई बार इसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। शायद बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। इस स्थिति में मोहल्ले के लोगो में बिजली विभाग के प्रति रोष बना हुआ। बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। मोहल्ले के बच्चे इन लटकते हुए तारों के कारण खेल भी नहीं पातें बुजुर्ग घरों में कैद होकर रह गए है। लटकते तार कई बार राहगीरों व घर आने जाने वाले लोगों को छू जाते है। इसके कारण कई बार महिलाओं को करंट भी लगा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण पूरे मोहल्ले को भय के माहौल में जीना पड़ रहा है। जेई पवन कुमार ने बताया कि एस्टीमेट बनाकर कार्यदाई संस्था को भेज दिया है। फिलहाल लटक रहे बिजली के तार की कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर मोहल्ले के लोगों को राहत दी जाएगी।

### आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, कल्पीपारा का किया निरीक्षण

# किसानों को अपने सम्मुख बटवाई उर्वरक

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील ने देर शाम बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, कल्पीपारा का औचक निरीक्षण कर उर्वरक वितरण कार्य का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुशील ने समित के स्टॉक रजिस्टर व वितरण रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उपलब्ध स्टॉक की बाबत भी जानकारी प्राप्त की। समिति पर खाद वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त ने अपने समक्ष किसानों को उर्वरक का वितरण कराते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी किसानों की इसी समय उर्वरक का वितरण कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में प्राप्त होने वाली यूरिया का सुव्यवस्थित ढंग से वितरण कराया जाय ताकि किसानों को खाद प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार देवीपाटन मण्डल अरविन्द प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, ए.आर. को-आपरेटिव संजीव तिवारी, एडीओ सहकारिता अमर सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।





### जनपद को प्राप्त हुई 33176 बैग यूरिया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद को चंबल कम्पनी की 33176 बोरी उर्वरक और प्राप्त हुई। जिले को प्राप्त हुई 33176 बोरी उर्वरक के सापेक्ष निजी क्षेत्र को 15400 बोरी एवं सहकारिता को 17776 बोरी का वितरण किया गया है। जनपद बहराइच की चिलवरिया रैक पॉइंट पर प्राप्त इंडोरामा यूरिया रैक का जिला कृषि अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। डॉ. यादव ने बताया कि थोक उर्वरक विक्रेता एवं कंपनी प्रतिनिधि द्वारा रैक प्वाइंट पर प्राप्त समस्त यूरिया सीधे रिटेलर्स एवं कोऑपरेटिव समिति को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया अगले दो दिनों में एक रैक और मिलने की संभावना है। डॉ. यादव ने बताया कि जनपद में सुव्यवस्थित ढंग से उर्वरक का वितरण कराये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तहसील स्तर पर नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी, ब्लाक स्तर पर पर्यवेक्षणीय अधिकारी के साथ-साथ लेखपाल/कानूनगो तथा कृषि विभाग के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी ड्यूटी लगायी गई है।



यूरिया उर्वरक भेजने का कार्य प्रारंभ जिले को लगातार प्राप्त हो रही है यूरिया की रैक

# जिले को मिली 2100 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को अब नहीं होगी दिक्कत

- गोंडा को मिली 2100 मीट्रिक टन यूरिया, किसानों को नहीं होगी परेशानी
- 38 समितियों व 73 निजी विक्रेताओं के जरिए होगा यूरिया वितरण
- आधार कार्ड व खतौनी के साथ ही मिलेगा यूरिया, पर्ची देना अनिवार्य
- चार दिन में जिले को और मिलेंगी 50 हजार बोरी यूरिया

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है। आज गोंडा को 2100 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस यूरिया का भंडारण 38 साधारण सहकारी समितियों, 58 आईएफएंफडीसी किसान सेवा केंद्र, इफको ई-बाजार तथा 73 निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से कराया जा रहा है। यह सभी जिले के अलग-अलग विकास खंडों में उपलब्ध रहेगा।

किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार नजदीकी समिति या विक्रय केंद्र से ही यूरिया लें। यूरिया खरीदते समय आधार कार्ड और भूमि खतौनी लेकर जाना अनिवार्य है।

साथ ही खरीद पर किसानों को ई-पॉश मशीन से पर्ची दी जाएगी। यदि कोई विक्रेता पर्ची नहीं देता या अधिक मूल्य लेता है तो उसकी शिकायत कृषि विभाग को दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए किसानों को हेल्पलाइन नंबर 05262-796594, 9140832231 और 7380323333 जारी किए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए किसानों को किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आने वाले चार दिनों में अतिरिक्त 50,000 बोरी यूरिया और जिले को मिल रही है। कृषि विभाग का दावा है कि समय से उपलब्ध कराई जा रही खाद से किसानों को बुआई कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।



फाइल फोटो

## खबरें एक नजर में

### लायंस क्लब गोंडा में लोकसभा आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** लायंस भवन गोंडा में आयोजित शोक सभा में लायंस क्लब गोंडा अवध के दिवंगत कोषाध्यक्ष लायन सुदेश मोहन श्रीवास्तव को क्लब के सदस्य एवं पदाधिकारी द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई बीते सोमवार को लायन लायन सुदेश मोहन श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन हो गया था श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए क्लब के अध्यक्ष लाइन रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि क्लब के लिए यह घटना अपूरणी छाती है जिसकी भरपाई होना असंभव है क्लब के निदेशक लाइन दिलीप सिंह ने श्री श्रीवास्तव द्वारा किए गए सेवा कार्यों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की । लोकसभा में लायंस क्लब गोंडा अवध के लाइन सुनील लोटिया अनिल अग्रवाल आलोक सिंह रमेश श्रीवास्तव सुमित अग्रवाल अखिलेश श्रीवास्तव परमेश्वर ने मटिया सचिन अग्रवाल संजीव पांडे प्रदीप भारती आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम चन्दामऊ निवासी श्रीचन्द त्रिपाठी पुत्र ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी को बुलेट सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में श्रीचन्द गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही बेहोश हो गए।परिजनों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकट्टा ले जाया गया, जहाँ से हालत गंभीर होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया। हादसे में उनकी आँख, कान और मस्तिष्क पर गंभीर चोटें आईं, जिससे सुनने और देखने की क्षमता प्रभावित हो गई तथा मानसिक स्थिति भी बिगड़ गई है। जानकारी के अनुसार बुलेट चला रहा युवक लवकुश तिवारी पुत्र रामकेन तिवारी निवासी भेड़ुआ तरहर थाना देहात कोतवाली जनपद गोंडा था , पुलिस ने चालक लवकुश तिवारी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शुरु किया वार्षिक सदस्यता अभियान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को शहर के चित्तौरा विकास खण्ड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा वार्षिक सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई। इस मौके पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए संगठन के जिला महामंत्री ब्लॉक संयोजक चित्तौरा उमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश, देश के सबसे बड़े शिक्षक संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध शिक्षक संगठन है, जो शैक्षिक उन्नयन, राष्ट्र पुनर्निर्माण एवं शिक्षकों के गौरव, गरिमा व सेवा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरन्तर कार्यरत है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आगामी एक सितंबर को देश के 5 लाख विद्यालयों में आयोजित किये जा रहे हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। इस अवसर पर विनोद कुमार त्रिपाठी संजीव कुमार मिश्रा, अमिताभ श्रीवास्तव प्रतिमा पांडेय, रूपाली शरण श्रीवास्तव, नरेश कुमार, नीरज सिंह, सरिता दुबे, स्वामी विश्वकर्मा, अनिमा त्रिपाठी, नसीर अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

### एक शाम अपनों के नाम सुर-मिलाप संगीतमयी का आयोजन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार संत व्यक्तित्व महाराणा प्रताप राही के आवास पर आयोजित किया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. श्याम सुन्दर तिवारी अपर आयुक्त टैक्स ने दीप प्रज्वलन कर किया। गायक मोनू सिंह और देवेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती की वंदना करते हुए ईश भक्ति के भजन गाये। अनंत राम अनुरागी और तिलकराम साहिल के भजन से वातावरण भक्तिमयी हो गया। सुर-मिलाप संगीत संध्या में अयोध्या से आए मदन गोपाल मौर्य, विजय कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव सहित जनपद के डॉ दिनेश श्रीवास्तव, अनमोल, प्रकाश चंद्र अग्निवेष ने सदाबहार गीतों की बौछार करते हुए समां बांध दिया। ढोलकवादक मनीष श्रीवास्तव, सीनियर कीबोर्डिस्ट सलमान, कीबोर्डिस्ट सजल श्रीवास्तव, गिटारवादक शिवपूजन ने अपने संगीत से मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजक प्रमोद नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि सुर-मिलाप का उद्देश्य संगीत ज्ञान को एक-दूसरे से साझा करना है। मुख्य अतिथि डॉ श्याम सुन्दर तिवारी अपर आयुक्त टैक्स विशिष्ट अतिथिगण वरिष्ठ पत्रकार पी पी यादव, मदन गोपाल मौर्य अयोध्या, विजय श्रीवास्तव अयोध्या, महाराणा प्रताप राही, अनंत राम अनुरागी, अधिवक्ता राम फेर प्रजापति का माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# रिपोर्ट में खुलासा : गला दबाकर की गई थी ज्योति की हत्या





समृद्धि न्यूज

**गोंडा। को**तवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे ललक ग्राम में 19 वर्षीय ज्योति पुत्री पुजारी की लाश शुक्रवार की देर शाम को धान के खेत में मिली थी। परिजनों ने रेप के बाद हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शनिवार की सुबह मृतका ज्योति का पोस्टमार्टम कराया।

डाक्टर के तीन पैनल ने पोस्टमार्टम किया। जिसमें गला दबा कर हत्या करने की पुष्टि किया है। रेप करने की पुष्टि नहीं हो पाई है। उसकी स्लाइड बनाकर लैब में भेजा गया है। उस की रिपोर्ट आने पर पता चल सकेगा। मृतका ज्योति के भाई लक्ष्मण ने बताया कि उसकी बहन मां शुक्रवार के दिन 10 बजे धान की खेत की निराई करने गई थी।

इसके बाद मां घर चली आई थी और पिता पुजारी की तबियत खराब होने की वजह से मेडिकल कालेज दवा लेने के लिए गए थे। दवा लेकर जब घर घर तीन बजे लौट कर आए तब दर्दनाक घटना की जानकारी हुई। पूरे गांव में ज्योति की हत्या से हड़कंप मच गया। हत्यारों ने दिन दहाडे हत्या की घटना अंजाम दिया और निकल गए। मृतका के भाई लक्ष्मण ने बताया कि उस की गांव में किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं थी। इसके बाद भी उस की हत्या कर दी गई। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्ट मार्टम किया जिस में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है।

#### आखिर क्यों की गई ज्योति की हत्या

ज्योति की हत्या अब सवालों के घेरे में आ गया है। भाई लक्ष्मण ने बताया कि उस की गांव में किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की पुष्टि भी नहीं हुई है बल्कि उस की गला दबा कर हत्या करने की पुष्टि हुई है। पहले लोगों के बीच में एक ही चर्चा हो रही थी कि उस के साथ दुष्कर्म करने के बाद उस की हत्या कर दी गई है।जबकि अब दुष्कर्म करने की पुष्टि नहीं हुई है। तो लोग सोच रहे है कि क्यों ज्योति की हत्या की गई है।

#### पिता-भाई ने बोले- मुझे इंसाफ चाहिए

शनिवार की सुबह जब ज्योति के शव का पोस्ट मार्टम हो रहा था तब भाई लक्ष्मण और पिता पुजारी रो-रो कर ज्योति के कातिलों को। पकड़ने की बात कह कर रोने लगते थे और यही कह रहे थे कि मुझे इंसाफ चाहिए

#### कड़ी सुरक्षा के बीच ही गांव में ज्योति के शव का अंतिम संस्कार

मृतका ज्योति के शव का पोस्ट मार्टम शनिवार की सुबह कराने के बाद पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच उसका अंतिम संस्कार उस के खेत में ही करा दिया। इस दौरान गांव पूरी तरह से छावनी में तब्दील रही। मां मीना भाई लक्ष्मण उमेश पिता पुजारी का रो-रो कर बुरा हाल था।

**तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम** : ज्योति के शव का पोस्टमार्टम डाक्टर रिमझिम डाक्टर नवनीत गौरव सिंह और डाक्टर अमित त्रिपाठी ने किया है।

**आठ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर की पूछताछ** : ज्योति हत्या कांड में पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर अखंड प्रताप सिंह, एसएचओ कोतवाली नगर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिला अस्पताल में फर्श पर बैठी रही गर्भवती, 24 घंटे बाद भी नहीं दिया बेड

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज की महिला विंग में इलाज के लिए परिवार के लोग गर्भवती को लेकर पहुंचे लेकिन 24 घंटे बाद भी उसे बेड नहीं मिला। मरीज को वार्ड में ग्लुकोज चढ़ाने के बाद डिलीवरी में समय शेष होने की बात कहकर वापस कर दिया गया। इस पर परिवार के लोग मरीज को लेकर घर चले गए। महिला अस्पताल में आए अन्य मरीजों ने इस पर नाराजगी जताई।

मेडिकल कालेज के महिला विंग में अव्यवस्थाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कहीं इलाज के अभाव में गर्भवती दम तोड़ रही हैं तो कहीं जच्चा-बच्चा की मौत हो रही है। 100 बेड के महिला अस्पताल में गर्भवती को बेड न मिलने पर वापस किया जा रहा है। शुक्रवार को कैसरगंज तहसील के गजाधरपुर निवासी नौ माह की गर्भवती विनीता अपनी सास के साथ महिला अस्पताल पहुंचीं। सास ने बताया कि वार्ड में एक बोतल ग्लूकोज चढ़ाया गया और एक सप्ताह का समय बताकर बाहर कर दिया गया। बताया कि 24 घंटे से उनको बेड नहीं मिला।



आरोप है कि स्वास्थ्य कर्मी ने उन्हें अस्पताल से बाहर कर दिया, जिस पर वह अपनी सास के साथ घर के लिए रवाना हो गई। प्राचार्य डा. संजय खत्री ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक है। इसको देखते हुए मेडिकल कालेज के महिला विंग में संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। मरीजों को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

## चलकदमी करते दिखा शावक सहित तेंदुआ, दो बंदरों को बनाया निवाला

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के गोकुलपुर में शनिवार सुबह ग्रामीणों को शावक सहित तेंदुआ चलकदमी करते हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। मौके पर वन दरोगा बृजेश वर्मा, वन रक्षक देवीशरण मिश्रा, वाचर लल्लन टीम के साथ पहुंचे। कॉम्बिंग के साथ पगचिह्न का अवलोकन कर इलाके में पटाखे फोड़े।प्रत्यक्षदर्शी मुरली और वासुदेव ने बताया कि शुक्रवार को हम सभी भैंस को चरा रहे थे। इसी दरमियान बंदर को जबड़े में दबोचकर तेंदुआ जाता हुआ दिखाई दिया। साथ में उसके दो शावक भी थे। लोगों ने हाका लगाया तभी पास के झाड़ीनुमा जंगल में घुस गया। गांव निवासी राधेश्याम, जिमींदार, राजेश, मंशाराम आदि लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए जल्द पकड़वाने की मांग की। वन क्षेत्राधिकारी पीयूष गुप्ता ने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर पगचिह्नों का अवलोकन किया गया है। पटाखा आदि फोड़कर पास के बघौली जंगल में वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

# हाईटेंशन लाइन से टकराया झंडा, श्रद्धालुओं को लगा करंट

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा, करीब एक दर्जन श्रद्धालु झुलसे

- ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा रहे थे मल्हीपुर, श्रावस्ती

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम निम्निहारा में शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ। बररोहेघाट की ओर जा रहे ग्रामीणों के ट्रैक्टर पर रास्ते में लगा धार्मिक झंडा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। झंडा छूते ही करंट पूरे ट्रैक्टर में फैल गया और उसमें सवार 11 लोग झुलस गए।

घटना में विद्याराम (35), लक्ष्मी (50) सहित आठ बच्चे गंभीर रूप से झुलसे। बच्चों में संजना (8), राकेश (10), सुऐब (12), आकाश (8), सचिन (7), रक्तार (5), रचना (10) और तहसीम (8) शामिल हैं। इसरार (10) की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सीओ प्रदुम्न सिंह और एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों का हाल जाना।

अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग को हर संभव इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।ग्रामीणों ने हादसे को बिजली विभाग की लापरवाही का परिणाम बताते हुए इसे बेहद दर्दनाक बताया।

प्रशासन फिलहाल मामले की जांच में जुटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएम अक्षय त्रिपाठी और एसपी रामनयन सिंह भी अस्पताल पहुंचे जहां घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को हर संभव इलाज के लिए निर्देश दिया।



#### होमगार्ड के जवान की सूझबूझ से बची दर्जनों जान

होमगार्ड जवान अजय दत्त पाठक थाना नवाबगंज में ड्यूटी कर रहे थे।उनकी ड्यूटी नीम निहारा चौराहा बैंक पर थी। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के समाने से लगभग दोपहर 3 बजे जुलूस निकल रहा था। तो बहुत बहादुरी से अपनी जान की ना परवाह करके अपने डंडे से करंट लगने पर डंडा मारने पर छुड़वाया। होमगार्ड जवान ने लगभग दर्जनों लोगों की जान बचाई। होमगार्ड जवान अजय दत्त पाठक ने बहुत बहादुर का काम किया है। जिससे जनपद होमगार्ड संघ व उत्तर प्रदेश संघ ने सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। और जनता ने भी सराहनीय कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पिछड़ों को सम्मान और हक देने का काम सिर्फ समाजवादी पार्टी ही करती है : राहुल लोधी

- सपा ने अवंतीबाई की जयंती पर आयोजित किया विशाल जनसभा

समृद्धि न्यूज




**बहराइच ।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग दिनेश लोधी द्वारा हरियाली रिसोर्ट में अमर शहीद वीरांगना अवँती बाई लोधी की 191वीं जयंती के अवसर पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के विधायक राहुल लोधी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत तथा प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी गिरधारी लाल लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव तथा संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक प्रताप लोधी नें किया। कार्यक्रम में आये सभी पार्टी नेताओं नें सर्वप्रथम वीरांगना आवँती बाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राहुल लोधी नें अपने सम्बोधन में बड़ी संख्या में आये लोधी समाज का पीडीए परिवार से जुड़कर आने वाले समय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का आवाहन किया। राहुल लोधी नें कहा पिछड़ों को सम्मान और हक देने काम सिर्फ समाजवादी पार्टी करती है। हमारे समाज में शिक्षा और जागरूकता का आभाव है हम अपील करते हैं कि अपने बच्चों को शिक्षा दीजिए आने वाले समय में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेगें तो समाज के नौजवानों को सरकारी नौकरी में भी भगीदारी मिलेगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कप्तान सिंह लोधी नें कहा कि हम लोधी समाज के लोग पिछड़े समाज से आते है हमें जो कुछ मिला है वह बाबा साहब के संविधान से मिला है भाजपा हमारे संविधान और आरक्षण को छीनने का काम कर रही है। सपा के प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी नें कहा कि मुफ्त राशन के बदले मोदी जी पिछड़ों और दलितों से वोट लेकर सरकार बनाते हैं पर हमारे समाज पर अत्याचार व जुल्म होता है तो भाजपा के लोग चुप हो जाते हैं।

कार्यक्रम

### प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने अंतर्राष्ट्रीय विशाल रक्तदान शिविर का किया सफल आयोजन

# विधायक तरबगंज व डीएम ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, रगड़गंज बेलसर, जनपद गोण्डा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बड़े ही भव्य और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस विशेष अवसर का शुभारंभ माननीय विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय व जनपद गोण्डा की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना भी सशक्त होती है। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं संस्था के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निस्स्वार्थ भाव से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों में गर्व और उत्साह की भावना जागृत हुई।






शिविर के आयोजन में जनपद के स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं एवं चिकित्सकों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सकों की देखरेख में रक्त संग्रहण की प्रक्रिया सुरक्षित व सुनियोजित ढंग से पूरी की गई।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता, योग व ध्यान के महत्व तथा सकारात्मक जीवनशैली पर भी उपयोगी चर्चा की गई। ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने संबोधन में बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, करुणा, सेवा और एकता जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। यह रक्तदान शिविर न केवल सेवा और सहयोग की भावना का प्रतीक रहा, बल्कि इससे समाज में जागरूकता व संवेदनशीलता की एक नई चेतना का संचार भी हुआ।

शिविर के अंत में जिलाधिकारी ने आयोजकों को इस उत्कृष्ट प्रयास के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर सहित अन्य सभी संस्थाओं के पदाधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर एक लाख की ठगी

- दो साल से भटक रहा युवक
- थाना समाधान दिवस में लगाई गुहार

**खीरों, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बेरोजगारी का फायदा उठाकर ठग गिरोह लगातार युवाओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार में सामने आया है, जहां युवक से विदेश भेजने के नाम पर एक लाख रुपये हड़प लिए गए। शनिवार को थाना समाधान दिवस में पीड़ित युवक ने नायाब तहसीलदार से न्याय की गुहार लगाई।

पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद राजा पुत्र मोहम्मद खलील ने आरोप लगाया कि मोहल्ले का ही अजमतदीन उर्फ दरोगा दो वर्ष पूर्व उसे सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक लाख रुपये ले गया। आरोप है कि ठग ने फर्जी वीजा, फर्जी फ्लाइट टिकट और मेडिकल रिपोर्ट तक तैयार कर दी। लेकिन जब युवक एयरपोर्ट पहुंचा तो खुलासा हुआ कि सभी कागजात नकली हैं।

### 40 से अधिक युवकों से कर चुका है ठगी

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि अजमतदीन उर्फ दरोगा अब तक 40 से अधिक बेरोजगार युवकों को नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये हड़प चुका है। उसकी ठगी का जाल पूरे इलाके में फैला है।

### प्रशासन ने दिलाया भरोसा

थाना समाधान दिवस में पहुंचे नायाब तहसीलदार रितु राज नागर ने मामले को गंभीर मानते हुए खीरों थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**हर बार टालता रहा आरोपी:-** पीड़ित मोहम्मद राजा का कहना है कि घटना के बाद से वह आरोपी से रुपये मांग रहा है, लेकिन वह हर बार नए-नए बहाने बनाकर टाल देता है। कभी विदेश भेजने का भरोसा देता तो कभी पैसे लौटाने का आश्वासन। उल्टे, दबाव बनाने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है।

**थाना समाधान दिवस में 12 शिकायतें:-** शनिवार को थाना समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें आईं। इनमें 10 राजस्व से संबंधित थीं जबकि दो पुलिस से जुड़ी थीं। राजस्व से संबंधित दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं, पुलिस से जुड़ी एक शिकायत यह ठगी का मामला था, जिसने सभी का ध्यान खींचा।

गौरतलब है कि बेरोजगारी और विदेश में नौकरी का सपना देखने वाले युवा आए दिन ऐसे जालसाजों के शिकार हो रहे हैं। पीड़ित मोहम्मद राजा का कहना है कि यदि इस मामले में प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई तो और भी युवक इस ठग के चंगुल में फंसते रहेंगे।

## कच्ची छत गिरने से मासूम की मौत, चार घायल



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मकान की कच्ची छत गिरने से एक परिवार मलबे में दब गया।जिससे एक मासूम की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के धरई दक्षिणी का है।जहां रात में सोते समय कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गई।जिसके मलबे में सर्वेश कुमार, लाडली, कृपालु देवी, गेंदालाल और ऋषभ डेढ़ वर्ष दब गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे से सभी निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ऋषभ को मृत घोषित कर दिया।

वहीं सर्वेश को हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज की मौत

- परिजनों ने झोला छाप डॉक्टर पर लगाया गंभीर आरोप

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** इलाज के दौरान गलत इंजेक्शन लगाए जाने के चलते एक व्यक्ति की मौत का मामला प्रकाश में आया है मृतक के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही और मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर मजरे कल्याणपुर बेंती निवासी दिनेश पाल उम्र लगभग 35 वर्ष टाइफाइड बुखार से पीड़ित था उसे रोज दो बार इंजेक्शन लगता था। इसी सिलसिले में वह गांव के डॉक्टर पप्पू के पास इलाज कराने जाता था 21 अगस्त की रात करीब 10 बजे डॉक्टर पप्पू ने उन्हें इंजेक्शन लगाया पत्नी पूजा पाल का आरोप है कि इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद उसके पति दिनेश पाल की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन डॉक्टर ने इस बारे में परिवार को कुछ नहीं बताया। रात करीब 12 बजे हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने केवल यह बताया कि उसके पति बेहोश हो गए हैं इसके बाद उन्होंने खुद गाड़ी का इंतज़ाम कर उसके बीमार पति को हॉस्पिटल के लिए भिजवाया, और एंबुलेंस बुलाने से भी मना कर दिया। परिजनों का कहना है कि दिनेश की मौत गलत इंजेक्शन लगाए जाने से हुई है पत्नी राधा पाल का आरोप है कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है मृतक के दो छोटे बच्चे हैं पीड़ित परिजनों ने पुलिस से शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 64 ली. कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शनिवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- संसारी पुर , तोमर का पुरवा, पूरे शुकुल का पुरवा, कचनाव व थोरी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र -3 के थाना- जगदीशपुर के ग्राम- कचनाव से लगभग 64 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। रोड चेकिंग एवं दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस कार्यवाही मे 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व समस्त स्टाफ क्षेत्र -3 से तीरथ नाथ, शमशेर कुमार, संजय सरोज, सर्वेश वर्मा तथा राजकीय वाहन चालक बृजेश पांडे के साथ शामिल रहे।

### जीजीआईसी में आयोजित हुई कला उत्सव प्रतियोगिता

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील गौरीगंज के राजकीय बालिका इण्टर कालेज में शनिवार को जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए 80 बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने संगीत गायन व वादन एकल व समूह में तथा नृत्य, नाटक व दृश्यकला एकल व समूह में प्रस्तुत किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने चित्रकला, मूर्तिकला, स्थानीय शिल्प, पारंपरिक कहानी वाचन, सहित कुल 12 विधाओं में बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेन्द्र कुमार सरोज प्रधानाचार्य पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कॉलेज उड़वा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ नीलम तिवारी, नीरिका यादव, शरद कुमार जायसवाल, अमित कुमार श्रीवास्तव, शुभेन्द्र त्रिपाठी आदि रहे। प्रतिभागी विद्यार्थियों को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मामूली विवाद में आपस में भिड़ीं दो छात्राएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत कस्बा अमेठी के केशवनगर मोहल्ले के पास शनिवार को मामूली कहासुनी को लेकर दो छात्राएं आपस में भिड़ गईं। दोनों छात्राओं ने एक दूसरे पर थप्पड़ बरसाए और एक दूसरे के बाल नोचे। एक ने तो इस मारपीट में बेल्ट भी चलाया। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। घटना की खबर लगते ही विद्यालय प्रशासन ने इस पर कार्रवाई शुरू की दोनों छात्राओं के परिजनों को विद्यालय बुलाया गया और उन्हें चेतावनी दी गई। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### संस्कृति ज्ञान बोध परियोजना की पुस्तक का हुआ विमोचन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका, मिश्राना लखीमपुर खीरी में संस्कृति ज्ञान बोध परियोजना की पुस्तकों का विमोचन संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) केंद्र से पूरे देश में चल रहे भारतीय सद्संस्कारों एवं जीवन मूल्यों के जनजागरण कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत कक्षा तृतीय से द्वादश तक अध्ययनरत भैया-बहनों के साथ-साथ आचार्यों, अभिभावकों और समाज के अन्य बंधुओं के लिए प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा एवं प्रज्ञा परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। आज विमोचन समारोह मातृभारती की अध्यक्षा बहन आदरणीया गोल्डी मिश्रा के दिशा-निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, आचार्यगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी करने वाले शिक्षक पर मुकदमा दर्ज

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पिछले दस सालों से फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर सरकारी विद्यालय में नौकरी कर रहे शिक्षक के विरुद्ध खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है

मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय मखदुमपुर का है यहां तैनात शिक्षक दीनानाथ वर्मा की नियुक्ति सहायक अध्यापक के पद पर 2015 में हुई थी। 2023 में उनके प्रमाण पत्र फर्जी होने की बात सामने आई तो विभाग द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे और विभागीय जांच में पाया गया कि शिक्षक दीनानाथ वर्मा की ज्ञश्वज्ञ की मार्क शीट फर्जी है माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के कार्यालय द्वारा अगस्त 2024 में उपलब्ध कराए गए सत्यापन में दीनानाथ वर्मा के रोल नंबर परिषद के अभिलेखनुसार किसी अन्य का विवरण उपलब्ध कराया गया जिसमें टी ई टी प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। इसके बाद अगस्त 2025 को शिक्षक की नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया था संबंधित शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाए उच्च अधिकारियों की निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ नंदलाल रजक ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर दी जिसके आधार पर डलमऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाही की जा रही है

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के बगहा की है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के रायपुर महेवा गांव निवासी आशीष पुत्र राकेश उम्र लगभग 22 वर्ष शुक्रवार को किसी काम से मुर्तजानगर गांव गया था।जहां से रात नौ बजे घर वापस जाते समय बगहा में किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया।जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन भेजा।हालत ज्यादा गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

## मजाक बनी जांच : हाई कोर्ट व जिला अधिकारी क्या पड़ रहे हैं अधिकारियों के सामने छोटे

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मजाक बनी जांच महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के ज्योना ग्राम पंचायत के प्रधान के जिला अधिकारी द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक पावर सीज कर दिए गए थे तब ग्राम प्रधान उमेश कुमार द्वारा अदालत का दरवाजा खटखटाया गया जिस पर हाईकोर्ट ने ग्राम प्रधान को बहाल कर दिया था। जिसमें जिला अधिकारी से आख्या मांगी गई थी ।जिला अधिकारी ने पुन जांच के लिए अधिशासी अभियंता नलकूप शहनाज सिद्दीकी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुलदीप द्विवेदी को जांच के लिए आदेशित किया गया था लेकिन ग्राम पंचायत ज्योना में जिन बिंदुओं पर जांच होनी थी तथा जिन अधिकारियों को आना था वह अधिकारी नहीं पहुंचे और वहां पहुंच गए उनके मातहत और जब उनसे जानकारी लेने की कोशिश की गई कि आपने क्या देखा है और कैसी जांच की है तब ना वह अपने नाम बता रहे थे और ना ही किसी प्रकार की बात कर रहे थे?। वही हवलदार के पुरवा में संजय वीरेंद्र रंग बहादुर सिंह छेदीलाल के द्वारा शिकायत की गई थी कि खड़ंजा कागज पर तो लगा दिया गया लेकिन मौके पर नहीं लगा। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय अलीमगंज की शिकायत भी की गई थी जिसकी भी जांच आए हुए अधिकारियों के मातहत द्वारा की गई सबसे बड़ा सवाल या उठता है कि इतने बड़े मामले में जिसमें हाई कोर्ट ने मामले का संज्ञान ले रखा है उस मामले में भी अधिकारी इस तरह की लापरवाही करते सामने आ रहे हैं कि खुद जांच ना करके अपने मातहत से करवा रहे हैं ।कहीं ना कहीं ग्राम प्रधान की पकड़ और पहुंच इस मामले में बाधक बन रही है।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 पर हुई चर्चा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उपनिदेशक पंचायत शाश्वत आनंद सिंह (लखनऊ मंडल) के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायती राज अधिकारी सौम्य शील सिंह के मार्गदर्शन में जिला रायबरेली के विकासखंड सभागार महराजगंज में एकदिवसीय समस्त विकासखंड अधिकारियों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 पर चर्चा एवं 2.0 का क्रियान्वयन किस प्रकार किया जाए एवं सतत विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण विषयक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विकासखंड महराजगंज विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे द्य कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया द्य इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षक संजीव कुमार मिश्रा ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 के प्रदर्शन को समस्त विकासखंड एवं जनपद स्तर पर प्राप्त रैंकिंग को दिखाया गया एवं पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0, एवं सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की एवं उपस्थित अधिकारियों को पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा विकसित पंचायत एडवांसमेंट पोर्टल पोर्टल पर कार्य कैसे करना है, डीसीएफ फॉर्म को कैसे भरना है, सतत विकास लक्ष्य क्या है और पंचायती राज में लक्ष्य की प्राप्त किस आधार पर की जाएगी इंडिकेटर और डाटा पॉइंट पर भी विस्तार से चर्चा की गई द्य राज्य प्रशिक्षक संजीव कुमार मिश्रा के द्वारा संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई द्य इस अवसर खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी एवं महिला बाल विकास एवं पुष्टिहार विभाग से सीडीपीओ, और अन्य अधिकारीगण एवं अन्य अधिकारीगण का उपस्थित रहे।

## झोलाछाप डॉक्टर दे रहा सरकारी दवाई और गरीबों से वसूल रहा मोटी रकम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भोले भाले गरीब लोगों को बेवकूफ बनाकर और सरकारी दवाई अस्पताल वाली देकर इस समय महाराजगंज क्षेत्र में जमकर यह खेल चल रहा है महराजगंज तहसील क्षेत्र के कैलाशपुर गांव निवासी संतोष ने बताया कि मैं अपनी बेटी का इलाज कराने महारानी कस्बे के फक्का नौउवा की दुकान पर जो रंधवा रोड से आगे है उसे पर अपनी बेटी का इलाज कराने आया था बेटे की पट्टी बांधी और मुझे जो है दो सीसी दी गई मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं और मुझे रुपये 500 भी लिए गए लोगों ने बताया कि सरकारी दवाई जो अस्पताल में मिलती है निशुल्क मिलती है और मुझसे पैसे लिए गए अब सवाल या उठना है कि आखिर इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास सरकारी दवाइयां पहुंचती कैसे हैं क्या सरकारी अस्पतालों में सेटिंग और गेटिंग का खेल तो नहीं चल रहा कि यह दवाइयां अस्पतालों से डॉक्टर के पास पहुंचती है और डॉक्टर उसे गरीब भोले भाले लोगों को लेकर मोटी रकम वसूलता है।

> युवक ने जो आरोप लगाए हैं उनकी दुकान पर गए थे वहां पर सरकारी दवाइयां तो नहीं मिली लेकिन वो इलाज करते हुए मिले और जिस तरह वहां लोगों की दवाई करते हैं वह काफी बदहाल व्यवस्था है बिना किसी डिग्री के इस तरह का अस्पताल नहीं होता है गंदगी का अंबार भी लगा हुआ थाअधिकारियों को लिखकर दे दिया गया है। *गणनायक पांडे, महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक*

## थाना समाधान दिवस पर एसपी ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में थाना जामो पर जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तदोपरान्त थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक जामो को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित हुआ आशा सम्मेलन कार्यक्रम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

- बीते 18 महीनों से अमेठी जनपद विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एवं न्यूट्रिशन दिवस की रैंकिंग में लगातार टॉप-5 जिलों में रहा शामिल

जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में भव्य आशा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ मा. राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जनपद की उन आशा बहनों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पुरस्कार वितरण के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त आशाओं को रु. 5000, द्वितीय को रु.2000 तथा तृतीय को रु.1000 का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उपस्थित आशा बहनों को संबोधित करते हुए मा. राज्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का श्रेय सबसे अधिक आशा कार्यकर्ताओं को जाता है। आप सभी बहनों की बदौलत ही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। गर्भवती महिलाओं की देखभाल हो, प्रसव पूर्व जांच हो, नवजात शिशुओं का टीकाकरण हो या फिर परिवार नियोजन के कार्यक्रम - इन सभी में आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कार्यक्रम में जानकारी दी कि जनपद अमेठी में वर्तमान में कुल 1791 आशा बहुएं 682 ग्राम पंचायतों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। बीते 18 महीनों से अमेठी जनपद विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एवं न्यूट्रिशन दिवस (VHND) की रैंकिंग में लगातार टॉप-5 जिलों में शामिल रहा है और चार बार प्रदेश में प्रथम स्थान भी प्राप्त कर चुका है। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आशा बहुएं मौजूद रहीं।

### डीपी एक्ट में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार


**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक में वांछित एक अभियुक्त राजकुमार उर्फ दरोगा पुत्र स्व जियालाल निवासी ग्राम आजादनगर मजरे थौरी थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दोहा चौपाई शैली में रचित बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य को भेंट करने का कार्य पूर्ण

- डॉ. अम्बेडकर के पोते यशवंतराव के पास भी पहुंची बुद्ध चरित मानस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

कवि केपी सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक गौरीगंज एवं महामंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उप्र शाखा अमेठी द्वारा रचित बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य को भेंट करने का काम पूरा हो गया। अब तक इस बौद्ध ग्रंथ को निःशुल्क भेंट स्वरूप प्राप्त करने वालों में सबसे पहले कवि ने अपने बौद्ध दीक्षा गुरु भंते दीपांकर जी महास्थविर प्रांतीय अध्यक्ष अखिल भारतीय भिक्षु संघ बुद्ध विहार साधना केन्द्र संस्थान जूही बंबुरहिया कानपुर को भेंट किया था। इसके पश्चात सिरमौर बुद्ध विहार सोइया गंगौली के दो बौद्ध भिक्षुओं भंते धम्म दीप और भंते प्रज्ञा मित्र को भेंट किया गया। इसके पश्चात भंते सुमित रत्न, भंते ज्ञानालोक लालकुआं लखनऊ, भंते दीपांकर उमराव बुद्ध विहार हरीनगर बालागंज लखनऊ, भंते धम्मानंद कौआखेड़ा सीतापुर, शामिल हैं। इसके अलावा अन्य प्रमुख विशिष्ट व्यक्तियों में जिन्हें यह ग्रंथ निःशुल्क भेंट किया गया जिनमें भारतीय बौद्ध महासभा उप्र के प्रांतीय अध्यक्ष मानसिंह गौतम एड.,



डॉ अरविन्द कुमार गौतम प्रांतीय महामंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उप्र, महेन्द्र सिंह दिनकर संयुक्त मंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उप्र, डॉ गिरीश कुमार वर्मा उर्फ डंडा लखनवी साहब सुप्रसिद्ध कवि लखनऊ, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक राम लोचन सेन शास्त्री जनकपुर धाता फतेहपुर, युवा पत्रकार महेन्द्र सेन कौशाम्बी आदि शामिल हैं। भारत रत्न डा.बीआर अम्बेडकर के पोते यशवंतराव अम्बेडकर को भी यह ग्रंथ लखनऊ के गांधी भवन में आयोजित एक समारोह में 27 जुलाई को भेंट किया गया। इसके रचयिता कवि के पी सविता बौद्ध ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मेरा ग्रंथ डॉ अम्बेडकर के परिवार में पहुंच गया है। अब तक इस बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य को खरीदने वालों में सबसे पहले रामचंद्र मौर्य एड. गौरीगंज, डॉ आर एन मौर्य अफुइया, बच्चाराम वर्मा अमेठी और आदित्य नारायण सेन प्रयागराज शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि यह बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य दोहा चौपाई शैली में रचित है। इसमें 57 सर्ग हैं जिसमें सिद्धार्थ के रूप में जन्म लेने वाले बुद्ध के महापरिनिर्वाण तक की प्रमुख घटनाओं व उनसे संबंधित शिष्यों मगध राजा बिंबिसार, राजा अजातशत्रु, श्रावस्ती नरेश प्रसेनजित आदि का भी यत्र-तत्र जिक्र किया गया है। इस ग्रंथ में सोरठा सवैया रोला कुंडलियां गीतिका हरिगीतिका आदि छंदो का भी प्रयोग मिलता है। ग्रंथ के अंत में बुद्ध चरित मानस की आरती का लेखन भी कवि ने किया है। इस ग्रंथ का अखंड पारायण भी किया जा सकता है।

## रुदौली डबल मर्डर केस मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

दो दिन पूर्व बृहस्पतिवार को हुए दोहरे हत्या काण्ड में जगराम सरोज पुत्र स्व नान्हूराम सरोज नि ग्राम गुन्नौर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक द्वारा थाना मुसाफिरखाना पर लिखित तहरीर दी गयी कि खेत में निराई का काम कर रही उनकी बहन रामादेवी व भांजा आकाश को बहन के देवर रामराज उर्फ राजू सरोज द्वारा लाठी, डण्डा, कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया गया, जिन्हें सीएचसी मुसाफिरखाना ले जाते समय मृत्यु हो गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुसाफिरखाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये थे। पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित 2 अभियुक्तों रामराज उर्फ राजू सरोज पुत्र स्वामीनाथ सरोज व रामलली पत्नी रामराज उर्फ राजू सरोज निवासीगण ग्राम पूरे भवन मजरे रुदौली थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ उक्त अभियोग से संबंधित 2 बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस निगरानी में लिया गया है। तलाशी से अभियुक्त रामराज के कब्जे से एक झोले से सरिया मोड़ने वाला लोहे का एक कुन्द हथियार, एक खुर्पी व हाथ से एक बांस का डण्डा बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि बृहस्पतिवार को खेत में काम कर रही रामादेवी व आकाश सरोज की इन्हीं लोहे के हथियार, खुर्पी व बांस के डण्डे से मार-मार कर हत्या कर दी थी। पूछताछ में दोनों बाल अपचारी द्वारा उक्त घटना में रामादेवी व आकाश सरोज को लात घूंसों से मारने की बात स्वीकार की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## महामारी मोटापे की

देश में जिस तेजी से मोटापा और उससे जनित रोगों का दायरा बढ़ा है, उससे यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात जैसी स्थिति बनती जा रही है। जिससे मोटापा जनित गैर संक्रामक रोगों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। एक हालिया अध्ययन में इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च व विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया है कि साल 2025 तक भारत की वयस्क आबादी में मोटापे की दर 20 से 23 फीसदी तक जा पहुंची है। जबकि वर्ष 1990 में देश यह दर महज नौ से दस प्रतिशत ही थी। चिंता की बात यह है कि महज तीन दशक में मोटापा बढ़ने की यह दर दो गुना हो चुकी है। यही वजह है कि शहरों में आजकल हर चौथा व्यक्ति मोटापे का शिकार दिखायी देता है। दरअसल, देश में जैसे–जैसे आर्थिक समृद्धि आई तो हमारी खान–पान की आदतों में बदलाव आया है। हमारे भोजन में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, अधिक शूगर वाले पेय पदार्थ और युवाओं में जंक फूड का उपभोग तेजी से बढ़ा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि खाद्य तेलों का उपयोग भी बहुत तेज गति से बढ़ा है। आर्थिक विकास से समृद्धि आई तो हमारा खानपान समृद्ध हुआ,लेकिन वहीं शारीरिक निष्क्रियता भी बढ़ी है। दरअसल, खाद्य तेलों का बेतहाशा उपयोग भी मोटापे की वजह बना है। देश में नब्बे के दशक में जहां प्रति व्यक्ति तेल की औसतन खपत साढ़े तीन से चार लीटर थी, जो अब करीब बीस लीटर सालाना हो गई है। यानी चिंताजनक स्थिति तक पहुंचकर पांच गुना हो गई है। अब मोटापे की समस्या से शहर ही नहीं, ग्रामीण जीवन भी प्रभावित हो रहा है। बीती सदी में ऐसा देखने में नहीं आता है। दरअसल, इस सदी की शुरुआत में आई आर्थिक समृद्धि ने न केवल हमारी खानपान की आदतें बदली, बल्कि वाहनों के अधिक उपयोग व आरामदायक जीवनशैली ने हमारी शारीरिक सक्रियता भी कम कर दी। जो मोटापे की एक बड़ी वजह बना। देश में मोटापे की समस्या किस हद तक पहुंच चुकी है और उससे गैर संक्रामक रोग कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं, उसको लेकर कई सार्वजनिक मंचों से प्रधानमंत्री देश को संबोधित कर चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने देश में गति पकड़ते मोटापे पर गंभीर चिंता जतायी। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भी वे मोटापे से मुक्त जीवन के लिये लाइफस्टाइल में बदलाव की बात कह चुके हैं। उन्होंने खाद्य तेलों के उपयोग में कमी लाने की भी बात कही। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कह चुका है कि पांच–छह सौ एमएल से अधिक खाद्य तेल का सेवन मोटापे, उच्च रक्तचाप, दिल के रोग और डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कह रहे हैं कि खानपान की आदतों में सुधार और शारीरिक सक्रियता बढ़ाने से हम मोटापा कम कर सकते हैं। नियमित व्यायाम व योग–प्राणायाम इसमें खासे मददगार हैं। यहां संकट हमारी जीवन शैली में आये बदलावों का भी है, जिसमें हम देर रात को अधिक गरिष्ठ भोजन करते हैं। देर से सोना और देर से जागना अब आम बात हो चली है। तेजी से होते शहरीकरण, आफिसों में देर तक काम करने, शारीरिक सक्रियता में कमी तथा देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहने से भी नींद की कमी ने जीवन में तनाव को बढ़ाया है। यह तनाव हमारी खानपान की आदतों को बुरी तरह प्रभावित करके मोटापे को बढ़ाता है। यही वजह है कि एक बहुचर्चित मेडिकल पत्रिका ने चेताया है कि भारत में 2050 तक पैंतालीस करोड़ युवा मोटापे की चपेट में आ सकते हैं।

# सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता का विषय

**हृदयनारायण दीक्षित**

तमाम प्रयासों के बावजूद संसद ठीक से नहीं चल रही है। इसी तर्ज पर राज्यों के विधान मण्डल भी हल्ले-गुल्ले का शिकार हो रहे हैं। बीते बुधवार व गुरुवार को संसदीय कार्यवाही में बाधा डाली गई। कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों ने सदन में विधेयकों की प्रतियां फाड़ दीं। बाधा-व्यवधान के कारण संसद और विधान मण्डल में कार्य दिवस घटे हैं। शांतिपूर्ण बहसें नहीं होतीं। पूरा मानसून सत्र घोर अव्यवस्था का शिकार हुआ। मानसून सत्र में लोकसभा सिर्फ 37 घंटे ही चली और राज्यसभा में कुल 41 घंटे 15 मिनट काम हुआ। मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय संसदीय व्यवस्था पूरी तौर पर असफल हो गई है? क्या इसको बचाने के लिए कोई उपाय हैं?

सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता है। समय-समय पर लोकसभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में इस विषय पर गंभीर चर्चा होती रहती है। पिछली लोकसभा के समय देश के सभी विधानसभा अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों का एक सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में हुआ था। गंभीर चर्चा हुई थी। इसके पहले भी लगभग हर साल सदनों के व्यवधान पर पीठसीनों के सम्मेलनों में गंभीर चर्चा हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदनों के व्यवधान की समस्या पर विचार-विमर्श के लिए समिति बनाई थी। मैं इस समिति का संयोजक बना था। एक विधायक के रूप में मैंने 6 कार्यकाल सदन की कार्यवाही को निकट से देखा है। सदनों में अव्यवस्था व व्यवधान की समस्या को आसानी से नहीं सुलझाया जा सकता। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श जरूरी है।

संसद और विधानमण्डल अपने कार्य संचालन की प्रक्रिया के स्वामी हैं। संविधान में संसद परिपूर्ण विचार स्वातंत्र्य है। कार्यवाही की विधि मान्यता प्रक्रियागत त्रुटि के आधार पर चुनौती न दिए जाने के अधिकार हैं। संसदीय कार्यवाही में अध्यक्ष, पीठासीन का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है। अध्यक्ष की एक विशेष गरिमा है। इस गरिमा का मूल आधार तटस्थता और निष्पक्षता है। दलबदल कानून को लेकर अध्यक्षों पर कई सवाल उठे हैं। बात सर्वोच्च न्यायपीठ तक पहुंची है। यह गरिमा का विषय ही था कि एक समय लोकसभा अध्यक्ष आयंगर ने कहा था कि, ÷मैं एक दल और दूसरे दल में भेद नहीं करता।÷ लेकिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के सदस्य बने रहे। संसदीय प्रणाली में आत्म रूपांतरण की शक्ति होती है, लेकिन आत्मसुधार बहुत आसान नहीं होता। स्वयं को अनुशासित बनाए रखना अग्नि पर चलने जैसा कष्ट साध्य है। कुछ परिस्थितियां ऐसी हैं, जिनमें अध्यक्ष, पीठासीन के सामने चुनौती होती है। सरकार सदनों में बजट के सारे बिन्दु रखती है। बजट का पारण



**संसद और विधानमण्डल अपने कार्य संचालन की प्रक्रिया के स्वामी हैं। संविधान में संसद परिपूर्ण विचार स्वातंत्र्य है। कार्यवाही की विधि मान्यता प्रक्रियागत त्रुटि के आधार पर चुनौती न दिए जाने के अधिकार हैं। संसदीय कार्यवाही में अध्यक्ष, पीठासीन का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है। अध्यक्ष की एक विशेष गरिमा है। इस गरिमा का मूल आधार तटस्थता और निष्पक्षता है। दलबदल कानून को लेकर अध्यक्षों पर कई सवाल उठे हैं। बात सर्वोच्च न्यायपीठ तक पहुंची है। यह गरिमा का विषय ही था कि एक समय लोकसभा अध्यक्ष आयंगर ने कहा था कि, ÷मैं एक दल और दूसरे दल में भेद नहीं करता। लेकिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से त्यागपत्र दे दिया।**

महत्वपूर्ण संसदीय कार्य है, लेकिन सदनों के भीतर होने वाले शोरगुल और व्यवधान बहस का समय खा जाते हैं। तब भारी व्यवधान के बीच ही बजट का पारण होता है। बजट के महत्वपूर्ण प्रावधान भी बिना बहस पारित होते हैं। यह अच्छी परंपरा नहीं है, लेकिन इसका विकल्प भी नहीं है। विधेयक पारित कराना सरकार की प्राथमिकता है। अव्यवस्थित सदन में बजट पर विचार नहीं हो पाता।

समाज को प्रभावित करने वाले विधायकों पर चर्चा नहीं होती। व्यवस्थित सदन में बिना बहस बजट का पारण होता रहा है। ऐसे ही संसदीय व्यवस्था पिटती रही है। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप बहुत खतरनाक होते हैं। असहमति के अधिकार बेशक प्रत्येक के पास होते हैं, लेकिन असहमति और शत्रुता में फर्क करना चाहिए। देश के प्रायः सभी सदनों में व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप लगते हैं। शब्द का अपना सामर्थ्य होता है। शब्द की मार बड़ी है। शब्द को गाली गलौज के लिए उपयोग करना निंदनीय है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में लिखा है कि, ÷शब्द को निश्चित स्थान पर रखने से भाव बदलते हैं। लेकिन मान्यवर नहीं सुनते। संकट बड़ा है। इसे राष्ट्रीय शर्म, निन्दनीय और लज्जाजनक बताने मात्र से परिवर्तन नहीं होगा। दलतंत्र शब्द आक्रमण से नहीं डरता।

आरोप-प्रत्यारोप ही उसका मुख्य कौशल है। लोकसभा चुनाव में हजारों प्रत्याशी टिकटार्थी कतारबद्ध रहते हैं। पार्टी के टिकट पर सांसद विधायक बनने के प्रत्याशी होते हैं। आवेदन पत्र में प्रविष्टि होनी चाहिए कि वे सदन में जाकर कैसा आचरण करेंगे? क्या वे मर्यादा पालन करेंगे? क्या सभी दल संसदीय परम्परा के जानकार लोगों को प्रत्याशी बनाने को तैयार हैं? भारत प्राचीन काल से ही जनतंत्री है। ऋग्वैदिक काल में सभा समितियां थी। अथर्ववेद में स्तुति है ÷सभा में सभ्य हों, सभ्यों से सभा चले। सदस्य सभ्य रहें-सभ्यं सभा में पाहि, च सभ्याः सभासद। अथर्ववेद के रचनाकाल में सभा समिति में सभ्य सभासदों की प्यास है। सभेय होने का अर्थ ही सभ्य होना है। सभ्य से सभ्यता है। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान बन जाने के बाद संविधान सभा (25.11.1949) में कहा, यह बात नहीं कि भारत संसदीय प्रक्रिया से परिचित न था। बौद्ध संघ संसद थे। आधुनिक संसदीय प्रक्रिया के सभी नियम उस समय भी थे। भारत से यह लोकतंत्री व्यवस्था मिट गयी। क्या वह फिर से इस व्यवस्था को मिटा देगा? डॉ. अम्बेडकर की शंका निर्मूल नहीं कही जा सकती। संसदीय व्यवस्था का संकट अखिल भारतीय है। संसदीय व्यवस्था के शपथी ही यह व्यवस्था तोड़ रहे हैं। आखिरकार जनगणमन निरूपाय और लाचार क्यों है? जनशक्ति आगे आए। सदनों की अव्यवस्था को पटरी पर लाना राष्ट्रीय कर्तव्य है जनतंत्र भारत की जीवनशैली है। भारत का राजधर्म राष्ट्रधर्म है। राष्ट्रधर्म और सनातन जीवनशैली पर हमला बर्दास्त करना त्रासद है। संसदीय कार्यवाही का सौन्दर्य अध्यक्ष/पीठासीन पर निर्भर है। दलबदल कानून (52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985) विधायी सदनों के सभी सदस्यों पर लागू है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष/विधानसभा अध्यक्ष/राज्यसभा व विधान परिषद के सभापति और उक्त सदनों के उपाध्यक्षों/उपसभापतियों को छूट है कि वे निष्पक्ष बने रहने के लिए दल त्याग कर सकते हैं।

## विचार

# बिहार से बंगाल तक घुसपैठ पर प्रधानमंत्री की गहरी चोट

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बिहार एवं पश्चिम बंगाल के प्रवास के दौरान जिस एक बात पर प्रमुखता से जोर दिया वह है घुसपैठ। उन्होंने जब यह कहा कि भारत का भविष्य घुसपैठिए तय नहीं करेंगे, बिहार के युवाओं का रोजगार छीना नहीं जाएगा और बंगाल को घुसपैठ से मुक्त कराना है, तो यह सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं कहा जाएगा। वस्तुतः यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक संरचना और लोकतंत्र की बुनियाद से जुड़ी आज की एक अहम चिंता है, जिसका कि समाधान हर हाल में होना जरूरी है। उन्होंने जनता से सीधे पूछा है कि क्या आप यह बर्दाश्त करेंगे कि कोई घुसपैठिया आपकी जमीन पर कब्जा कर ले, आपका रोजगार छीन ले और आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा पर हमला कर दे?

देखा जाए तो यह सवाल सिर्फ बिहार और बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर राज्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है, जहां पर आज घुसपैठियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। प्रधानमंत्री ने इसे डेमोग्राफी मिशन के रूप में सामने रखा है और स्पष्ट किया है कि जल्द ही यह मिशन शुरू होगा, हर घुसपैठिए की पहचान होगी और उन्हें देश से बाहर निकालकर ही दम लिया जाएगा। वैसे घुसपैठ देश के सामने केवल सुरक्षा चुनौती नहीं है, यह हमारी सामाजिक संरचना, संसाधनों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा हमला है।



इसकी भयावहता आप इससे समझ सकते हैं कि देश के अकेले राज्य बिहार के सीमांचल क्षेत्र के जिलों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में पिछले दो दशकों के दौरान जनसंख्या का संतुलन बदल चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी ज़मीन पर कब्ज़े हो रहे हैं और रोज़गार पर बाहरी लोग हावी हो रहे हैं। बंगाल में मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जैसे ज़िलों की तस्वीर पहले ही बदल गई है! यही सच; प्रधानमंत्री के शब्दों में गूंजता है, जब वे कहते हैं कि हम बिहार और बंगाल की डेमोग्राफी को घुसपैठियों के हाथों बदलने नहीं देंगे। ताजा आंकड़े बताते हैं कि समस्या बहुत गंभीर है। गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 में जुलाई तक पश्चिम बंगाल में 723 घुसपैठियों को पकड़ा गया। 2024 में यह संख्या 1,694 थी और 2023 में 1,547। यह भले ही गिरावट दिखाता है, लेकिन यह तो उन लोगों का आंकड़ा है, जिन्हें बहुत प्रयासों से ढूंढ ढूंढ कर पकड़ा गया है। वस्तुतः यह एक राज्य की स्थिति है, इसी प्रकार से हर राज्य में साल भर में जितने घुसपैठिए पकड़े जाते हैं, यदि उनकी संख्या जोड़ेंगे तो यह हजारों और लाखों तक जा पहुंची है। आज इस बात के पुख्ता प्रमाण है कि हजारों हजार लोग सीमा पार कर भारत में घुस रहे हैं। असम सरकार ने तो हाल ही में बड़ा कदम उठाते हुए अक्टूबर 2025 से वयस्कों के आधार पंजीकरण को रोकने तक का आदेश दिया है ताकि घुसपैठिए पहचान-पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बनने का रास्ता न निकाल सकें। इसके लिए विशेष एसओपी तैयार की गई है, जिसमें विदेशी ट्रिब्यूनल, पुलिस और खुफ़िया एजेंसियों से जांच होगी। यह फैसला दिखाता है कि राज्य सरकारें अब कितनी सतर्क हो गई हैं।

**देशव्यापी स्तर पर देखें तो 2017 से 2022 के बीच 14,346 विदेशी नागरिकों को भारत से निर्वासित किया गया। मगर यह केवल हिमशैल का ऊपरी हिस्सा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में 2 से चार करोड़ के बीच बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हो सकते हैं। भारत में करीब 40,000 से एक लाख तक रोहिंग्या मुसलमान भी रह रहे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार सुरक्षा खतरे के रूप में चिन्हित कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने साफ कहा है कि पूरे देश में घुसपैठियों की सटीक संख्या बताना असंभव है क्योंकि वे दस्तावेज़ जालसाज़ी करके पहचान-पत्र बना लेते हैं और समाज में घुलमिल जाते हैं। अनुमान और पकड़े गए मामलों से यह तस्वीर साफ होती है कि समस्या बहुत व्यापक और गंभीर है। हाल ही में बिहार के भागलपुर में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम मतदाता सूची में पाए गए।**

देशव्यापी स्तर पर देखें तो 2017 से 2022 के बीच 14,346 विदेशी नागरिकों को भारत से निर्वासित किया गया। मगर यह केवल हिमशैल का ऊपरी हिस्सा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में 2 से चार करोड़ के बीच बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हो सकते हैं।

इसके अलावा भारत में करीब 40,000 से एक लाख तक रोहिंग्या मुसलमान भी रह रहे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार सुरक्षा खतरे के रूप में चिन्हित कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने साफ कहा है कि पूरे देश में घुसपैठियों की सटीक संख्या बताना असंभव है क्योंकि वे दस्तावेज़ जालसाज़ी करके पहचान-पत्र बना लेते हैं और समाज में घुलमिल जाते हैं।

इसके बाद भी अनुमान और पकड़े गए मामलों से यह तस्वीर साफ होती है कि समस्या बहुत व्यापक और गंभीर है। हाल ही में बिहार के भागलपुर में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम मतदाता सूची में पाए गए। इसी प्रकार से समय समय पर कई फर्जी नाम सामने आते रहे हैं, वस्तुतः यह कोई मामूली घटना नहीं बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है। पश्चिम बंगाल में कई बार रिपोर्ट आई है कि मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम दर्ज हो रहे हैं।

## जहां मिलती हैं प्रकृति और सौभाग्य की देवियां

नेपाल, भारत का पड़ोसी देश, बिना पासपोर्ट की विदेशी सैर का शानदार विकल्प है। हिमालय की गोद में बसा यह देश अपने प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर, तीर्थस्थलों और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। काठमांडो, पोखरा और नागरकोट जैसे शहर इसकी पहचान हैं। यहां हर मौसम में घूमने का अलग ही आनंद है। नेपाल और उसकी राजधानी काठमांडो भारतीय पर्यटकों के दिल से जुड़ा है।

एक तो पड़ोसी देश है, और दूसरा, नेपाल के अलावा बिना पासपोर्ट विदेश की सैर किसी और देश में मुमकिन नहीं है। यानी नेपाल जाने-आने के लिए भारतीय पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, अपनी पहचान के तौर पर पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार वगैरह में से कोई एक डॉक्यूमेंट ले कर जाना पड़ता है। नेपाल हिमालय की ऊंचे-ऊंचे शिखरों का देश है। खास बात है कि समुद्र तल से 8000 मीटर ऊंचे दुनिया के 14 शिखरों में से 8 नेपाल में ही हैं। देश छोटा है तो राजधानी भी छोटी-सी ही है। काठमांडो 20 किलोमीटर चौड़े और 25 किलोमीटर लम्बे इलाके में फैला है। सड़कों पर इलेक्ट्रिक ट्रॉली, बस, टैक्सी, ऑटो और रिक्शा चलते हैं। ट्रेन है ही नहीं। चोरी-चकारी और जेबकतरों का कोई भय नहीं है। गांवों के घरों में आज भी कुंडी-चिटकनी लगाने का इंतजाम ही नहीं है। काठमांडो के आसपास के कस्बों के घरों के खिड़की-दरवाजे देखने लायक हैं। गजब की बारीक नक्काशी दंग करती है। पाटान और भक्तपुर नाम के पुराने शहरों के मकानों की बनावट-निर्माण शैली खासतौर से लुभाती है। बताते हैं कि नेपाल की धरती पर ढाई हजार साल पहले भगवान बुद्ध ने जन्म लिया था। भगवान बुद्ध का जन्म 623 ईसा पूर्व में दक्षिणी नेपाल के तराई मैदानों में स्थित लुम्बिनी में हुआ था। इसका प्रमाण मौर्य सम्राट अशोक द्वारा 249 ईसा पूर्व में स्थापित स्तंभ पर अंकित शिलालेख से मिलता है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक प्राचीन काल में नेपाल पर गोपाल, अमीर और किरानों का शासन रहा। नौवीं सदी तक लिच्छिवियों ने राज किया। आगे 12वीं सदी तक मल्लवंश का राज रहा। मल्लवंश के आखिरी शासक यक्षमाला के निधन के बाद नेपाल तीन स्वतंत्र राज्योंकृकाठमांडो, भक्तपुर और ललितपुर में बंट गया। सन 1769 में, राजा पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल को एक करके शाह वंश की स्थापना की। आज लोकतंत्र है। नेपाल में क्या नहीं है? कुदरती नजारे हैं, सुहावना मौसम है, तीर्थ है, राज दरबार है, पार्लियामेंट है, विदेशी सामान से अटे बाजार हैं, पंचतारा होटल हैं और रात-रात भर चलते कसीनो हैं।

नेपाल कसीनो का पुराना अड्डा है। सभी कसीनो 24 घंटे खुलते हैं। कसीनो का नारा है'नेपाल वेअर मदर नेचर एंड लेडी लक मीट'। यानी प्रकृति की देवी और सौभाग्य की देवी के मिलन का देश है। नेपालियों को कसीनो में खेलने की सख्त मनाही हैं। केवल विदेशी ही कसीनो में जुआ खेल सकते हैं।

बहादुर शाह मार्ग, पृथ्वी नारायण मार्ग, भख्तापुर वगैरह साफ-सुथरे इलाकों के बीच काठमांडो की सबसे खूबसूरत सड़क दरबार मार्ग है। शान दिल्ली के कर्तव्य पथ (पुराना नाम राजपथ) जैसी है, लेकिन कर्तव्य पथ के इर्द-गिर्द बाग-बगीचे हैं, जबकि दरबार मार्ग पर होटल, रेस्तरां, शोरूम और ऑफिस हैं। दरबार मार्ग के बीचोंबीच एकदम सामने राज दरबार है। न्यू रोड स्थित 'विशाल बाजार' नाम की सुपर मार्केट में खरीदारों के दीवानों का रश रहता है। यहां चीन, जापान, ताइवान, कोरिया वगैरह देशों का सामान जो मिलता है। काठमांडो में 400 साल पुरानी लोककला की वस्तुएं भी खूब बिकती हैं। प्राचीन कलाकृतियां, हथबुने गलीचे, खुखरी, गोरखा चाकू, मुखौटे और शालें नेपाल की खासमखास सौगातें हैं। तमाम नेपाली सौगातें आलीशान शोरूमों से लेकर पटरी बाजारों तक पर मिलती हैं। वहां इतवार की बजाय हर शनिवार साप्ताहिक अवकाश होता है। यानी तमाम स्कूल, कॉलेज और सरकारी-प्राइवेट दफ्तर शनि के शनि छुट्टी करते हैं।



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे।

# सूचना एवं ज्ञान व्यक्ति व देश के विकास के लिए आवश्यक स्तम्भ

**संजीव ठाकुर**

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता, मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है।

**मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता, मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम व ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही, बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।**

प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही, बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था, उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है।

गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि पाप से घृणा करो पापी से नहीं फ्ल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना किश् ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैंश्। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# अटल आवासीय विद्यालय में वायरल संक्रमण का कहर

- अनेक छात्र बीमार, डाक्टरों की टीम ने किया इलाज

बांदा, समृद्धि न्यूज।



जिले में अछरौड़ स्थित अटल आवासीय विद्यालय में वायरल संक्रमण फैलने से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार हो गए। शुक्रवार को अचानक विद्यालय में पढ़ने वाले 36 से अधिक छात्रों को तेज बुखार, खांसी और शरीर में दर्द की शिकायत हुई। स्थिति बिगड़ने पर शिक्षकों ने सभी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों की टीम ने उनका उपचार किया।

बाल रोग विशेषज्ञ डा. आर.के. गुप्ता ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा उपलब्ध कराई। इसके बाद बच्चों की हालत स्थिर होने पर उन्हें वापस विद्यालय भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीएमओ, सीएमएस और अपर पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और बीमार छात्रों का हालचाल लिया।

विद्यालय के फार्मासिस्ट महेश गुप्ता ने शनिवार को बताया कि करीब 40 से 50 बच्चे संक्रमण की चपेट में आए हैं। सीएमओ डा. विजेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों की नियमित जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे शुक्रवार को वायरल फीवर की चपेट में आए थे। जानकारी मिलने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ोखर टीम ने बच्चों का उपचार किया था।

इन सभी बच्चों को आज फिर जिला अस्पताल में लाया गया, जहां बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर आरके गुप्ता और डाक्टर अशोक राजपूत ने इलाज किया। उनकी हालत में सुधार को देखते हुए सभी बच्चों को वापस विद्यालय भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर न होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। लगातार बदलते मौसम के बीच यह संक्रमण और तेजी से फैल रहा है।

## रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए प्राचार्य से मिले सिविल कोर्ट के कर्मचारी



बांदा, समृद्धि न्यूज। सिविल कोर्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुन्नीलाल वर्मा, जितेन्द्र कुमार, मनोज जैन, मोतीलाल वर्मा, रोआब आलम अभिलेख अधीक्षक आदि अधिकारियों एवं असीम कुमार समाजसेवी ने आज मेडिकल कालेज के प्राचार्य सुनील कौशल से भेंट की। इस अवसर पर रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने एवं शीघ्र ही रक्तदान शिविर आयोजित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। प्राचार्य सुनील कौशल ने सभी उपस्थित अधिकारियों को आश्वस्त किया कि कालेज प्रशासन इस नेक कार्य में पूर्ण सहयोग करेगा तथा जल्द ही रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। अंत में प्राचार्य श्री कौशल ने समाजहित में दिए गए इस सराहनीय पहल के लिए सभी अधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस प्रकार शीघ्र ही शहर में एक भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिससे असहाय व जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा।

# ग्रामीणों का स्वास्थ खराब होने पर संक्रामक रोग निरोधक टीम ने किया परीक्षण

- 32 मरीज का उपचार कर दवाइयों का किया वितरण

बांदा, समृद्धि न्यूज।



ग्राम पंचायत मसुरी के अर्न्तगत ग्राम खिरवा में मोमोज खाने पर बिगडी ग्रामीणों तवियत की सूचना पर जनपद एवं ब्लाक स्तरीय संक्रामक रोग निरोधक टीम द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही की गई जिसमें समस्त ग्राम में लार्वा निरोधक दवा का छिडकाव किया गया, समस्त ग्राम वासियों को क्लोरीन की 2000 टैबलेट एवं 97 ओ0 आर0 एस0 पैकेट का वितरण किया गया तथा 32 मरीजों को उपचारित किया गया।

गंदगी वाले स्थानो पर मैलाथियान डस्ट को छिडकाव किया गया तथा बुखार के 14 मरीजों की मलेरिया जॉच हेतु रक्त पट्टिकाऐं बनाई गई। ग्राम में एक अतिकुपोषित बच्ची नाम चॉदनी पुत्री श्री मुन्ना वर्मा उम्र 18 माह मिलने पर टीम सदस्यों ने एन0 आर0 सी0 में उपचार कराने हेतु प्रेरित किया। सहायक मलेरिया अधिकारी श्री विजय बहादुर ने समस्त ग्राम वासियों को साफ पानी पीने,खुले में शौच न करने तथा साफ- सफाई के विषय में एवं रोगों से संक्रमित हाने से बचाने के लिये जनमानस को स्वास्थ्य शिक्षा दी एवं टीमों द्वारा घर-घर जा कर मच्छर पैदा होने की पस्थितियों को चौक किया साथ ही बताया गया कि माह जून से नवम्बर तक के दिनों में संक्रामक रोग तीव्र गति से फैलते है।

टीम सदस्यो में सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, एम0 ओ0 डा0 देवेन्द्र त्रिपाठी, डा0 सारंग राजपूत, हेल्थ सुपरवाइजर श्री राकेश खरें, फार्मासिस्ट अदनान खलिद, ए0एन0एम0 प्रीती चौरसिया, कल्पना एवं ग्राम प्रधान प्रेमा, आशा बहु मीना उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### आयुष्मान आरोग्य के सामने लगा हैंडपंप खराव होने से आने वाली महिलाओं को पेयजल की दिक्कत



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थिति आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामने लगा हैंड पंप खराब होने से टीकाकरण आदि के लिए आने वाली महिलाओं को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत में हैंड पंप मरम्मत के नाम पर लाखों का बजट खर्च किया जाता है। लेकिन इस हैंड पंप का मरम्मत नहीं हो पा रहा है। इसके आसपास सफाई व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने इस हैंडपंप को ठीक कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की है।

### कुरारा के क्राइम इंस्पेक्टर होंगे मेला प्रभारी

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने मेला कोतवाली का प्रभारी कुरारा के क्राइम इंस्पेक्टर को बनाया है। यह जानकारी उन्होंने पशु बाजार मेला प्रांगण के निरीक्षण के दौरान मेला मालिक आदि से वार्ता करने के दौरान दी है। मेला मालिक ने यह मांग पीस कमेटी की बैठक में की थी। उन्होंने कहा था कि वह यहां तैनाती के दौरान मेला कोतवाली के प्रभारी रह चुके हैं। उनके अनुभव को देखते हुए यहां तैनात किया जाए। शनिवार को पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा पशु बाजार मेला मैदान का निरीक्षण करने पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला मालिक सौमित्र सिंह से बातचीत के दौरान बताया कि कुरारा में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव को मेला कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने मेला मैदान में बनने वाली अस्थाई मेला कोतवाली की जगह का भी अवलोकन करके मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### देवांश तिवारी के खून से बची रामप्रकाश की जान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल में भर्ती कांशीराम कॉलोनी निवासी रामप्रकाश को खून की जरूरत पड़ने पर चंकी पांडेय के मित्र देवांश तिवारी ने रक्तदान करके मरीज की जान बचाई है। बुंदेलखंड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी को दिल से सलूट किया है।

### महिला ने पति सहित ससुराली जनों के ऊपर दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति समेत ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम पढ़ोरी निवासी आकांक्षा वर्मा पुत्री अरुण कुमार ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि मार्च 2025 में उसके पिता ने थाना क्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम बांक निवासी लवलेश पुत्र कामता के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह किया हुआ था जिसमें उसने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देखकर उसको विदा किया था लेकिन उसका पति व ससुरालीजन दहेज को लेकर संतुष्ट नहीं थे वह चार पहिया वाहन और ?300000 की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जिस पर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति लवलेश, ससुर कामता, सास सावित्री, देवर सुनील निवासीगण ग्राम बांक थाना सुमेरपुर व मामा ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कराया दर्ज

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन की ससुराल गई नाबालिग बालिका के साथ गांव के युवक ने उसे बहला फुसला उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली मौदहा में पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के एक गांव की नाबालिक बालिका के पिता ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि उसकी नाबालिग पुत्री एक पखवारेपूर्व अपनी बड़ी बहन के ससुराल मदारपुर गई हुई थी तभी वहां एक युवक ने उसे बहैला फुसला अपने प्रेम जाल में फंसा उसके साथ बलात्कार जैसी घटना को अंजाम दे डाला। इस मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी युवक संतोष कुमार पुत्र राममिलन निवासी मदारपुर के खिलाफ पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### थाना समाधान दिवस आयोजित



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बसंल द्वारा थाना मटौन्ध में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया । इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 34 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया।

# प्रशिक्षु क्रिकेट खिलाड़ी द्विज राज सिंह का स्पोर्ट कालेज लखनऊ के लिए हुआ चयन

- पिछले डेढ़ साल से क्रिकेट कोच शिव प्रताप सिंह के अंडर में ले रहा थे प्रशिक्षण

बांदा, समृद्धि न्यूज।



सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम बांदा के प्रशिक्षु क्रिकेट खिलाड़ी द्विज राज सिंह,ग्राम जमालपुर बाँदा निवासी इनके पिता विजयकरण सिंह एक प्राइवेट स्कूल में बाबू है का चयन स्पोर्ट कालेज लखनऊ में हुआ है यह पिछले डेढ़ साल से क्रिकेट कोच शिव प्रताप सिंह के अंडर में प्रशिक्षण ले रहा था बांदा क्रिकेट के इतिहास में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में क्रिकेट से चयनित होने वाले खिलाड़ियों में 6 नंबर पर हैं इस उपलब्धि पर इस बच्चे का स्पोर्ट स्टेडियम बांदा में सम्मान किया गया जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज छोटे लाल यादव, डिस्ट्रिक्ट जज जुडिशियल रेलवे दिव्यकांत सिंह राठौर, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव वासिफ जमा खा धनंजय करवरिया तारिक खान , महेंद्र कछवाह मनोज मिश्रा, डीवीसीए के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, मोहम्मद अहमद,फुटबॉल कोच अमित मंडल वॉलीबॉल कोच अभिषेक बैडमिंटन कोच भानु, कबड्डी कोच प्रियम त्रिपाठी, डिप्टी स्पोर्ट आफिसर श्रीमती कल्पना कमल और और साथ में सभी ट्रेनिज खिलाड़ियों ने अच्छा खेल प्रदर्शन कर अपने जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बाइक सवार ने साइकिल से जा रही छात्रा को मारी टक्कर



कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में खिरवा मोड़ के पास बाइक सवार ने साइकिल से जा रही छात्रा को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सहित तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों को स्थानीय सी एस सी में भर्ती कराया गया क्षेत्र के खिरवा गांव निवासी छात्रा प्रियांशी 16 वर्ष पुत्री रामपाल साइकिल से अपने गांव की तरफ जा रही थी। कुरारा से हमीरपुर तरफ जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे छात्रा व बाइक सवार सड़क में गिरकर घायल हो गए।राहगीरों की मदद से तीनों को कुरारा सी एस सी लाया गया। तथा उपचार किया गया।बाइक सवार विपिन 18वर्ष पुत्र श्रीपाल व पुष्पा 20 वर्ष पुत्री रामनारायण बाइक में थे। तीनों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## दहेज हत्या के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, पीड़ितों ने एसपी से लगाई गुहार

बांदा, समृद्धि न्यूज।



ससुरालीजनों के जुल्म के शिकार के बाद दहेज हत्या की भेंट चढ़ी युवती के परिजनों ने आरोपी सास, ननद और नन्दोई को गिरफ्तार करने के मांग एसपी से की है।

एसपी को दिये शिकायती पत्र में बबेरू तहसील क्षेत्र के ग्राम पवईया निवासी शिवशरण यादव पुत्र रमई यादव ने बताया है कि उसने अपनी पुत्री रोहिनी की शादी लवलेश यादव से की थी।

दहेज को लेकर लगातार उसकी पुत्री को पति, सास, ननद और नन्दोई द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। इतना ही नहीं युवती का नन्दोई फोन पर अश्लील बाते करते हुए शारीरिक संबंध बनाने के लिए भी दबाव बनाता रहा। इसके बाद सभी मिलकर उसकी पुत्री को फांसी लगाकर मार डाला। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जहां आरोपी पति को जेल भेज दिया गया।

वहीं अभी तक सास, ननद और नन्दोई को मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उल्टा आरोपियों को द्वारा सुलह के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने एसपी से कार्यवाह की मांग की है।

## तीजा मेला स्थल व नागनाथन तालाब का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को आगामी ऐतिहासिक तीजा मेले के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा द्वारा तीजा मेला स्थल एवं नागनाथन तालाब का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए गए ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही पैदल गश्त, बैरिकेडिंग एवं सीसीटीवी निगरानी की समुचित व्यवस्था की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तीजा मेला जनपद की आस्था एवं संस्कृति से जुड़ा हुआ है, अतः इसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाएगा।
निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पत्रकारों की बेगुनाही बयान करने एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता

- पत्रकारों से किसी भी प्रकार की पहचान से पीड़िता ने किया इंकार
- विवेचना को प्रभावित करने के लिए जोड़ दिए निर्दोष पत्रकारों का नाम

बांदा, समृद्धि न्यूज।



महिला से कथित छेड़छाड़ सहित कई संगीन मामलों के आरोपी रेस्टोरेंट संचालक की पत्नी द्वारा कलमकारों के उपर लगाये गये रंगदारी के आरोपों के बाद पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पूरी दास्तान कप्तान को सुनाते हुए पत्रकारों से किसी भी प्रकार के संबंध और पहचान से इंकार किया है। पीड़िता ने अपना शपथ पत्र देकर मीडिया के सामने अपनी आवाज को बुलंद की है।उन्होंने कहा की लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले जाबाज पत्रकार अनिल तिवारी, अंशू गुप्ता, शालिनी पटेल को मै नहीं जानती मेरे शिकायती पत्र की कराई जाए निष्पक्ष जांच। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया की पीड़ित ने कोतवाली नगर बांदा में आरोपी योगेश शुक्ला के ऊपर 17 अगस्त को मुकदमा दर्ज कराया था जिससे नाराज होकर आरोपी की पत्नी ने विवेचना प्रभावित करने के लिए वसूली गैंग बताकर मेरे साथ कई लोगों को जोड़कर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त मु.अ.स. 0678/25 धारा 74, 316 (2), 351(2) नगर कोतवाली में 17 अगस्त को दर्ज हुआ था। जिसको प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया में आरोपी की पत्नी ने मेरे साथ अंशू गुप्ता, अनिल तिवारी, शालिनी पटेल को जोड़कर रंगदारी मांगने के कथित आरोप लगाए है। शिकायती पत्र मे बताया कि इन तीनों को मै जानती न ही पहचानती हूं जबरिया इनका नाम मेरे साथ जोड़कर मुझे उकसाने को कहा गया है। पीड़िता ने कहा की अभियुक्त की पत्नी द्वारा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र पूर्ण रूप से झूठा व निराधारहै।जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।अभियुक्त की पत्नी अपनी रंजिश के कारण इन तीनों का नाम मेरे मु.अ.सं. 678/25 को विवेचना में प्रभावित करने के लिए दिया है। पीड़ित ने मांग की है कि अभियुक्त की पत्नी सरिता शुक्ला की जांच कराते हुए कानूनी कार्यवाही की जाए।जिससे कोई बेगुनाह फंस न सकें।

# रिपोर्ट दर्ज होने व आरोपियों की गिरफ्तारी के 36 घंटे बाद हुआ युवक का अंतिम संस्कार

- चोरी का आरोप लगने से सहमे युवक ने की थी आत्महत्या



भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।

आत्महत्या को मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज होने के उपरांत नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के पश्चात भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के 36 घंटे बाद मृत युवक का गांव में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में ग्राम प्रधान सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे बीते बुधवार को थानाक्षेत्र के ग्राम कैथी निवासी अजीम खान गांव निवासी सुनील कुशवाहा पर 80हजार रुपये चोरी करने का आरोप लगाया था। पुलिस चौकी में बुलाएं जाने पर युवक गांव से लापता हो गया था। गुरुवार की सुबह यह रामपुर चौडगरा थाना जसपुरा बांदा में सड़क किनारे पेड़ पर लटका मिला था। शव के शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी थी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप गांव के चार लोगों पर लगाया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार की शाम शव परिजनों के सुपुर्द किया था। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। शुक्रवार को कैथी में तनाव पैदा होने लगा। इसकी भनक लगने पर थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने भारी पुलिस बल तैनात किया और थानाध्यक्ष जसपुरा से वार्ता करके स्थित से अवगत कराया। शुक्रवार को देर रात जसपुरा पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर गांव निवासी अजीम खान,असीम खान पुत्रगण लल्लू खान, नीरज शिवहरे एवं लल्लू खान को नामजद करके बीएनएस की धारा 108, 352, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद थाना पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर जसपुरा पुलिस के सुपुर्द किया है। रिपोर्ट दर्ज होने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद शनिवार को सुबह पोस्टमार्टम के 36 घंटे बाद युवक का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान ग्राम प्रधान अरिमर्दन सिंह के अलावा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## टेनरी मोहल में सड़क न होने से लोगों को आने-जाने में हो रही दिक्कत



कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

अगस्त कस्बा कुरारा के टेनरी मोहाल में सी सी सड़क न होने के कारण मोहल्ले के लोगों

बरसात के मौसम में कीचड़ से होकर निकलना पड़ रहा है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कस्बे के वार्ड तीन टेनरी मोहाल निवासी विनय कुमार, राजू, लल्लू , हरिपाल, नरेश आदि ने बताया कि कस्बे के मेन हाइवे में चंदेल मार्केट के बगल से बस्ती को गए रास्ते में सी सी रोड न होने के कारण बरसात के मौसम में कीचड़ भरे रास्ते से निकलना पड़ता है। हाइवे से लेकर विनय कुमार के मकान तक यह रास्ता खराब है। तथा इस बस्ती में रहने वालो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत नगर पंचायत से की गई है। बरसात में इस बस्ती में जलभराव भी हो जाता है। अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। मोहल्ले के लोगो ने अधिशाषी अधिकारी से इस रास्ते में सी सी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## भाद्रपद अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गोरखगिरि की लगाई परिक्रमा




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** भाद्रपद अमावस्या पर कामदगिरि की परिक्रमा लगाने जो श्रद्धालु चित्रकूट नहीं जा पाए, उनमें से बहुत से श्रद्धालुओं ने आज सुबह तड़के धार्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा में शामिल होने जिले से 12 किलोमीटर दूर स्थित सिजहरी गांव से भी तमाम श्रद्धालु पहुंचे। परिक्रमा की अगुवाई कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि भाद्रपद अमावस्या का बुंदेलखंड क्षेत्र में विशेष महत्व है। श्रद्धालु लाखों की संख्या में पैदल चित्रकूट जाते हैं। वहां न जा पाने वाले श्रद्धालु महोबा के गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाते हैं। इस पर्वत का भी प्रभु श्री राम से गहरा नाता रहा है और गोरखगिरि के प्रति भी श्रद्धालु कामदगिरि जैसा श्रद्धा भाव रखते हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया कि परिक्रमा सुबह शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई और ओम नमः शिवाय जाप के साथ पठवा के हनुमान जी, महावीरन, केदारेश्वर महादेव, संकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, राम दरबार, छोटी चंडिका, नाग देवता मंदिर, बालाजी हनुमान व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव मंदिर पर संपन्न हुई। इस मौके पर मनीष जैदका, गया प्रसाद, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, प्रहलाद, डा.

# लाइन हाजिर होने के बाद भी व्यायामशाला से सिपाही का नहीं हटा कब्जा

- लोगों ने की अवैध कब्जा हटवाने की मांग

महोबा, समृद्धि न्यूज।

शासन और प्रशासन की सख्ती के बाद भी कुछ पुलिस कर्मी विभाग की साख में बट्टा लगाने का काम कर रहे है।

चरखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सूपा गांव स्थित व्यायामशाला में भी एक सिपाही ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। आश्चर्य है कि उसके लाइन हाजिर होने के बाद भी वह अपना कब्जा नहीं छोड़ रहा है। पूर्व प्रधान सहित स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जे हो हटवाने की पूर्व में मांग की थी पर कुछ नहीं हो सका। ग्रामीणों के मुताबिक सूपा गांव में एक लाइन हाजिर सिपाही यहां स्थित व्यायाम शाला में अवैध तरीके से कब्जा किए है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सूचना उच्चाधिकारियों को देने के बाद भी वह कब्जा नहीं छोड़ रहा और खाकी की हनक दिखाकर लोगों को डराता धमकाता है। स्थानीय लोगों ने फिर से उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर सिपाही का सूपा गांव स्थित व्यायामशाला से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

# श्री रघुनाथ मंदिर की जमीन को भू-माफिया के कब्जे से बचाने की लगाई गुहार

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जैतपुर के श्री रघुनाथ जी मंदिर की गाटा संख्या 2147 की ऐतिहासिक एवं धार्मिक भूमि पर भू-माफिया द्वारा फर्जीवाड़े के जरिए कब्जा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंदिर के प्रबंधक पंडित सुशील अरजरिया द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित कई उच्च अधिकारियों को प्रेषित शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत के अनुसार ग्राम जैतपुर, तहसील कुलपहाड़ स्थित गाटा संख्या 2147 की कुल 0.5870 हेक्टेयर भूमि में से 0.5300 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में विधिवत रूप से श्री रघुनाथ मंदिर के नाम पर दर्ज है। यह स्थल वर्षों से धार्मिक आयोजनों, संतों की समाधियों, यज्ञशालाओं और मेलों का केंद्र रहा है। मंदिर की भूमि को हड़पने की नीयत से उपनिबंधक कार्यालय, कुलपहाड़ में फर्जी तरीके से दो इकरारनामे दर्ज कराए गए द्य विलेख संख्या 4505, 12 जून 2025 में लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, शिवनंदन एवं देवकीनंदन ने मुख्तार के पक्ष में 0.251 हेक्टेयर भूमि का इकरारनामा प्रस्तुत किया, जबकि उनके नाम मात्र 0.0029 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। विलेख संख्या 5582, 14 जुलाई 2025 में बाबू एवं



केशव प्रसाद ने सतीश कुमार के पक्ष में 0.168 हेक्टेयर भूमि का इकरारनामा किया, जबकि उनके नाम केवल 0.0190 हेक्टेयर भूमि ही है। इन दस्तावेजों में मूल स्वामित्व से कहीं अधिक भूमि दर्शाई गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि यह एक सुनियोजित फर्जीवाड़ा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुख्तार पुत्र जब्बार एवं उसके सहयोगियों ने मंदिर की यज्ञशाला एवं संतों की समाधियों को नष्ट करने का प्रयास किया। लेखपाल, तहसीलदार और उपनिबंधक कार्यालय द्वारा पूर्व में की गई निरीक्षण रिपोर्टों में भी भूमि की धार्मिक प्रकृति की पुष्टि की गई है। मंदिर प्रबंधक पं. सुशील अरजरिया ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उपरोक्त फर्जी विलेखों को तत्काल निरस्त किया जाए। उपनिबंधक कुलपहाड़ की संलिप्तता की उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की जाए। भू-माफिया मुख्तार एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।भविष्य में किसी भी धार्मिक एवं सार्वजनिक भूमि की रजिस्ट्री से पूर्व राजस्व अभिलेखों की अनिवार्य पुष्टि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पं. अरजरिया ने यह भी आशंका जताई है कि मुख्तार एक दबंग किस्म का व्यक्ति है, जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। उन्होंने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। यह मामला न केवल एक धार्मिक स्थल की पवित्रता से जुड़ा है, बल्कि राजस्व व दस्तावेजीय प्रणाली में गहरी सेंधमारी की ओर भी संकेत करता है। प्रशासन से इस पूरे प्रकरण में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सपा नेताओ ने सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

अन्नदाता जो पूरे देश का पेट भरते हैं आज खुद भूखे प्यासे खाद के लिए सहकारी समितियों के चक्कर काटने को मजबूर है पूरे देश को अनाज उपलब्ध कराने वाला किसान आज एक-एक बोरी खाद के लिए परेशान हाल घूम रहा है यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

उक्त बात पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने जनपद में खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसानों की समस्या से अवगत कराने के लिए समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव हिमांशु यादव एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए व्यक्त किये। पूर्व एमएलसी ने आगे कहा कि हमारे क्षेत्र में खाद की भयंकर किल्लत है हमारे किसानों की कमर तोड़ दी है हर सहकारी समिति पर दिन रात किसान की लंबी-लंबी लाइनों में लगकर पसीना बहा रहे हैं फिर भी अभी तक जरूर के मुताबिक किसी भी किसान को खाद उपलब्ध नहीं हो पाई जो बहुत ही दुखद है इसका समाधान तुरंत होना चाहिए क्योंकि हमारी मिट्टी हमारे किसान और हमारा अन्न ही हमारी ताकत है इनका यूं दिन रात लाइन में लगकर खाद के लिए इंतजार करना किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इसके पूर्व पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू के नेतृत्व एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस की शक्ल में गन्ना दफ्तर से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

इस मौके पर प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल माती, जिला उपाध्यक्ष प्रदुमन यादव, कामता प्रसाद यादव, जिला पंचायत सदस्य चक्खन यादव, जिला सचिव ज्ञान सिंह यादव, प्रदेश सचिव रजनी यादव, तरन्नुम निशा, विजय रावत, हरिनाथ सिंह, रंजीत यादव, अनुज यादव, बलवान सिंह, रामवीर सिंह, दीपक कुमार, दिलीप कुमार, अभिषेक वर्मा, अखिलेश यादव ,अमित यादव, सतीश यादव, पुष्पेंद्र यादव, रमेश चंद्र ,अनिल कुमार, लवकुश यादव, गुरु वचन लाल यादव, विश्वनाथ यादव, विजय रावत, रमेश यादव, उमेश कुमार, चेतराम आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## बच्चों के खेल को लेकर दबंग ने युवती व उसकी बहन को पीटा

**जैदपुर, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत मुरलीगंज निवासी एक युवती व बहन को बच्चों के खेल को लेकर एक गांव के ही व्यक्ति ने जमकर मारा पीटा, जिसकी शिकायत पीड़िता ने थाना जैदपुर में की है, पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। ज्ञात हो कि जैदपुर थाना क्षेत्र के मूर्लीगंज निवासी पुष्पा पुत्री विक्रम ने जैदपुर थाने में जानकारी देते हुये बताया,बच्चों के खेल को लेकर के गांव के ही अंकित व उसके पिता ने पीड़ित व की बहन कागल को गन्दी गन्दी गालियां दी व लात-घूसों से मारा-पीटा है। तथा जान से मारनी की धमकी दी। मामले को संज्ञान में लेते हुए जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जान से मारने के लिए की गई फायर पर रिवाल्वर लाइसेंस निरस्त

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

अभियुक्त द्वारा लाइसेंसी रिवाल्वर के दुरुपयोग किये जाने पर रिवाल्वर का अनुज्ञा पत्र निरस्त कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद में शस्त्र अनुज्ञा प्राप्तकर्ताओं द्वारा लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन एवं शस्त्रों के दुरुपयोग के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी को आख्या प्रेषित कर शस्त्र अनुज्ञा पत्र को निरस्त कराने की गई कार्यवाही में थाना सतरिख पर लाइसेंसी रिवाल्वर धारक विनोद कुमार पुत्र नौमी लाल निवासी भिटौलीकला थाना सतरिख का लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन मानते हुए लाइसेंस जब्त किया गया है। अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नियत से फायर किये जाने के कारण वादी मुकदमा के पुत्र को गोली लग गयी। उक्त कृत्य लोक शांति एवं लोक क्षेम के प्रतिकूल कार्य की श्रेणी में आता है, जिससे गांव व आस-पास के लोगों में भय व दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना सतरिख पर मु0अ0सं0-341/2021 धारा 323/504/506/307/34 भादवि के पुत्र पंजीकृत किया गया। प्रकरण में शस्त्र अनुज्ञाधी विनोद कुमार के शस्त्र अनुज्ञा पत्र संख्या-563/सतरिख एक अदद 32 बोर रिवाल्वर नम्बर आर 3513 को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को उसका अनुज्ञा पत्र आयुध अधिनियम की धारा 17(3) के तहत निरस्त कर दिया है।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मसौली, बाराबंकी।** शुक्रवार की देर रात्रि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नेवला करसंडा मजार के पास सिफ्ट डिजायर कार की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हुए बाईक सवार युवक की जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देहात कोतवाली जनपद गोंडा के ग्राम पूरे तिवारी बालपुर जाट निवासी 40 वर्षीय रज्जन चौबे पुत्र मनोज चौबे शुक्रवार की देर रात्रि लखनऊ से दवा लेकर बाईक नम्बर यूपी 43 बी ए 5342 से घर वापस लौट रहा था बाईक सवार रज्जन मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर स्थित नेवला मजार के निकट पीछे से तेज रफ्तार मे आ रही सिफ्ट डिजायर कार नम्बर यूपी 32 वी एन 8561ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

# सड़क पर गिरे रुपये व आवश्यक पेपर पुलिस ने वापस लौटाया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत पल्हरी चौराहे पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस कर्मी मुख्य आरक्षी इन्द्र कुमार को सड़क किनारे ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल सिम व 3000/-रुपये पड़े मिले। उक्त मुख्य आरक्षी द्वारा आधार कार्ड के माध्यम से वास्तविक स्वामी का पता लगाया।

सत्यापन के उपरांत मो0 वसीम पुत्र मो. लल्लन ग्राम जिन्हौली थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को उनका ड्राइविंग लाइसेंस, 3000/-रुपये व अन्य सामान वापस दिया गया। अपना खोया सामान पाकर मो0 वसीम उपरोक्त द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए आभार व्यक्त किया गया एवं आमजनमानस द्वारा भी पुलिसकर्मी के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। यातायात कर्मी इन्द्र कुमार का यह सराहनीय कार्य पुलिस विभाग की जनसेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# मेन्था का हुआ वर्गीकरण, कोड निर्धारित किसानों को मिलेगा लाभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सांसद तनुज पुनिया ने लोकसभा में 6 अगस्त को वित्त विधेयक पर चर्चा करते हुये केन्द्र सरकार से जनपद बाराबंकी की मेन्था किसानों की परेशानी को लेकर विधवत चर्चा की थी उन्होनें कहा था कि, नेचुरल मेन्था पर भी सिन्थेटिक मेन्था की तरह 12 प्रतिशत जीएसटी लगाकर किसानों के सामने एक बड़ी समस्या पैदा कर दी है। चीन से जो सिन्थेटिक मेन्था आ रही है वह नेचुरल मेन्था से बहुत सस्ता है। प्रदेश के वा जनपद बाराबंकी के किसानों को मेंथा की फसल के उत्पादन का सही दाम नही मिल पा रहा है। सांसद के द्वारा उठाये गए किसानों के हक की बात को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मामले को संज्ञान में लेते हुये कार्यवाई की और



सिंन्थेटिक मेंथा तथा प्राकृतिक मेंथा का एच.एस.एन. कोड अलग कर दिया अब खाद्य पदार्थो और उत्पादों में मेंथा आयल के अलग अलग कोड को अंकित किया जायेगा जिससे उनमें मेंथा आयल की पहचान आसान होगी। सांसद तनुज पुनिया ने पत्र के माध्यम से भी सरकार को बताया कि मेंथा उत्पादन मेरे लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के किसानों की प्रदेश में हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है जिससे अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मेंथा आयल की दर बाराबंकी से तय होती है। यहां सवा लाख हेक्टेयर में 3 लाख किसान मेंथा की खेती करते हैं। लेकिन फिर भी किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नही मिल पा रहा है। जिसके पीछे मुख्य कारण है कि, सिन्थेटिक मेंथा और प्राकृतिक मेंथा पर एक सामान्य 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है साथ ही साथ राज्य सरकार के द्वारा 1.5 प्रतिशत मण्डी टैक्स लगाया जाता है जिससे इसकी उत्पादन लागत भी बढ़ जाती है। सिन्थेटिक मेंथा अधिकतर चीन से आता है जोकि प्राकृतिक मेंथा से 30 से 40 प्रतिशत सस्ता होता है। पुनिया ने आपसे निवेदन किया है कि, प्राकृतिक मेंथा तेल पर लगाये जा रहे 12 प्रतिशत जीएसटी को समाप्त किया जाये जिससे किसानों और सूक्ष्म इकाइयों को अनुकूल वातावरण दिया जा सके।

## बाइक सवार युवक पर दबंगो ने बोला जानलेवा हमला

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** साथी के साथ मोटरसाइकिल द्वारा लखनऊ से अपने घर जा रहे युवक को दबंगों ने रास्ते मे रोककर हमला कर दिया और लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी। पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत गुमावा बॉर्डर निवासी आदर्श सिंह पुत्र मनोज सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार की रात लगभग 8:30 बजे अपने साथी आदिल के साथ बाइक से लखनऊ से वापस घर आ रहा था की तभी हैदरगढ़ रायबरेली रोड पर में खेड़ा और खेल्हनवा चौराहे के बीच में पहुंच ही था कि तभी आरोपी अभय सिंह पुत्र राम सिंह वर्तमान निवासी हनुमन्त नगर चौराहा लाही, कुलदीप सिंह चौहान, शुभम सिंह निवासीगण ग्राम बड़भित्ति कोतवाली हैदरगढ़ आए और अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ गाड़ी मे टक्कर मारकर गिरा दिया।

# गौकशी के मामले में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन जब्त

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस प्रशासन द्वारा दो अदद चार पहिया वाहन को गोवध निवारण अधिनियम की धारा 5(क) की उपधारा 7 के तहत जब्त कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में पुलिस द्वारा गोवंशों की तस्करी में पकड़े गये वाहनों को गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में जिलाधिकारी के आदेश पर दो चार पहिया वाहन जब्त किए गए हैं। थाना सतरिख पुलिस द्वारा 08 दिसंबर.2024 की रात्रि को पुलिस मुठभेड़ में 07 गो-तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके सम्बन्ध में थाना सतरिख पर मु0अ0सं0 513/2024 धारा 3(5)/109 बीएनएस व 3/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3/25/27 आर्म्स एक्ट किया गया था। अभियुक्तगण द्वारा आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से गोवंशों का मांस बिक्री के उद्देश्य से परिवहन किये जाने में पिकअप व इको वैन का प्रयोग किया गया। जिसके आधार पर प्रभारी निरीक्षक सतरिख द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित पिकअप व इको वैन को चिन्हित कर जब्तीकरण हेतु जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वारा उपरोक्त वाहन को जब्त करने का आदेश पारित किया गया। जिसके अनुपालन में थाना सतरिख पुलिस एवं प्रशासन द्वारा गोवध निवारण अधिनियम की धारा 5(क) की उपधारा 7 के तहत जब्त कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### थाना समाधान दिवस में 68 शिकायतों का हुआ निस्तारण



**बाराबंकी।** पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन, मौके पर कुल 68 प्रार्थना पत्र निस्तारित हुए। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद के थानों पर समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में कुल 68 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।

### फसल देखने गया युवक यमुना किनारे से लापता

**इटावा।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम सिलायता में गुरुवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई जब खेत की फसल देखने निकला 22 वर्षीय युवक अचानक लापता हो गया। आशंका जताई जा रही है कि युवक यमुना नदी की तेज धारा में बह गया। शुक्रवार को पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंचकर देर शाम तक तलाश अभियान चलाती रही। 36 घंटे बीतने के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। गांव सिलायता निवासी राजकुमार पुत्र रामजीत रोजाना की तरह अकेले ही खेत की ओर गया था। परिजनों के मुताबिक, वह घर से करीब चार बजे निकला था, लेकिन शाम तक न लौटने पर चिंता बढ़ी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि डूबने की आशंका को देखते हुए गोताखोरों की टीम लगातार खोजबीन कर रही है। संभावना नदी में डूबने की ज्यादा है, मगर जब तक बरामदगी नहीं हो जाती, तब तक पुष्टि करना मुश्किल है।

### थाना दिवस का हुआ आयोजन

**इटावा।** शनिवार को माह के चतुर्थ शनिवार के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर जन शिकायतों को सुना गया तथा थाना दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी एवं पुलिस के अन्य अधि, कर्मचारी उपस्थित रहे!

### अहमदाबाद में मजदूर की सटरिंग गिरने से मौत, परिजनों में कोहराम

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मरूई के राजा पुर निवासी एक मजदूर की शटरिंग से गिरकर अहमदाबाद में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रोहित पुत्र गुलाम करीब एक सप्ताह पहले मजदूरी करने अहमदाबाद शहर गया हुआ था । जहां पर शटरिंग का कार्य करने के दौरान नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजन शव को लाने के लिए घर से रवाना हो गए हैं। बताया जाता है कि मृतक शादी शुदा है जिसके एक लड़का है जो अभी छोटा है। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

### डॉ. सुधीर पाण्डेय हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** क्षेत्र के पूरे गिरधर भानपुर निवासी डॉ. सुधीर पाण्डेय को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य के रुप में मनोनीत किया गया है। डॉ. सुधीर पाण्डेय, स्व आचार्य कल्प नारायण पाण्डेय के सुपौत्र एवं अवधेश नारायण पाण्डेय के सुपुत्र हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.ए., एम.ए. एवं एम.फिल की उपाधियाँ प्राप्त करने के उपरांत, दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी विषय में पीएच.डी. की उपाधि अर्जित की। वर्तमान में वे डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के हिंदी विभाग में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। समिति में सदस्य नामित किए जाने पर क्षेत्र सहित शैक्षणिक जगत से जुड़े लोगों द्वारा उन्हें निरंतर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

# अपराधियों को नहीं बक्शेगी सरकार : धर्मपाल सिंह

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी स्मारक समिति द्वारा निराला प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान विपक्षी दलों खासकर समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने सपा को अपराधियों की पार्टी करार देते हुए कहा समाजवादी पार्टी अब पूरी तरह से अपराधियों की पार्टी बन चुकी है। यह पार्टी केवल अपराधियों और माफियाओं का संरक्षण करती है और उनके संरक्षण के बल पर ही सत्ता में बनी हुई है। सपा के नेता अब अपराधियों को खुली छूट देने में जुटे हैं। सपा की पूरी राजनीति अपराधियों के सहारे चल रही है। विपक्षी दलों के नेता जब तक माफिया और अपराधियों के साथ खड़े रहेंगे तब तक यूपी में कोई सुधार संभव नहीं है। प्रभारी मंत्री ने सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल के खिलाफ उठाए गए कदमों की तारीफ की और कहा कि राज्य सरकार उनका पूरा समर्थन करती है। हम अपराधियों के खिलाफ किसी भी सख्त कदम से पीछे नहीं हटेंगे। जरूरत पड़ी तो हम लंगड़ा ऑपरेशन चलाकर अपराधियों को उनके किए की सजा देंगे। योगी सरकार की कानून व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा किसी भी विपक्षी



दल को यह समझने की जरूरत है कि अब यूपी में कानून का राज है। माफिया, अपराधी और गुंडे अब जेल में होंगे, राजनीति में नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां सत्ता के लिए माफिया और अपराधियों के साथ मिली हुई हैं और यही कारण है कि वे योगी सरकार के खिलाफ लगातार झूठा दुष्प्रचार कर रहे हैं। विपक्षी दलों के नेता अपनी हताशा और निराशा छिपा नहीं पा रहे हैं। जब उन्हें अपनी हार नजर आ रही है, तब वे ऐसे घटिया हथकंडों का सहारा ले रहे हैं। यह उनकी बौखलाहट का नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और 2024 में भाजपा को ही जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अब यूपी में कोई भी अपराधी या माफिया बचने नहीं पाएगा चाहे वह सपा के करीबी क्यों न हों।

# कबड्डी में फतेहपुर-मसौली की टीमें प्रथम स्थान पर

**मसौली,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली के ग्राउंड मे चल रही दो दिवसीय माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मे अंडर 17 बालिका वर्ग मे नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर व अंडर 19 बालिका वर्ग मे रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली प्रथम स्थान पर रही।

निर्णायक कमेटी मे शामिल तोहिद हसन खान प्रदीप सिंह भूपेंद्र सिंह धर्मेंद्र पांडे उमेश पंकज सदानंद राजकुमार अतुल कुमार कामेश्वर मौर्य सुनील सरोज श्वेता उपाध्याय की देखरेख मे आयोजित बालिका कबड्डी प्रतियोगिता मे अंडर 17 वर्ग में नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर प्रथम व रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली द्वितीय स्थान पर रही अंडर 19 की प्रतियोगिता मे रफी मेमोरी



इंटर कॉलेज मसौली विजेता तथा नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर उपविजेता रही अंडर 14 की प्रतियोगिता मे यूपीएस जमुना तथा जनता इंटर कॉलेज बदोसराय उपविजेता रही। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में तोहिद हसन खान प्रदीप सिंह भूपेंद्र सिंह धर्मेंद्र पांडे उमेश पंकज सदानंद राजकुमार अतुल कुमार कामेश्वर मौर्य सुनील सरोज श्वेता उपाध्याय की भूमिका निभाई आयोजन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुशील सिंह का प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष योगदान रहा।

## सेंध लगाकर चोरों ने लाखों का किया माल पार

**उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर कमरे में रखा बक्शा, अलमारी का ताला तोड़कर ग्यारह हजार रुपए सहित चार लाख रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए,पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बरौना गांव निवासी संजय कश्यप अपने परिवार के साथ शुक्रवार बीती रात बरामदे में सो रहा था, अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से दीवार में सेंध करके कमरे में दाखिल हुए। कमरे में रखा बक्शा व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें 11 हजार रुपए समेत सास शिवरानी, बहु प्रीति, व रिंकी के चार लाख रुपए सोने के जेवरात पार कर ले गए, सुबह कमरे में सामान बिखरा देख सास शिवरानी के होश उड़ गए परिजनो ने चोरी की सूचना पुलिस को दी, घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंच कर जांच की।

# किसानों को हो रही खाद की किल्लत पर आप ने किया प्रदर्शन

▸ तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाये: जिला महासचिव

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। इसी गंभीर मुद्दे पर आम आदमी पार्टी शनिवार को प्रदेश आह्वान पर कचहरी में प्रदर्शन कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेणुका दीक्षित को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष संजीव शाक्य ने इस मौके पर कहा कि योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर




तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह प्रदेशव्यापी आंदोलन सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह जी के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालय पर किया गया । जिला अध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। जिला महासचिव इक़रार अहमद ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी की मांग है किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाये। खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार और कालीबाज़ारी खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो खेती का मौसम चल रहा है, लेकिन खाद की कमी से बोआई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए।

योगी सरकार केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुँचा रही है, किसानों को प्राथमिकता देकर अन्नदाता के हितों की रक्षा की जाए। ज्ञापन के समय संजीव शाक्य, इक़रार अहमद, अशोक यादव, अवनीश कुमार, एड0नरेन्द्र कुमार पाल, सत्यनारायण दोहरे,शिवम कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## युवती ने दिल्ली पुलिस पर थाने ले जाकर पीटने का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत एक युवक की तलाश में आई दिल्ली पुलिस पर युवक की बहन को जबरन थाने ले जाकर पीटने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोप को निराधार बताया। बताते हैं कि शनिवार को दिल्ली के मंगोलपुरी थाने की पुलिस थाना अजगैन के ग्राम पछियांव निवासी सुषमा कश्यप के घर पहुंची दिल्ली पुलिस को सुषमा के भाई अमरकांत की किसी मामले तलाश थी, अमरकांत बहन के यहां नहीं मिला। पुलिस ने सुषमा से पूंछा तो उसने भाई के बारे में जानकारी होने से मना किया जिसपर पुलिस ने उसके घर की बिना सर्च वारंट के जबरन तलाशी ली और सुषमा को अजगैन थाने ले गयी। सुषमा कश्यप का कहना है कि पुलिस ने मुझे घर से जबरन उठाकर गाड़ी में बैठा लिया और थाने ले जाकर अंदर कमरे में घसीटा और दो सिपाहियों ने थप्पड़-घूंसों से मारा। वहां कोई महिला पुलिस मौजूद नहीं थी। मैं रोती रही लेकिन किसी ने नहीं सुनी। परिजनों के अनुसार पिटाई से सुषमा की आंख और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अजगैन पुलिस ने महिला के आरोपों को नकारा है और पेशबंदी बताया है।

# सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल ने अखिलेश पर किया पलटवार

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक पूजा पाल और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच सियासी घमासान और तेज हो गया है। पूजा पाल ने बयान दिया है कि अगर उनकी जान को कोई खतरा हुआ तो उसकी जिम्मेदारी अखिलेश यादव की होगी। उनके इस आरोप पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इटावा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य उर्फ बबलू ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि विधायक पूजा पाल पार्टी विरोधी काम कर रही थी, और किसी और के इशारे पर अनर्गल बयानबाज़ी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमेशा कार्यकर्ताओं को जमीन से उठाकर विधायक और सांसद जैसे पदों पर पहुंचा है। पूजा पाल को भी सपा ने ही विधायक बनाया था, लोकन आज वे पार्टी और नेतृत्व पर उल्टे आरोप लगा रही है, जो पूरी तरह गलत है। जब समाजवादी पार्टी ने हमको विधायक बनाया था तब उनकी तारीफ करते नहीं थक रही थी, जब उनके गुनाहों की सजा मिली तो फिर पार्टी का उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया, पार्टी गाइडलाइन के खिलाफ काम करने लगी तो पार्टी ने उनको निकाल दिया जो वह आरोप लगा रही है।

# बेखौफ चोरों ने प्रोविजन स्टोर के ताले तोड़कर उड़ाया माल

▸ चौराहे पर सनसनी खेज चोरी में बदमाशों ने नगदी, सामान, डीवीआर उखाड़े

**भरथना इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

भरथना कोतवाली कस्बा में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने रेलवे क्रासिंग मोतीगंज पुलिस के ग़श्ती चौराहे बाजपेई नगर मोड पर एक प्रोविजन स्टोर के ताले तोड़ कर सनसनी खेज चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना में बदमाशों ने ताले तोड़ने के साथ दुकान के अन्दर लगे 7 सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए और दुकान की गोलक में रखी नगदी व कीमती सामान समेत कैमरे रिकॉर्ड की मशीन डीवीआर



उखाड़ कर चम्पत हो गए। दुकान स्वामी राकेश पोरवाल पुत्र भगवानदास पोरवाल को घटना की जानकारी शनिवार की सुबह 9 बजे तब हो सकी जब वह रोज की तरह अपनी दुकान खोलने पहुंचे। पीड़ित दुकान स्वामी ने बताया कि वह बीती रात अपनी दुकान रोज की तरह ताला बन्द करके गया था। सुबह जैसे ही ताला खोलने के लिए चाबी निकाली और ताले में लगाने का प्रयास किया तो शटर का ताला ही गायब मिला और शटर का कुंडा टूटा दिखा उन्होंने आनन-फानन में शटर खोला तो देखा कि दुकान की गोलक खुली और खाली पड़ी है साथ ही दुकान में सारा सामान भी बिखरा पड़ा है। ऐसा देख कर वह समझ गए कि उनकी दुकान में चोरी हुई है,फिर जब उन्होंने दुकान में लगे 7 सीसीटीवी कैमरों पर नजर डाली तो सभी मय वायर के सीसीटीवी कैमरे टूटे पड़े हैं साथ में कैमरों को रिकॉर्ड करने वाली मशीन डीवीआर गायब है,बदमाश चोरी की घटना को अंजाम देकर डीवीआर अपने साथ ले गए। कल्यान नगर निवासी दुकान स्वामी राकेश पोरवाल की सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने आस पास अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल ने के साथ बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



## कर्मचारी हितों के लिए सदैव करते रहेंगे काम: विपिन सिंह

**बाराबंकी।** अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने कहा कि वह कर्मचारी हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे और शीघ्र ही कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए पत्राचार शुरू करेंगे। उन्होंने शनिवार को कर्मचारियों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर बोलते हुए कहा कि वह शीघ्र ही संगठन का विस्तार करेंगे। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला वह मिठाई खिलाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में वरिष्ठ कर्मचारी जलाल मोहम्मद, सुभाष द्विवेदी, रत्नाकर देव, अवधेश मिश्रा, आलोक कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, सौरभ शुक्ला, मो0 सलमान, गंगाराम वर्मा, लवकुश कनौजिया, विजय रस्तोगी, जितेंद्र कुमार सिंह, शिवराम, अंजली जौहरी, रेशू रावत, रजनी जनार्दन, शालिनी, विजय रस्तोगी, नितिन सिंह, विष्णु कुमार, सुधीर पटेल, सूरज प्रमुख रहे।

## सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वर्ष 2004 अनुक्रमांक 1956196 है तथा इण्टरमीडियट का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वर्ष 2006 अनुक्रमांक 1276950 है तथा बीएससी का अंक पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक 368512 जो कहीं खो गया है।

**प्रदीप चतुर्वेदी, पिता राकेश चतुर्वेदी ग्राम, पूरे लेखई थाना हरैया बस्ती उत्तर प्रदेश।**

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश

- पुलिस ने 10 अभियुक्तों को पकड़ा, प्रतिदिन 5 से 10 करोड़ रुपये तक की ठगी करता था गिरोह
- कब्जे से दो कार, 13 मोबाइल फोन, 18 क्रेडिट व डेबिट कार्ड सहित नगदी बरामद



खुलासा करते एसपी व हिरासत में आरोपित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ऑनलाइन गेमिंग के जरिये आम जनता से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का एसपी विनोद कुमार ने खुलासा किया। पुलिस ने इस गिरोह के 10 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 मोबाइल फोन, 18 क्रेडिट व डेबिट कार्ड, 2 कारें, और 1,76,000 नगद समेत ठगी में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की। सदर थाना कोतवाली के थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह सहित पुलिस टीम ने गिरोह को जीटी रोड तिखवा कट से पकड़ा गया जब वह दो कारों में सवार होकर कहीं जाने की फिराक में थे। जिसमें मोहित चोपड़ा (28) पुत्र सुरेन्द्र चोपड़ा निवासी ॥-140 विकासपुरी थाना विकासपुरी न्यू दिल्ली, अजीत कुमार (32) पुत्र रामबहाल निवासी बघुआ थाना बखिरा सन्त कबीर नगर, सतीश कुमार मौर्य (26) पुत्र जमुना प्रसाद मौर्य निवासी रामपुर गोसार्क थाना जगदीश अमेठी, आशुतोष कुमार (31) पुत्र बोधराम निवासी श्याम विहार कालोनी फजुल्लागंज थाना मडियाव लखनऊ, अमित गुप्ता (26) पुत्र स्व0 मनोज कुमार गुप्ता निवासी कस्वा व थाना फूलपुर आजमगढ़, संदीप गुप्ता (31) पुत्र राम ब्रज गुप्ता निवासी श्व-48/5 महावीर विहार कंजावला थाना कंजावला नई दिल्ली, यश श्रीवास्तव (24) पुत्र प्रेम कुमार निवासी स्न-1284 राजाजी पुरम थाना तालकटोरा लखनऊ, आयुष पाल (18) पुत्र साजन लाल निवासी मकान नं0 526 फत्तेपुर अलीगंज थाना अलीगंज लखनऊ, मो0 साहिल (18) पुत्र युसुफ खां निवासी रामलीला मैदान नौबस्ता पुलिया मडियाव थाना मडियाव लखनऊ, अंकित सिंह (22) पुत्र स्व0 कमलेश बहादुर सिंह निवासी डोमीपुर थाना जिठवारा जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अग्रिम कार्रवाई की गयी। कुछ अभियुक्तों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। आशुतोष कुमार व अंकित सिंह पर पूर्व में कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# श्री गणेश महोत्सव का धूमधाम से होगा आयोजन

- 27 अगस्त को इंदिरा आवास कॉलोनी में विराजेंगे गजानन

**छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में जय बालाजी सेवा समिति और विश्व सनातन शक्ति महासंघ के तत्वावधान में 11वां श्री गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति की बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने बताया कि 27 अगस्त को प्रातः 8 बजे बैंड बाजे और कलश यात्रा के साथ गणेश जी की स्थापना होगी। कलश यात्रा काली मठिया ताजपुर रोड से शुरू होकर फर्रुखाबाद चौराहे होते हुए इंदिरा आवास कॉलोनी के श्री गणेश चौक पर संपन्न होगी। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे आरती और रात्रि 8 बजे महाआरती होगी। रात्रि 9 से 11 बजे तक जीवंत झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 2 सितंबर को सुंदरकांड पाठ, 4 सितंबर को 56 भोग और दिव्य आरती, तथा 5 सितंबर को दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारा होगा। 6 सितंबर को प्रातः 9 बजे विसर्जन यात्रा श्री गणेश चौक से शुरू होकर ककरारी तालाब पर समाप्त होगी। बैठक में मनु गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, हृदेश अग्रवाल, रजनी सक्सेना, दशरथ श्रीवास्तव, गीता कश्यप, अनामिका अग्रवाल, पवन गुप्ता, हरिओम मिश्रा, मीना मिश्रा, राजू गुप्ता, अनामिका तिवारी, आशु शाक्य, अनामिका चौहान, सरोज ठाकुर, मीरा चौहान, दिनेश चंद शुक्ला, स्पर्श तिवारी, यश तिवारी, यशिका रानी, नारायण शुक्ला और प्रशांत वर्मा ने उत्साहपूर्वक आयोजन को भव्य बनाने का संकल्प लिया। सभी भक्तों से अधिकाधिक भागीदारी का आग्रह किया गया।

# बच्चों ने मनाया फ्लेमलेस कुकिंग फूड फिएस्टा

- श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में हुआ आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के पूर्वी बाईपास पर संत निरंकारी भवन के पास स्थित श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में बच्चों ने उत्साहपूर्वक फ्लेमलेस कुकिंग फूड फिएस्टा (पकवान) महोत्सव मनाया।

इस आयोजन की थीम बिना आग के खाना बनाना थी, जिसमें कक्षा 4, 5 और 6 के बच्चों ने 54 काउंटरों पर अपने हाथों से तैयार अग्निरहित व्यंजनों को आकर्षक ढंग से सजाया। बच्चों ने गोलगप्पे, भुजिया, सैंडविच, कोल्ड कॉफी, चॉकलेट शेक, फ्रूट चाट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाए, जिनकी सजावट और स्वाद ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों ने इन व्यंजनों का स्वाद चखा और बच्चों की रचनात्मकता की जमकर प्रशंसा की। बच्चों ने अपने व्यंजनों के बारे में विस्तार से बताया और इनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन भी हुआ, जिसने इस कार्यक्रम को और खास बना दिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य श्रीमती बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी और कॉर्डिनेटर शुभम कमल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस महोत्सव ने बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया। अभिभावकों ने इस आयोजन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन पहल बताया।

# चिकित्सा शिविर से गरीबों एवं किसानों की होगी मदद

- च्यवन ऋषि आश्रम में आयोजित कैंप का किसान नेता ने किया उद्घाटन

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



फीता काटकर चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते किसान नेता शमीम सिद्दीकी

गंगा नदी के तट पर स्थित च्यवन ऋषि आश्रम में रामा मेडिकल कॉलेज कानपुर की टीम द्वारा चिकित्सा शिविर कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने फीता काटकर किया जिसमें सैकड़ो मरीजों ने जांच करवाने के उपरांत चिकित्सा का लाभ लिया शनिवार को आयोजित चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि गंगा नदी के तट पर चिकित्सा शिविर का आयोजन होने से क्षेत्रीय गरीबों एवं किसानों को लाभ मिलेगा उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा की ऋषि मुनि की पौराणिक भूमि पर क्षेत्रीय लोगों की सेवा करना भी बहुत ही नेकी का काम है समाजसेवी धर्मेंद्र प्रताप सिंह राजपूत उर्फ बबलू ठाकुर, जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए हैं कार्यक्रम में डॉक्टर अरिजीत सिंह सर्जन ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा शिविर कैंप में लगभग दो सैकड़ा से अधिक महिला एवं पुरुष मरीजों का परीक्षण किया गया बीमार पाए जाने की दशा में निशुल्क दबाओ का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रकाश मिश्रा, डॉक्टर अनु शुक्ला, नेत्र परीक्षण अधिकारी प्रबल गुप्ता, डॉक्टर तान्या डेंटिस्ट, डॉ श्याम श्रीवास्तव, आलोक तिवारी, अनुपम राठौर, तौहीद अंसारी सहित सत्यम प्रजापति, राहुल कुमार, अजय शेर, रामकिशोर मिश्रा, विनोद मिश्रा, शक्ति कुमार दीक्षित, नोमान सिद्दीकी, आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गिरोह चार स्तरों में करता था काम

**कन्नौज।** पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हमारे गिरोह का कुल 4 स्तर पर विभाजन हैं। जिसमें मीडिया (पहला स्तर) – ये लोग जनता में ऐसे व्यक्ति तलाशते थे जिनके पास कॉर्पोरेट बैंक अकाउंट होते थे। होल्डर (दूसरा स्तर) – ये व्यक्ति खाताधारक को मना लेते थे कि वह अपना खाता गिरोह को दे, जिससे उसमें पैसा मंगाया जा सके। खाताधारक को कुल राशि का 20–25 कमीशन देने का वादा किया जाता था। किट होल्डर (तीसरा स्तर) – ये गिरोह को खाते से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे पासबुक, एटीएम, आधार, पैन, चेकबुक आदि उपलब्ध कराते थे। पैनल (चौथा स्तर) – ये मुख्य लोग थे जो फर्जी फाइलों के जरिये खातों को अपने कंट्रोल में ले लेते थे और उन्हें फर्जी गेमिंग ऐप से जोड़कर आम जनता से पैसा ठगते थे। बताया कि एक बार खाता उनके नियंत्रण में आ जाता, तो उसमें आम जनता द्वारा गेमिंग के जरिये जमा किया गया पैसा सीधे आ जाता था। गिरोह प्रतिदिन 5 से 10 करोड़ रुपये तक की ठगी करता था।

## गृहकलह के चलते किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कुंवरपुर कंडौली निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने गृह कलह के चलते घर में फांसी लगा ली। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर कंडौली निवासी सुनील कुमार की 16 वर्षीय पुत्री सानू अपने घर के कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर झूल गई। घटना की जानकारी होते ही परिजन उसे फंदे से उतार कर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो गृहकलह के चलते किशोरी द्वारा यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फांसी का फंदा लगाकर महिला ने दी जान, स्वजनों में कोहराम

- पति-पत्नी में मामूली विवाद को लेकर पत्नी ने उठाया आत्मघाती कदम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

पति- पत्नी विवाद को लेकर पत्नी ने साड़ी से फाँसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

यह देख घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई और स्वजनों में चीख पुकार मच गई। वही सूचना पर पहुँचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा कर हत्या का आरोप लगाया है। जसोदा चौकी क्षेत्र के गांव तरपुर्वा निवासी आशीष कुमार राठौर की शादी हरदोई के थाना सवायजपुर के गांव बिरौली निवासी शिवानी के साथ करीब 2 साल पहले हुई थी। आशीष दिल्ली में काम करता है। शुक्रवार की शाम उसने दिल्ली जाने की बात कही, जिस पर शिवानी ने भी साथ चलने की जिद की। इसको लेकर पति- पत्नी में विवाद हो गया। इससे नाराज शिवानी ने फांसी लगाकर जान दे दी। शिवानी को स्वजन गुरसहायगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर देर रात मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचकर हंगामा कर हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।



शिवानी का फ़ाइल फ़ोटो

# लाखों के जेवरात व नकदी लेकर चोर फरार

- जसोदा चौकी क्षेत्र के घासीपुरवा गांव में अज्ञात चोरों ने की वारदात
- सूचना पर पहुँची पुलिस फॉरेंसिक टीम ने शुरू की जांच

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। जहां अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात व नगदी पार कर दी। गुरसहायगंज कोतवाली जसोदा चौकी क्षेत्र के घासीपुरवा गांव निवासी अम्बुज यादव पुत्र रमेश चंद्र के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गए। चोर घर के मुख्य गेट से अंदर घुसे और अलमारी में रखे जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पीड़ित अंबुज के अनुसार चोरों ने सेफ का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 8 लाख के जेवरात और 65 हजार रुपये नकद भी ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गुरसहायगंज कोतवाली, जसोदा चौकी पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।



बिखरा पड़ा सामान दिखाता पीड़ित

# उप्र में पाली भाषा को वैकल्पिक विषय बनाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बौद्ध फाउंडेशन राजेपुर टप्पा मंडल फर्रूखाबाद के अध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह शाक्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 6 से 12 में पाली भाषा को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने पाली के व्यापक विकास के लिए नीति निर्माण का भी अनुरोध किया। उनका कहना है कि पाली, थेरवाद बौद्ध साहित्य की पवित्र भाषा, तिपिटक सहित जाटक कथाएँ, धम्मपद जैसे ग्रंथों का आधार है, जो नैतिकता और शांति के मूल्यों को प्रोत्साहित करती है। सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती जैसे बौद्ध स्थलों के साथ, पाली के पुनरुद्धार के लिए उत्तर प्रदेश उपयुक्त है। 3 अक्टूबर, 2024 को भारत सरकार ने पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया, जो इसकी वैश्विक महत्ता को दर्शाता है। शाक्य ने प्रस्ताव दिया कि उत्तर प्रदेश बोर्ड में पाली को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, शिक्षकों की भर्ती और प्रशिक्षण हो, पाठ्यपुस्तकें व डिजिटल संसाधन विकसित किए जाएँ, और पाली संरक्षण के लिए नीति बनाई जाए। इससे शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही उत्तर प्रदेश की वैश्विक छवि मजबूत होगी।

# फरियादियों की शिकायतों को संवेदनशीलता से सुनें : डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना आटा व थाना कोतवाली उरई परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतो को गंभीरता पूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी फरियादियों की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुना जाए तथा उनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शिकायतें समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होती हैं, उनका निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करें और सभी मामलों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण करें। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें जैसे भूमि विवाद, आपसी झगड़े, पारिवारिक समस्याएं, राजस्व से जुड़ी समस्याये आदि से संबंधी मामले सामने आए, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# सड़क हादसों में महिलाओं सहित पांच लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में ग्राम कपूरपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति तथा ग्राम सफाखेड़ा के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दंपति सहित एक और महिला घायल हो गई। सभी को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नगला चांद निवासी सर्वेश कुमार पुत्र रामऔतार अपनी पत्नी सीमा को बाइक से होली मेला दिखाने ले गए थे। वहां से वापस लौटते समय ग्राम कपूरपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों लोग घायल हो गए। इसके अलावा इसी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला टड़ा निवासी विनीता अपने पति शैलेंद्र के साथ बाइक से वापस घर जा रही थी, तभी ग्राम सफाखेड़ा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें दंपति सहित दूसरी बाइक पर सवार सुनीता पत्नी देवीदयाल घायल हो गई। सभी को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# नौनिहालों को अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति किया प्रेरित

- प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, जलालपुर सरवन में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों जैसे क्विज प्रतियोगिता, मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता किया गया। नौनिहालों को अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि अपने देश भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे। भारत ने चंद्रयान मिशन 3 के द्वारा आज के ही दिन यानी 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान 3 के लैंडर विक्रम की चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिग करवा कर विश्व में अपना परचम लहराया था। इसी तरह लखनऊ निवासी एवं भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन कमांडर व अंतरिक्ष वैज्ञानिक शुभ्रांशु शुक्ला ने हाल ही में अंतरिक्ष की सफल यात्रा की है। आगामी वर्षों में अपना भारत देश शुक्र ग्रह से संबंधित मिशन के सफल आयोजन हेतु प्रयासरत है। आप लोग भी मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करके भविष्य में इस क्षेत्र में कैरियर बना सकते है। इस दौरान समस्त विद्यालय इ स्टाफ़ रहा।

# आशिक मिजाज लेखपाल का महिला से व्हाट्सएप पर चेटिंग करना पड़ा भारी

- तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

आशिक मिजाज लेखपाल को महिला से रंगीन व्हाट्सएप चंटिंग करना पड़ा भारी। महिला ने पूरी बात अपने पति को बताई। पति ने जब लेखपाल से उक्त हरकत करने से मना किया तो लेखपाल महिला के पति से झगड़ने लगा। जिसके बाद मारपीट हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम सिद्धपुरा में माधौगढ़ तहसील के दो लेखपाल राहुल व हर्ष राजपूत बाढ़ से खराब हुई फसल का मुआयना कर किसानों को लाभ पहुंचाने को लेकर सर्वे करने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। सर्वे में गये लेखपाल हर्ष राजपूत द्वारा गांव की पंचायत सहायक महिला के मोबाइल पर व्हाट्सएप पर मैसेज कर महिला को परेशान करने लगा। जिसकी जानकारी महिला ने अपने पति को दी। जब लेखपाल हर्ष राजपूत राहुल लेखपाल के साथ सिद्धपुरा गांव में बाढ़ से खराब हुई फसल का सर्वे करने पहुंचा तो महिला के पति दिनेश ने हर्ष राजपूत लेखपाल से कहा कि क्यो मेरी पत्नी को मैसेज कर परेशान कर रहे हो। तो हर्ष लेखपाल द्वारा अपने सरकारी पद का रौब दिखाते हुए दिनेश को हड़काते हुए झगड़ने लगा व मारपीट करने लगा।

# वन विभाग ने अवैध लकड़ी से लदा ट्रक व दो ट्रैक्टर पकड़े



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

- पकड़े गये वाहनों से करीब 60 क्विंटल शीशम, नीम, बबूल की लकड़ी जब्त

सदुपुरा गांव के जंगल में अवैध रूप से लकड़ी बाहर ले जाने का खेल वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। ग्रामीणों की शिकायत पर शुक्रवार की शाम छापेमारी कर विभाग ने हरे पेड़ों की लकड़ी से भरा एक ट्रक और दो ट्रैक्टर-ट्राली जब्त कर लीं। इनमें करीब 60 क्विंटल शीशम, नीम और बबूल की लकड़ी बरामद हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चुर्खी, सिरसा कलार और आसपास के गांव जीतामऊ, रायपुर, मानपुर, अटरा और सदुपुरा में लंबे समय से हरे पेड़ों की कटाई चोरी छिपे चल रहा है। शुक्रवार सुबह भी सदुपुरा-अटरा के बीच करीब 20 मजदूर हरे पेड़ काटकर लकड़ी ढो रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेंजर जालौन को दी। सूचना मिलते ही रेंजर हरीकिशोर शुक्ला, डिप्टी रेंजर मुबारक अली, वनरक्षक अजीत व पुनीत टीम लेकर पहुंचे। मौके पर ट्रैक्टरों से लकड़ी ट्रक में लादी जा रही थी। घेराबंदी के दौरान चालक मौके से भाग निकले लेकिन वाहन और लकड़ी टीम ने कब्जे में ले ली। जांच में मजदूरों ने लकड़ी बबलू ठेकेदार निवासी अनवा (कानपुर देहात) की बताई। उल्लेखनीय है कि करीब दो माह पहले भी न्यामतपुर रेंज की टीम ने इसी ठेकेदार का अवैध लकड़ी से लदा ट्रक पकड़ा था। डीएफओ प्रदीप यादव ने कहा कि जब्त वाहनों के प्रपत्र जांचे जा रहे हैं।

## त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनायें, हुड़दंग मचाने पर होगी कार्यवाही

**कोंच,जालौन।** कोंच कोतवाली में शनिवार को गणेश महोत्सव व ताजिया को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल अजीत सिंह ने बैठक में आए हुए पंडालों के लोगों से बात की साथ ही विसर्जन के दौरान किसी तरह की लापरवाही व विसर्जन के दौरान डीजे बहुत कम आवाज में बजे साथ ही किसी तरह का हुड़दंग न हो चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। इसी दौरान क्राइम इंस्पेक्टर लालाराम रावत, अशोक कुमार वर्मा, सुरई चौकी प्रभारी शिवकरन, नगर पालिका आरआई सुनील कुमार, नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, मंत्री बृजेंद्र कुशवाहा, बसपा नगर अध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा, शिवसिंह कुशवाहा, राघवेंद्र तिवारी, मिरकू महाराज, बसीर काजी, रामलीला अध्यक्ष प्रधव मिश्रा के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

# पांच बेटियों की चिंता और जिम्मेदारियों के बोझ तले दबे पिता ने की आत्महत्या

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

माधौगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बंगरा कस्बे में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां सुनील उर्फ कलूटे पुत्र मोतीलाल राठौर (40 वर्ष) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों के अनुसार, सुनील की पत्नी का निधन कई वर्ष पहले ही हो चुका था। वहीं पिता का भी पहले देहांत हो गया था। परिवार में उसके बूढ़ी माँ और छह बच्चे जिनमें पाँच बेटियां और एक बेटा शामिल हैं रहते थे। परिवार की सारी जिम्मेदारी सुनील के कंधों पर ही थी। वह ट्रैक्टर चलाकर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि बेटियों के भविष्य को लेकर वह हमेशा चिंता और मानसिक तनाव में रहता था। पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक बोझ के चलते वह लंबे समय से अवसाद से जूझ रहा था। इसी दबाव के कारण उसने शुक्रवार को यह खौफनाक कदम उठाया और अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पाकर बंगरा चौकी इंचार्ज तुरंत मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बाढ़ के पानी में डूबे बालक का झील में उतराता मिला शव

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर दत्त में शुक्रवार को खेलते-खेलते एक मासूम डूब गया था। जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार सुबह बालक का शव बाढ़ के पानी में उतराता मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करनपुर दत्त निवासी रामरतन का 8 वर्षीय पुत्र हिमांशु शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अपने साथी बच्चे अमन और रमन के साथ खेलने गया था। देर शाम तक जब हिमांशु घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस दौरान साथी बच्चों ने बताया कि हिमांशु के हाथों पर डामर लगा था। उसने हाथ धोने के लिए गांव किनारे बने चफारि झील की तरफ गया था। इन दिनों गंगा और रामगंगा में आई बाढ़ से झील में पानी का स्तर काफी बढ़ा हुआ है। हाथ धोते समय हिमांशु गहरे पानी में चला गया और डूब गया। परिजनों ने ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से काफी तलाश करायी, लेकिन उसका शव बरामद नहीं हुआ। शनिवार सुबह करीब 10 बजे हिमांशु का शव चफारि झील में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक हिमांशु अपने भाइयों सचिन, प्रांशु और बहन विनीता से छोटा था। मां रामकली सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। चौकी इंचार्ज दरोगा विमल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने कहा कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बंद घर से चोरों ने डेढ़ लाख की नगदी व जेवरात किये पार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रुस्तमपुर में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर में घुसकर लाखों की नगदी व जेवरात चोरी कर लिये। घर वापस लौटे मकान मालिक घर का नजारा देखकर दंग रहे गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रुस्तमपुर निवासी मोहम्मद इमरान दिल्ली गए हुए थे। शनिवार सुबह जब वह वापस लौटे तो उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा खोला तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए, सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर घर से 1 लाख 30 हजार रुपये नकदी ले गए।



जांच पड़ताल करती पुलिस

इसके अलावा एक सोने की अंगूठी, एक सोने की लौंग और चांदी की पांच अंगूठियां भी चोर ले गये। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरों के ताले टूटे हुए थे। घटना की सूचना इमरान ने आसपास के लोगों व पुलिस को दी। मौके पर डायल 112 पुलिस एवं थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की। पुलिस ने मकान मालिक मोहम्मद इमरान से पूछताछ की। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच की जा रही है।



बैठक लेते सीओ

# गणेश महोत्सव पर तेज आवाज में न बजाये जायें साउंडः सीओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली परिसर मे क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में आगामी गणेश महोत्सव को लेकर पीस कमेटी बैठक की। इस दौरान संभ्रांत लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्थान पर अधिक आवाज में साउंड नहीं बजापा जायेगा। गणेश पंडाल केवल उन्ही स्थानों पर लगाए जायेगें जहां पहले से ही लगते आ रहे है। मूर्तियों का विसर्जन केवल चिन्हित स्थानों पर ही किया जायेगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील की शान्ती पूर्वक तरीके से त्योहार मनाये। इस दौरान मौजूद संभ्रांत लोगों ने सुझाव लिये गये। इस दौरान संजय गुप्ता, जितेन्द्र रस्तोगी, अखलेश शर्मा, मनोज, कौशल, अमित सेठ, पिन्टू राठौर, शिव कुमार शाक्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ के तेज बहाव में नाव पलटी, मचा हड़कंप, बाल-बाल बचे सवार

▸ साइकिल बही, डीएम ने लिया संज्ञान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा पार की तहसील अमृतपुर में बाढ़ ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कटे हुए रास्तों के कारण ग्रामीण नाव के सहारे आना-जाना कर रहे हैं। शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, बाढ़ के तेज बहाव के कारण नाव पलट गयी। उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गये।



लोगों को बाढ़ के पानी से निकालते ग्रामीण

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के भुड़िया भेड़ा के निकट नासे वाले पुलिया के आगे सड़क कट जाने से प्रशासन द्वारा नाव की व्यवस्था की गई थी। शनिवार को उसी नाव में कुछ युवक सवार होकर राजेपुर कस्बे जा रहे थे, तभी तेज बहाव के कारण नाव में पानी भरने लगा और वह पलट गई। नाव पलटते ही सवारों में चीख-पुकार मच गई।

ग्रामीणों की मदद से जयवीर कश्यप, कौशल अग्निहोत्री, भूरे सोमवंशी और संजीव कश्यप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक साइकिल बाढ़ के पानी में बह गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नाव किसी कारण फूट गई थी और वहां कोई प्रशिक्षित नाविक मौजूद नहीं था। इस वजह से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पहले ही सड़क कटने की सूचना दी गई थी, लेकिन विभाग ने केवल खानापूर्ति कर दी, जिसके चलते अब ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ रही है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएम ने संज्ञान लिया और जल्द निस्तारण कराने की बात कही।

# मार्ग दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

नगर के मुहल्ला जाफरनगर निवासी महबूब अली का पुत्र कामिल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 19 अगस्त की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे अपने ताऊ, भाई इजहार आलम के साथ नवाबगंज से सामान लेकर पैदल घर आ रहा था। नवाबगंज मंझना मार्ग पर बाला जी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे कामिल व इजहार घायल हो गए। इस दौरान कामिल की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना में इजहार आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल इजहार को सीएचसी से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां भी चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने पर खड़ा करा लिया। थाना पुलिस ने मृतक के पिता महबूब की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## खबरें एक नजर में

### शराबी पुलिस कर्मी ने युवक का तोड़ा मोबाइल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला नगला हीरा सिंह निवासी आदेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गांव के लोगों ने शुक्रवार रात लगभग आठ बजे नगर के बबना तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया था। संदिग्ध व्यक्ति के पकड़े जाने की जानकारी पर लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठी हो गई। संदिग्ध व्यक्ति से लोग पूछतांछ कर रहे थे। मैं मोबाइल की रोशन में पकड़े युवक को देख रहा था, तभी सूचना पर डायल 112 के पुलिस कर्मी पहुंच गये। चालक पुलिस कर्मी काफी शराब पिये था और मेरा मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया। जिससे मेरा मोबाइल फूट गया। जब मैंने उनसे कहा कि मेरा मोबाइल क्यों फोड़ा तो वह पुलिस कर्मी गाली-गलौज करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह पुलिस कर्मी को शांत कराया। वहीं पुलिस ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### ई-रिक्शा पलटने से सवारियां घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अचरा निवासी संदीप कुमार अपनी पत्नी व बच्चों को अपने ई-रिक्शा में बिठाकर कायमगंज की ओर आ रहा था। जैसे ही वह नहर के पास पहुंचा और अपना ई-रिक्शा मोड़ना चाहां ई-रिक्शा अनियन्त्रित होकर पलट गया। आसपास के लोगों ने ई-रिक्शा में बैठे लोगों को बाहर निकाला। मामूली रुप से घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मारपीट में तीन पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी सनी ठाकुर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 7 अगस्त की दोपहर लगभग 3 बजे अपनी दुकान के सामने पौधा लगा रहा था। उसी समय पड़ोसी अभिषेक व उसके परिजनों ने आकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर अभिषेक व उनके परिजनों ने सनी को लाठी डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। सनी को बचाने आए भाई गोविन्द को भी मारपीट की। मारपीट में गोविन्द के चोटे आई। पुलिस ने घायल गोविन्द के ताऊ श्याम वीर की तहरीर पर अभिषेक, अखिलेश व पिता छोटेलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### छत से गिरकर महिला की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** छत से गिरकर महिला की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव चिलौरा निवासी बिटिना देवी उम्र 37 वर्षीय पत्नी देवेन्द्र कुमार छत से नीचे उतर रही थी, तभी अचानक वह छत से नीचे आ गिरी, तेज धमाके की आवाज सुनकर परिजन दौड़े उन्होने बिटिना देवी को नीचे पड़ा देख तो आनन-फानन में प्राइवेट वाहन से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना पाते ही परिजनो में कोहराम मच गया।

### जनपद की 7 महिला खिलाड़ियों का कानपुर मण्डल की टीम में चयनित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 25 से 26 अगस्त तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, 30 भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल, डाभासेगर, अयोध्या में आयोजित की जा रही है। जिसमें कानपुर मण्डल की सीनियर महिला एथलेटिक्स टीम चयनित कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद से 7 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जो 25 से 26 अगस्त को होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एशियन कम्प्यूटर द्वारा आयोजित होने वाली सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 24 अगस्त रविवार को चार पालियों में फर्रुखाबाद, नवाबगंज, राजपुर, भरगवां में सम्पन्न होगी। जूनियर वर्ग सुबह 9 बजे से 10 बजे तक, सीनियर वर्ग 11 बजे से 12 बजे के मध्य प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। यह जानकारी निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने दी है।

# अश्लील वीडियो दिखाकर नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़, आरोपी हिरासत में

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत में जानवर चराने गयी एक बच्ची के साथ अधेड़ ने अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़छाड़ की। बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना के संदर्भ में जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।



थाने में बैठा आरोपी

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के एक गांव निवासी नाबालिक बच्ची बीती शाम खेत में जानवर को चराने गयी थी। वहां मौजूद एक अधेड़ ने बच्ची को अपने पास बुलाया और अपने फोन से अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। जिसका बच्ची ने विरोध किया और वहां से भागकर अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना के संदर्भ में पूरी जानकारी दी।

परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ को अपनी हिरासत में लेकर थाना जहानगंज पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# संगठन को मजबूत करने के लिए जिला महासचिव ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बैठक सदर विधानसभा के सोता बहादुरपुर में की। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष एवं जोन प्रभारियों को अपनी-अपनी कमेटी का गठन का जमा करने के निर्देश दिये है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए संगठन के लोगों को बूथ कमेटी बनाने के लिए निर्देश जारी किये है।

उन्होंने कहा कि हर हाल में बूथ कमेटी बनाकर जमा करनी पड़ेगी। मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने बताया कि जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार विधानसभा 194 सदर के सेक्टर सोता बहादुरपुर में जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने पहुंचकर बूथ कमेटियों का गठन किया। इस मौके पर ब्रजेश पाल, निज़ाम अंसारी, विमल प्रताप सिंह चौहान, मुख्तार आलम, वसीम अंसारी, जियाउल हक, अकलीम खां आदि मौजूद रहे।



बैठक लेते इलियास मंसूरी

# आवारा गौवंशों का आतंकः लड़ते-लड़ते घुसे दुकान में, मची भगदड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला नया गनीपुर, पुराना गनीपुर, सिरमौरा बांगर, रायपुर, सलेमपुर, नगला हीरासिंह, नगला बारंग, नगला जोधा व विकास खण्ड के अन्य गांवो व खेतों में आवारा गौवंशों का झुंड घूमता दिखायी देगा। वहीं हर रोज खंड विकास कार्यालय के गेट के सामने कई गौवंशो को देखा जा सकता है। बतो चले कि सड़क पर घूम रहे आवारा पशु मार्ग पर चलने वाले वाहनों पर भी हमला कर देते है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है।



दुकान में घुसी गाय को निकाला दुकानदार

शनिवार शाम लगभग 6 बजे नगर के मुख्य बाजार के मार्ग पर दो आवारा सांड लड़ रहे थे। दोनों एक दूसरे पर हमला करते हुए बाजार की एक दुकान में घुस गये।वहीं गाये दोनों साड़ों के लड़ने से एक जूते चप्पल की दुकान में जा घुसी। दुकान में खरीदारी करने आए ग्राहक व दुकानदार पशुओं का झगड़ा होते देख अपने आप को बचाने के लिए दुकान से बाहर भाग खड़े हुए। इतना सब कुछ नगर की सड़कों पर हो रहा है। प्रदेश सरकार लाखों रुपए आवारा गौवंशों के लिए गौशाला पर खर्च करती है, लेकिन फिर भी प्रशासन की लापरवाही से आवारा गौवंश खुलेआम सड़कों पर घूम रहे है और लोगों पर हमला कर घायल कर देते है। जिससे राहगीर, दुकानदार व वाहन चलने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।

थाना कमालगंज के उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद व हे0का0 संदीप कुमार के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी एक संदिग्ध युवक आता दिखायी दिया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के करने पर उसने अपना नाम गोविन्द उर्फ पंकज गिहार पुत्र महेश गिहार निवासी नेकपुर चौरासी एसआर कोल्ड स्टोरेज व हाल पता महरुपुर रावी बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

### जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदन निवासी जंगसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह 20 अगस्त की दोपहर लगभग 3 बजे पड़ोसी गांव गढ़िया के निकट अपने जानवरों को चरा रहा था। उसी समय जनपद एटा के थाना नया गांव के गांव नावर निवासी सुदेश कुमार आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुदेश ने तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के तहत लाभार्थी करें आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत मोहम्मदाबाद में 192 आवास तथा नगर पंचायत कम्पिल में 232 आवासों की आवासीय कालोनी का निर्माण कराया गया है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ परियोजना निदेशक डूडा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कालोनी में नि:शुल्क आवास प्राप्त करने हेतु नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन/आवासहीन व्यक्ति नगर पंचायत कार्यालय/डूडा कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों/दिव्यांग व्यक्तियों को वरीयता प्रदान की जायेगी। सभी आवेदनकर्ताओं को आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व राशन कार्ड की प्रति जमा करना होगा।

# चोरों का आतंकः दरोगा के घर में फिर दिन दहाड़े घुसा चोर, मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों थाना मऊदरवाजा के क्षेत्र निवासी दरोगा जितेन्द्र सिंह चौहान के घर से चोरों ने दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर लाखों रुपये कीमत के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गये थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं शनिवार को भी चोरों ने घर में कोई न होने का फायदा उठाकर चोरी करने का प्रयास किया। दरोगा की पुत्रवधू की सतर्कता से चोरी होने से बच गयी। घर में चोर घुसने की सूचना पर मोहल्ले वालों की भीड़ लग गयी।



घटना की जानकारी देती प्रीती चौहान

जानकारी के मुताबिक थाना मऊदरवाजा स्थित एक इंटर कालेज के पास रहने वाले दरोगा जितेन्द्र सिंह चौहान के घर से बीते दिनों ने चोर दिन दहाड़े घुस गये थे और लाखों रुपये कीमत के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गये थे। जिससे परिजनों व मोहल्लेवालों में भय व्याप्त हो गया था। सूत्रों की माने तो दरोगा की पुत्रवधू प्रीती दोपहर के समय बाईपास स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेने गयी थी। घर पर कोई नहीं था। जब प्रीती को शंका हुई तो उसने अपने भाई मोहन को फोन कर आवास देखने की बात कही और अपने घर भेजा।

जब मोहन बहन प्रीती के घर पर पहुंचा और गेट का ताला खोलने का प्रयास किया, तो घर के अंदर एक व्यक्ति दिखायी दिया। जिसे रोकने को कहा तो वह शौचलय की छत पर चढ़कर भाग गया। इसकी सूचना प्रीती को दी। मौके पर पहुंची प्रीती पुलिस को सूचना दी। मोहन ने प्रीती को बताया कि जो व्यक्ति घर में घुसा था वह काले रंग का लोवर व नीले रंग की शर्ट तथा सिर पर अंगौछा बांधे था। घर में चोर घुसने की जानकारी होते ही मोहल्ले वालों की भीड़ लग गयी। पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

# 26 अगस्त को मनायी जायेगी वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती

▸ मेधावियों के अलावा बुजुर्गों को भी किया जायेगा सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 26 अगस्त मंगलवार को ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में आयोजित होगा। प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष ने वार्ता कर बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व सांसद साक्षी महाराज, सांसद मुकेश राजपूत, पूर्व सांसद रामवक्श सिंह वर्मा व एटा के विधायक विपिन कुमार वर्मा डेविड, राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा होंगी। जनपद से पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, विधूना विधायक रेखा वर्मा, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, चरखारी विधायक बृजभूषण सिंह राजपूत होंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तम सिंह लोधी, जितेन्द्र सिंह, विजय लोधी, हरिपाल सिंह लोधी, राकेश कुमार लोधी, कांति लोधी भाग लेंगी।


वार्ता के दौरान मौजूद लोधी समाज के लोग

अध्यक्षता रामगोपाल वर्मा करेंगे। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा बुजुर्ग भी सम्मानित होंगे।

वार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश चन्द्र वर्मा, अशोक राजपूत फौजी, पंकज राजपूत, पुष्पेन्द्र राजपूत, अरविन्द राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, बेंचेलाल वर्मा, मगनलाल वर्मा, सुशील वर्मा, रामनरेश फौजी, प्रवीन कुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सोनी शुक्ला बनी भाकियू अखण्ड प्रदेश महिला मोर्चा की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के संगठन का विस्तार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोमवंशी व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार दीक्षित बबलू ने उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला को महिला मोर्चा का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है।

नरेन्द्र सोमवंशी व बबलू दीक्षित ने सोनी शुक्ला को मनोनयन पत्र सौंपा और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सहयोग मांगा।

सोनी शुक्ला ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जो दायित्व मिला है उसका निर्वाह्न करूंगी और किसानों की समस्याओं का निराकरण कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही केशव कुमार वर्मा को प्रदेश महासचिव बनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक मौजूद रहे।


सोनी शुक्ला को मनोनयन पत्र सौंपते पदाधिकारी

बबलू दीक्षित ने बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारी मनोनीत किये जा रहे है। शीघ्र ही एक कार्यक्रम होगा। जिसमें पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# संजीव अवस्थी के खिलाफ लोधी समाज ने कार्यवाही की उठायी मांग


ज्ञापन सौंपते लोधी समाज के लोग

▸ फेसबुक पर पूर्व मुख्यंत्री कल्याण सिंह के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा ने थाना कादरीगेट की पुलिस चौकी रोडवेज पर पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देकर मांग की कि पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री पदम् भूषण से सम्मानित स्व0 कल्याण सिंह के लिए फेसबुक पर संजीव अवस्थी द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। भाजपा से निष्काशित व अपमर्यादित टिप्पणी को लेकर समाज के लोगों में उबाल है। उन्होंने कहा कि वह लोधी समाज के सर्वमान्य नेता थे। टिप्पणी कर उनकी प्रतिष्ठा को आहत पहुंचाया गया। जिससे समाज की छवि धूमिल हुई है। संजीव अवस्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम वर्मा, ईश्वर दयाल वर्मा, संतोष राजपूत, विनोद राजपूत, सतीश राजपूत, लज्जाराम वर्मा, कौशलेन्द्र राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।


समस्या सुनते डीएम मौजूद एसपी

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस का आयोजन विकास खण्ड शमशाबाद के थाने में डीएम व एसपी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। दूर दराज से शिकायतकर्ता की समस्यायें सुनी गयी तथा कुछ का मौके पर निस्तारण कर दिया। बांकी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समय से निपटारा करने के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन शमशाबाद थाने में किया गया। डीएम, एसपी ने जन-सुनवाई की व आये हुए शिकायतकर्ताओ की शिकायतें सुनी व उनके समाधान के लिये संबंधित को निर्देशित किया। सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि से संबंधित रही। वहीं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। बांकी शिकायतों को संबंधित अधिकारी को समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर थानाध्यक्ष व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कबड्डी एसोसिएशन की कमेटी का हुआ विस्तार

▸ जिला व राज्य स्तर पर प्रतियोगिता कराने का लिया गया निर्णय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला कबड्डी एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा की बैठक मसेनी स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता हर्षबर्धन कटियार ने की। गत वर्ष 2024-25 में जनपद के खिलाड़ियों ने मण्डल एवं राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया। उनकी आख्या सचिव कुलदीप यादव ने प्रस्तुत की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वर्ष में दो प्रतियोगितायें जनपद स्तर की, एक प्रतियोगिता राज्य स्तर पर एसोसिएशन द्वारा आयोजित करायी जायेगी। प्रदेश स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ियों कबड्डी खेल एवं अन्य सुविधायें एसोसिएशन द्वारा देनी होगी। साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रदीप कुमार जायसवाल उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, महिला उपाध्यक्ष वीना गौतम, सदस्य राजीव कुमार श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार पाल, विपिन कुमार, केशव गंगवार बनाये गये। साथ ही दो सदस्य राज्य स्तर के खिलाड़ी चंदन कुमार, सनी यादव को बनाया गया। अध्यक्ष अर्जुन विक्रम सिंह ने राज्य स्तरीय निर्णायक परीक्षा पास कर जनपद का गौरव बढ़ाने वाले अरुण कुमार, सुभाष चन्द्र, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य के साथ राष्ट्रीय स्तर की रेफरी की परीक्षा प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाने वाले कुलदीप यादव आदि को भी सम्मानित किया गया। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कटियार ने किया। इस मौके पर सुभाष चन्द्र यादव, अरुण कुमार, आलोक यादव, मनीष कुमार, जितेन्द्र कुमार, सपना यादव, अतुल कटियार, सुमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर उम्रदराज शिक्षकों को संगठन ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर माध्यमिक वरिष्ठतम शिक्षकों को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। एवी इंटर कालेज शमशाबाद के सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वनाथ गोस्वामी शास्त्री जिनकी उम्र 103 वर्ष है, जो 1983 में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मिश्रा व जिला मंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने माला व अंगवस्त्र पहनाकर तथा शाल ओड़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अवकाश प्राप्त प्रवक्ता चंद्रप्रकाश, प्रमोद चन्द्र गंगवार, सतीश चन्द्र गंगवार ने भी उनसे आशीर्वाद लिया। साथ ही डीएवी इंटर कालेज रजला मई के शिक्षक सरनाम सिंह गंगवार 30 जून 1989 को अवकाश ग्रहण किया। उनकी उम्र 96 वर्ष की है उनके गांव जाकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। दोनों अध्यापकों के सेवाकाल का स्मरण किया गया। इस मौके पर संगठन के लोग मौजूद रहे।

### पाल सेना के जिलाध्यक्ष ने विधायक पूजा पाल का किया समर्थन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पाल सेना के जिलाध्यक्ष पंकज पाल ने जारी विज्ञप्ति कर विधायक पूजा पाल का समर्थन किया। पंकज पाल ने कौशाम्बी की विधायिका पूजा पाल का समर्थन करते हुए कहा कि सपा के मुखिया ने पूजा पाल को निष्कासित कर चेतावनी देने का काम किया। जबकि माफियाओं का संरक्षण देना गलत है। पूजा पाल द्वारा मुख्यमंत्री की तारीफ करना उन्हें अच्छा नहीं लगा और निष्कासित कर दिया। ऐसे में पीडीए का नारा देना ठीक नहीं है। पाल समाज उनसे हटने लगा है। पाल समाज ने उन्हें महिला विरोधी बताया और पूजा पाल के सम्मान में पाल समाज खड़ा है।

### पैसों व जमीन विवाद में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर हुयी मारपीट एक जगह जमीन के पैसों को लेकर तो दूसरी जगह आपसी कहां सुनी में मारा पीटा गया। पीडितों द्वारा जैदपुर थाने में शिकायत करने पर,पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुडिया पत्नी स्व नन्द किशोर ग्राम रसूलपुर ने थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि वो अपने खेत गाटा संख्या 200 रकबा 0.255हे0 की भूमि मिट्टी कुल 3,20,250 रुपये में भट्ठा मालिक आलोक वर्मा पुत्र सतीश व मनोज वर्मा पुत्र सतीश व भट्ठे के मैनेजर राजेश पुत्र अवध सरन निवासीगण ग्राम हरख थाना जैदपुर को सन् 2016 में दिया था प्रति बीघा 1 लाख 25 हजार 500 रूपये के हिसाब से देना तय हुआ था। उक्त कुल धनराशि 3,20,250 रुपये में से 2,29,500 रुपये प्राप्त कर चुकी है। अब शेष धनराशि 90,750 गुडिया उसका पुत्र शिवम कुमार कई बार उपरोक्त विपक्षीजनो से पैसा मांगा आज कल का बहाना बताकर टालते चले आ रहे है। दिनांक 27.05.2025 को समय करीब 4.30 बजे उपरोक्त विपक्षीजन भट्ठे पर पुनः गुडिया उसका पुत्र शिवम कुमार व देशराज गया।उक्त शेष बकाया रुपया मागा तो उपरोक्त तीनों मिलकर गन्दी गन्दी मां बहन व अनुसूचित जाति चमारिन की गालियां देते हुए भट्ठे पर मौजूद तमाम लोगों के सामने लात घूसों व थप्पड़ों से मारपीट कर जलते हुए भट्ठे में डाल कर जान से मारने की धमकी दी।

# मण्डलीय जूडो प्रतियोगिता में कानपुर नगर का रहा दबदबा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलीय विद्यालयी जूडो प्रतियोगिता का आयोजन क्रिश्चियन इंटर कालेज में शनिवार को हुआ। जूडो मण्डली प्रतियोगिता में कानपुर, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद की टीमों ने प्रतिभाग किया। जूनियर व सीनियर वर्ग के बालकों ने दमखम दिखाया। क्रिश्चियन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फाइट शुरु कराकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। समिति द्वारा पात्रताओं की जांच की गई। मुख्य भूमिका में देवेन्द्र सिंह, केशव कुमार गंगवार, अभिषेक अवस्थी, आरपी यादव रहे। निर्णायक मण्डल में अतुल दास, शिवसेवक शर्मा, आशीष कुमार शुक्ला, संजय कनौजिया रहे। कानपुर नगर टीम से मैनेजर आशीष शुक्ला, नीता त्रिपाठी एवं कन्नौज से संजय कनौजिया, ओमशंकर त्रिवेदी, इटावा से शाहिद अख्तर व मोहम्मद नाजिस इकबाल मौजूद रहे।

फर्रुखाबाद रहा दूसरे नम्बर पर

प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक पाकर कानपुर नगर प्रथम रहा। मुख्य रुप से बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के छात्रों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में मुख्य रुप से अतुल एंथोनी दास जिला क्रीड़ा सचिव, राहुल मैसी, अविनाश डेविड, गौरव एविल, सुनील सक्सेना ने सहयोग किया। बालिका वर्ग अंडर 14 में 27 किलो भार वर्ग में आराध्या कानपुर प्रथम, 32 किलो भार वर्ग में चाहत कानपुर विजेता। 36 किलो भार वर्ग में इटावा की अनविका विजेता। 40 किलो भार वर्ग में अनन्या शर्मा कानपुर विजेता। 44 किलो भार वर्ग में परिधि इटावा विजेता। 44 किलो भार वर्ग में परामिता कानपुर विजेता। 17 आयु वर्ग 36 किलो भार वर्ग में वैष्णवी कानपुर विजेता। 40 किलो भार वर्ग में साक्षी कश्यप कानपुर विजेता। 44 किलो भार वर्ग में निधि कानपुर विजेता। 52 किलो भार वर्ग में सिन्ड्रैला शेयरिंग कानपुर विजेता। इशिता चौधरी 63 किलो भार वर्ग में कानपुर विजेता। 70 किलो भार वर्ग में निष्ठा कानपुर विजेता। 57 किलो भार वर्ग में कोमल फर्रुखाबाद विजेता। 19 आयु वर्ग में 40 किलो भार वर्ग में कानपुर की संस्कृति विजेता। 44 किलो भार वर्ग में नर्मिता कानपुर विजेता। 48 किलो भार वर्ग में प्रज्ञा फर्रुखाबाद विजेता। 52 किलो भार वर्ग में रिया वर्मा फर्रुखाबाद विजेता। 70 किलो भार वर्ग में जया चौहान फर्रुखाबाद विजेता रही।


प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विजेता खिलाड़ी

### रिश्तेदारी में आई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव निवासी सत्यपाल की 25 वर्षीय पत्नी खुशी आसीवन थाना क्षेत्र के मुंशीगंज के राधाखेड़ा गांव अपनी ननद के यहां गयी थी पति गैर प्रांत मजदूरी करने गया था। खुशी की संदिग्ध परिस्थितियों राधाखेड़ा गांव में शुक्रवार रात मौत हो गई। शनिवार सुबह उसके रिस्तेदार शव को मिर्जापुर अजिगांव ले आये जहां महिला खुशी की मौत को संदिग्ध बता ग्रामीण चर्चा करते रहे लेकिन किसी ने पुलिस को सूचना नही दी। पति के आने पर गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि खुशी ने सत्यपाल के साथ चार साल पहले प्रेम विवाह किया था।

**INFORMATION**

I have changed my name from Shivram Singh to Rohit Kumar. Shivram Singh and Rohit Kumar are the names of the same person. In future I should be known as Rohit Kumar.

**Shivram Singh S/O Ramasare resident of village Gopalpur post Yakutganj, Farrukhabad**

# भाकियू की मासिक बैठक में किसानों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर हुई चर्चा


बैठक में मौजूद किसान नेता

▸ 27 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष हथियापुर में जनसभा को करेंगे सम्बोधित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। आगामी 27 अगस्त को यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर रणनीति बनायी गई। कस्बा नवाबगंज स्थित मोहम्मदाबाद रोड पर एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की समीक्षा सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर चर्चा की गई। एक्सप्रेस वे पर एक कट पर 1000 बीघा जमीन किसानों की ली जा रही है। जिसको किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसी भी किसान की जमीन को अनर्गल तरीके से सरकार को नहीं लेने देंगे। वहीं सरकार द्वारा कोई भी किसान हित में बात नहीं की जाती है जो भी बात सरकार करती है वह है किसान विरोधी होती है। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शाक्य ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि वह किसी भी कीमत पर किसी भी किसान का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष हथियापुर में आकर के जनसभा को संबोधन करेंगे और सरकार का विरोध करेंगे। इस मौके पर लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, छावनाथ शाक्य, सुग्रीव पाल, राजू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सिल्संडा वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 23/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत सिल्संडा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24/08/2025 से 30/08/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30/08/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | राकेश के घर से देवेन्द्र के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2.57 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामशंकर के घर से गोरेलाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(देव सिंह) ग्रा0पं0 सिल्संडा, वि0ख0 नवाबगंज सचिव-(कुलदीप सिंह)

# श्रीराधा शक्ति श्याम मंदिर में मनाया गया दादी राणी सती का प्राक्ट्य उत्सव


भजन गाते आकाश तनवर मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराधा शक्ति श्याम मंदिर लोहाई रोड पर शनिवार को दादी राणी सती का प्राक्ट्य उत्सव मनाया गया। भद्र शुक्ल की अमावस्या पर श्रीमद् भगवत को मारवारी समाज द्वारा प्राक्ट्य उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रातः मंगला दर्शन के साथ मारवारी समाज ने दादी का दिव्य एवं भव्य दर्शन किये। मंगलमय् स्वास्तिक चिन्ह बनाकर अपने परिवार की मंगल कामना की और विधिवत उनका पूजन रोली, मेहंदी, हरा नारियल, पंचम मेवा, मिष्ठान, पुष्प आदि से पूजन किया। लोक भजन गाकर आनंद मनाया गया। भजन गायक आकाश तनवर ने मारवारी समाज की राणी सती दादी महिला शक्ति मण्डल ने ढोलक की थाप पर राजस्थानी भजन भाई-रे थारी ज्योति जलाई सबाई-रे, दादी खोल दे खजाना थारो शावर आया-रे। गजानन पधारों संकीर्तन गाया गया। बाला जी का सालासार में सजा दरवार आदि गीत गाय गये। सायंकाल भजन प्रस्तुत हुए और ज्योति जलाई गयी। बच्चों ने दादी का बचपन, सोलह श्रंगार किया। महाप्रसाद में छप्पन भोग आदि लगाये गये। इस मौके पर पवन अग्रवाल, सुरेन्द्र सफ्फड़, हर्षित सिगतिया, जितेन्द्र अग्रवाल, रोहित सफ्फड़, अरुण जालान, गिरधर अग्रवाल, संजीव सिगतिया, बृजकिशोर सिंह किशोर आदि लोग मौजूद रहे। सोनू पंडित ने महाआरती सम्पन्न करायी। प्रसाद वितरण किया गया।

### नौ दिवसीय रासलीला कार्यक्रम का शुभारम्भ

**भरथना इटावा।** महावीर जी महाराज मोती मन्दिर (लंगूर की मठिया) पर नौ दिवसीय रासलीला कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया। 22 अगस्त से 30 अगस्त तक चलने वाली उक्त रासलीला में प्रतिदिन सांय 8 बजे से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का दर्शन कराया जायेगा। बीती शुक्रवार की रात्रि पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व जि0पं0स0 मनोज यादव बण्टी ने संयुक्त रूप से पूजन अर्चन उपरान्त फीता काटकर रासलीला कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा राधाकृष्ण की झाँकी के दर्शन किये। इसके बाद प्रियाकान्त राधाकृष्ण रासलीला मण्डल श्रीधाम वृन्दावन के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का दर्शन कराया तथा मन्दिर समिति पदाधिकारियों ने आगन्तुक अतिथियों का पट्टिका पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल**
जनपद : फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश-209505)

E-Mail: ulbkampil@gmail.com Con. No. : 05690-297431

पत्रांक- 313/न0पं0कम्पिल/नि0सू0/2025-26 दिनांक 23/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में पंजीकृत निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कम्पिल वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय के जलकल प्रागंण के किनारे नाला एवं सी0सी0 निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये शीलबन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 25.08.2025 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने का दिनांक 01.09.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। कार्य के आगणन की 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य को ऑनलाइन नगर पंचायत कम्पिल में भारतीय स्टेट बैंक कम्पिल के खाता संख्या-43182181216, आई0एफ0एस0सी0 कोड SBIN0017587 में अथवा ऑफलाइन कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल में एम0एस0सी-5 द्वारा जमा कराया जा सकता है। धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य के कोई भी निविदा स्वीकार्य नही होगी। किसी भी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना सूचना के निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त नियम व शर्तों की जानकारी के लिये किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल में आकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 01.09.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी। नियत दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उसे निरस्त समझा जावेगा।

| क्र | मद | कार्य का नाम | अनुमनाति धनराशि (with 18%GST) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त आयोग | नगर पंचायत कम्पिल में जलकल प्रांगण के किनारे नाला एवं सी0सी0 निर्माण कार्य | 8,14,767/- | 16,500/- | 500/- | 01 माह |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद

(राजवती )
अध्यक्ष
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद

## खबरें एक नजर में

### बारिश से कच्चा मकान धरासाई, गृहस्थी का सामान नष्ट



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शनिवार की सुबह से हो रही बारिश के दौरान कच्चा मकान गिरकर धरासाई हो गया। कच्चा मकान गिरने से उसमे रखा खाद्य सामग्री व गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट को गया कच्चा मकान के गिरने से गृहस्वामी को बारिश के मौसम में परेशान होना पड़ रहा है पीड़ित ने क्षत्रिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को दे दिया है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी बनवारी पुत्र मेवालाल कच्चे मकान में रहकर गुजर बसर करते है की शनिवार की दोपहर कच्चे मकान का पीछे का हिस्सा भरभराकर गिर गया जिससे मकान के अंदर रखा खाद्य समाग्री व गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने मकान के क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिया है। जिससे महिलाओ को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति दिलाई जा सके।

### सर्पदंश से महिला अचेत, भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी महिला शनिवार की दोपहर घर से कुछ दूर स्थित कूप से पानी लेने के लिए जा रही थी कि महिला के पैर में किसी सर्प ने दंश लिया। जिस पर महिला घर आकर सर्प दंश की बात परिजनों को बताई और अचेत हो गई। महिला के परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी विनीत मिश्रा की 25 वर्षीय पत्नी साधना मिश्रा घर से कुछ दूर स्थित कूप से पानी लेने के लिए जा रही थी कि महिला को सर्प ने पैर में दंश लिया। जिस पर महिला घर आकर सर्प दंश के बारे में परिजनों को बताया और अचेत हो गई महिला के परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। महिला की हालत सामान्य है।

### चौकी से गिरने से अबोध बच्चे की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी अबोध बच्चे की शनिवार की दोपहर चौकी से नीचे गिरने से मौत हो गई बच्चे के परिजनों द्वारा बच्चे को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे को मृत घोषित करने पर बच्चे के परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन रोने बिलखने लगे बच्चे के शव को घर लेकर चले गए। थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी संतोष कुमार का 9 वर्षीय अबोध पुत्र सौभाग्य घर में चौकी पर सो रहा था कि अचानक चौकी से नीचे गिर गया और बच्चे की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे बच्चे के परिजनों द्वारा बच्चे को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे के मौत की सूचना पर बच्चे के परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन रोने बिलखने लगे और बच्चे के शव को घर लेकर चले गए।

### अंजनी को रामलीला समिति ड्रमंडगंज के अध्यक्ष की कमान

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यज।** दुर्गा मंदिर परिसर ड्रमंडगंज में हुई स्थानीय नागरिकों की बैठक में आगामी 17 सितंबर से होने वाले रामलीला मंचन कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में रामलीला कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में अंजनी सोनी को सर्व सम्मति से रामलीला समिति ड्रमंडगंज का अध्यक्ष चुना गया। राजेंद्र गुप्ता, अनिल केशरी, कृष्ण गोपाल केशरी बाबा, आशीष गुप्ता तथा विजय शंकर पाल को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया। रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुभाष सोनी व विकास केशरी को सौंपी गई है। शिवम केशरी, अनूप केशरी व सुशील केशरी को महामंत्री तथा बैजू केशरी, हजारी प्रसाद केशरी व अनूप केशरी को मंत्री बनाया गया है। खंड संघ चालक तारकेश्वर केशरी को रामलीला समिति के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि लवकुश केशरी, ओंकार नाथ केशरी व सतीश केशरी को कार्यक्रम प्रभारी का पदभार सौंपा गया है।

### तीन दिन से अंधेरे में डूबी मधोर बस्ती, ग्रामीण परेशान

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डिघिया ग्राम पंचायत के मधोर बस्ती के लोग इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। बीते तीन दिनों से बस्ती में अंधेरा पसरा हुआ है बरसात के मौसम में बिजली गुल होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। गांव निवासी परशुराम पटेल, मूलचंद पटेल, चरन सिंह, दिनेश आदि ने बताया कि बिजली आपूर्ति तीन दिन से बस्ती में ठप है। इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं किया गया ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में अंधेरे में रहना सबसे बड़ी मुसीबत है। अंधेरे का फायदा उठाकर जहरीले जीव–जंतु और सांप–बिच्छू घरों में घुस आते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। शाम ढलते ही पूरी बस्ती अंधेरे में डूब जाती है, जिससे लोगों का आना–जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि तत्काल टीम भेजकर तार व फाल्ट की मरम्मत कराई जाए, ताकि बरसात के मौसम में उन्हें अंधेरे से राहत मिल सके। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत रमाशंकर का कहना है कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

# साइकिल जन जागरण यात्रा में दिखा उत्साह

## सड़क से लेकर सदन तक समाजवादियों का संघर्ष लगातार रहेगा जारी : सत्यप्रकाश

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

396, नगर विधानसभा के अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव एवं कोन ब्लाक के अध्यक्ष राममिलन यादव के नेतृत्व में साईकिल जन जागरण यात्रा पुरजागीर चौराहा से, सारीपट्टी वा स्थान सागरपुर, प्रजापतिपुर, विष्णुपट्टी, तिलठी, श्रीपट्टी, मवैया, जगदीशपुर, लखनपुर, मझिगवां, चील्ह, मधुसूदनपट्टी होते हुये चेकसारी समापन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, किसानों की दुर्दशा, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, छात्रों की फीस वृद्धि, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और महिला सुरक्षा जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर







सदन तक समाजवादियों का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़, किसानो को खाद दो, पानी दो, बिजली दो आदि मुद्दों को लेकर साईकिल जन जागरण यात्रा निकाली गई। कहा कि बाबा साहेब के संविधान के रक्षा के लिये पी0डी0ए0 के लोग एकजुट हो गये है। साईकिल जन जागरण यात्रा में पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्योति त्रिपाठी, परवेज खां, अनुप त्रिपाठी, अंकुश यादव, दुर्गा सिंह, अमित यादव, संदीप भारतीय, शिवलाल यादव, रामराज यादव, पतलू यादव, रब्बु मल्लाह, कलन्दर यादव, पिन्टू यादव, जयशंकर, नरेन्द्र, शराफतउल्ला, रामधनी, आशीष यादव, देवा, आदि शामिल थे। इसी क्रम में छानबे आंशिक के अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में साईकिल यात्रा निकाली गई।

### वोट चोर, गद्दी छोड़ आह्वान के साथ सपाइयों ने निकाली साइकिल यात्रा



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** प्रदेश आह्वान पर सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ो की संख्या मे जन जागरण साइकिल यात्रा निकाली गई जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रमोद केशरी व पूर्व नगर अध्यक्ष सदानंद यादव साइकिल यात्रा के प्रभारी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग बिका हुआ है और भाजपा से मिला हुआ है चुनाव आयोग एवं भाजपा में कोई फर्क नहीं रहा है। वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ हम लोग पूरे नगर में साइकिल जन जागरण यात्रा निकालकर लोगों को संदेश दिए कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाएंगे और केंद्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे है साइकिल यात्रा में उपस्थित प्रमुख लोगों में राम जी त्रिपाठी,हाफिज रोशन अली, बाबूलाल प्रजापति मजदूर सभा नगर अध्यक्ष,मुरारी यादव , डॉ मोव इस्लाम नगर महासचिव मोहन यादव ,रजायत खान युवजन सभा नगर अध्यक्ष,रामभरोस यादव ,रिजवान अहमद, अनिल केशरी, सफीक अहमद, किस्मत कुशवाहा, शमशेर अली, राजेश पटेल, रमजान अली, राजेश मौर्या, अब्दुल समद, संदीप मौर्या, मो अजीम, रियाज अहमद, गोपाल सोनकर, इनामुल हसन सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एक वर्ष में दो परीक्षाएं टाप कर बढ़ाया मान

> एम्स व नीट पीजी में टाप कर अपने बाबा डॉक्टर एसएन प्रसाद के सपनों को किया साकार

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।**

नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 6 सिविल लाइन निवासी डॉक्टर तिलक श्रीवास्तव ने जहां अपने बाबा के सपनों को साकार किया वहीं वह एक वर्ष में दो परीक्षाएं एम्स नीट पीजी की परीक्षा पास कर जनपद महराजगंज को बुलंदियों पर पहुंचाया है। प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत आनंद नगर के वार्ड नंबर 6 सिविल लाइन निवासी संजय श्रीवास्तव के पुत्र डॉक्टर तिलक श्रीवास्तव का एम्स में 936 वा रैंक प्राप्त करने एवं नीट पी जी मैं 8109 रैंक प्राप्त कर डॉक्टर तिलक के द्वारा एक वर्ष में दो-दो परीक्षाएं टाप करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

पिता संजय श्रीवास्तव एवं मां गौरी



श्रीवास्तव ने बताया कि उनके दो पुत्री व एक पुत्र है, जिसमें बड़ा पुत्र, बड़ी पुत्री ने अपने बाबा डॉक्टर एस एन प्रसाद को आदर्श मानकर पढ़ाई किया और जो सपना उनके बाबा ने देखा था उसको सभी बच्चों ने साकार किया है।

डॉक्टर तिलक श्रीवास्तव की पढ़ाई स्थानीय नवजीवन मिशन स्कूल से कक्षा 12 तक हुई थी डॉक्टर तिलक ने एमबीबीएस की पढ़ाई श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज बरेली से किया है एव हाई स्कूल इंटरमीडिएट में टॉप किए थे और कड़ी मेहनत से आज चिकित्सा क्षेत्र के शीर्ष स्थान पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि नीट पीजी में अच्छा रैंक प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश के किसी भी मेडिकल कॉलेज में स्थान प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा। डॉक्टर तिलक श्रीवास्तव के एक वर्ष में दो दो परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया बधाई देने वालों में विधायक वीरेंद्र चौधरी,पूर्व विधायक शिवेन्द्र सिंह चौधरी पूर्व विधायक विनोद मणि तिवारी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला जिला महामंत्री प्रमोद त्रिपाठी, रविंद्र नाथ शुक्ला,पूर्व सभासद स्टेनली खान, शौकत अली खान देवी शरण दुबे रवि श्रीवास्तव भारतेंदु मिश्र,मुकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दिया है।

### दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रही कार को ग्रामीणों ने पीछा करके पकड़ा

**कई जगह से ठोकर मारती कार को लेकर भाग रहा चालक जाम में फंसा, तीन फरार, चालक पुलिस की गिरफ्त में**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सिसवा कस्बे में एक कार को स्थानीय लोगों ने गोपाल नगर तिराहे पर पीछा करते हुए पकड़ा। कार पहले निचलौल थानाक्षेत्र के ग्रामसभा खमहौरा में दुर्घटना कर भागी थी। घटना शनिवार अपराह्न की है। बिहार से आ रही कार अनियंत्रित होकर कुछ लोगों को ठोकर मार दी। ग्रामीणों ने बाइक से कार का पीछा किया। चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। फिर भी ग्रामीणों ने पीछा करना नहीं छोड़ा। जबकि कार कटहरी और सबयां में भी दुर्घटना करते–करते बची। सिसवा कस्बे के गोपाल नगर तिराहे पर जाम की वजह से कार फंस गई। पीछा कर रहे ग्रामीणों ने कार को घेर लिया। लोगों ने कार में तोड़फोड़ भी की। इस दौरान कार में सवार तीन युवक मौके से भाग निकले। कोठीभार पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया। कार सहित चालक को हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष कोठीभार धर्मेंद्र सिंह के अनुसार चालक से पूछताछ की जा रही है।

# एक लाख का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया एनकाउंटर में ढेर

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के रुद्रपुर भलुही निवासी शैलेन्द्र सिंह की हत्या व पिकअप गाड़ी लूट का रहा आरोपी एवं एक लाख रुपये का इनामी बदमाश शंकर कनौजिया को एसटीएफ वाराणसी व आजमगढ़ पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। सूत्रों के अनुसार 23 अगस्त को एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि शंकर कनौजिया अपने गिरोह के साथ आजमगढ़ में किसी बड़ी वारदात की तैयारी में है। इस पर निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में दरोगा आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह, राजेन्द्र पांडेय, मनोज यादव और विवेक सिंह की टीम ने थाना जहानागंज क्षेत्र में घेराबंदी की। गिरफ्तारी की कोशिश के दौरान शंकर ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षा हेतु की गई गोलीबारी में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने घटनास्थल से एक कारबाइन 9द्धद्ध, एक पिस्टल 9द्धद्ध, एक खुखरी तथा भारी मात्रा में जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किए।

ज्ञात हो कि शंकर कनौजिया वर्ष 2011 में दोहरीघाट क्षेत्र में लूट के दौरान विंध्याचल पांडे की हत्या कर फरार हो गया था। इसके बाद से वह लगातार अपराध की घटनाओं को अंजाम देता रहा। जुलाई 2024 में इसने महराजगंज निवासी शैलेंद्र सिंह का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी और पिकअप लूट ली थी। इस जघन्य वारदात के बाद उस पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था।पुलिस उसके अन्य अपराधों की भी छानबीन कर रही है।



